राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........ 9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, मंगलवार, 24 .मार्च 2026

वर्ष 07, अंक 170, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

मलिहाबाद-मोहन मार्ग पर भीषण सड़क हादसाः तेज रफ्तार कार ने बाइक को मारी टक्कर...03

साइबर ठगी का पर्दाफाश- दो साइबर अपराधी गिरफ्तार, मोबाइल फोन बरामद...12

# 48 घंटे से पहले ही ईरान ने यूएस राष्ट्रपति का उड़ाया मजाक- 'हॉय, ट्रंप यू आर फायर्ड'

**● यूएस राष्ट्रपति ट्रंप ने होर्मुज समुद्री मार्ग न खोलने पर ईरान को 48 घंटे में पूरी तरह खत्म करने की धमकी दी है। 48 घंटे पूरे होने से पहले ईरानी सेना ने ट्रंप को जो जवाब दिए हैं, उस पर पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा चर्चा हो रही है।**



**ब्यूरो प्रयागराज।** ईरानी जनरल जुल्फ़कारी ने चेतावनी दी कि ईरानी ऊर्जा ढांचे पर अमेरिका का कोई हमला अमेरिका और उसके सहयोगी देशों की ऊर्जा तथा तकनीकी सुविधाओं पर जवाबी हमलों को ट्रिगर करेगा। यह बयान यूएस राष्ट्रपति ट्रंप की 48 घंटे वाली धमकी के बाद आया है। सैन्य अधिकारी ने रविवार रात को टीवी संबोधन में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का मज़ाक उड़ाया और उनके प्रसिद्ध रियलिटी-टीवी कैचफ्रेज़ को दोहराकर इस्लामिक गणराज्य के ढांचे के खिलाफ व्हाइट हाउस की हालिया धमकियों को खारिज कर दिया।

खातम अल-अंबिया सेंट्रल हेडक्वार्टर्स के प्रवक्ता सेकंड ब्रिगेडियर जनरल इब्राहिम जुल्फ़कारी ने वीडियो में अमेरिकी प्रशासन को सीधे संबोधित किया, जो अब सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से शेयर किया जा रहा है। यह तंज वाशिंगटन की ओर से हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य के अवरोध को लेकर जारी 48 घंटे की अल्टीमेटम के बाद आया है। जनरल जुल्फकारी ने कहा- 'हाय ट्रंप, यू आर फायर्ड (आप हटा दिए गए)। आपको यह वाक्य अच्छी तरह पता है।' जनरल ने अपने बयान को राष्ट्रपति के अक्सर सोशल मीडिया पर इस्तेमाल होने वाले साइन-ऑफ की नकल करके समाप्त किया: 'इस मामले पर आपका ध्यान देने के लिए धन्यवाद।'

यह व्यंग्य ट्रंप के ट्रुथ सोशल पोस्ट का सीधा जवाब था, जिसमें राष्ट्रपति ने धमकी दी थी कि अगर रणनीतिक जलमार्ग अंतरराष्ट्रीय शिपिंग के लिए दोबारा नहीं खोला गया तो ईरान के पावर प्लांट्स को 'नष्ट' कर दिया जाएगा।

व्हाइट हाउस द्वारा तय की गई 48 घंटे की समयसीमा ने वैश्विक ऊर्जा बाजारों को उच्च सतर्कता की स्थिति में डाल दिया है। हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य, जो दुनिया के लगभग एक-पांचवें तेल का मार्ग है, वाशिंगटन और तेहरान के बीच जारी गतिरोध में केंद्रीय फ्लैशपॉइंट बना हुआ है।

जुल्फ़कारी ने आगे चेतावनी दी कि ईरान के ईंधन और ऊर्जा क्षेत्र पर कोई हमला अमेरिका और उसके क्षेत्रीय सहयोगियों से जुड़े व्यापक लक्ष्यों के खिलाफ तत्काल जवाबी कार्रवाई को ट्रिगर करेगा। 'अगर दुश्मन द्वारा ईरान के ईंधन और ऊर्जा ढांचे पर हमला किया जाता है, तो अमेरिका और क्षेत्र में शासन से जुड़ी सभी ऊर्जा ढांचा, सूचना प्रौद्योगिकी प्रणालियां और डिसैलिनेशन सुविधाएं निशाना बनाई जाएंगी।' उन्होंने कहा, यह जोर देते हुए कि 'युद्ध के समीकरण तेजी से बदल रहे हैं। 'ईरान की रक्षा परिषद ने सोमवार को सरकारी मीडिया के हवाले से बताया कि अगर ईरान के तटों या द्वीपों पर हमला हुआ तो वह पूरे फारस की खाड़ी में बारूदी सुरंगें बिछाकर उसे अवरुद्ध कर देगी। फ़ार्स न्यूज़ के अनुसार, उच्च स्तरीय सुरक्षा निकाय के बयान में कहा गया है, 'युद्धरत देशों के अलावा अन्य देशों के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने का एकमात्र रास्ता ईरान के साथ समन्वय करना है। '

रक्षा परिषद ने कहा, 'ईरानी तटों या द्वीपों पर हमला करने के किसी भी शत्रु प्रयास' के परिणामस्वरूप 'फारस की खाड़ी और तटों के सभी पहुंच मार्गों और संचार लाइनों में विभिन्न नौसैनिक बारूदी सुरंगें बिछाई जाएंगी।' इसमें आगे कहा गया है, 'पूरी फारस की खाड़ी प्रभावी रूप से अवरुद्ध हो जाएगी, और इसकी जिम्मेदारी धमकी देने वाले की होगी।

# इंडिगो ने एयर इंडिया के पूर्व एमडी आलोक सिंह को दी बड़ी जिम्मेदारी, चीफ स्ट्रैटेजी ऑफिसर बनकर लेंगे बड़े फैसले

**● इंडिगो के नए चीफ स्ट्रैटेजी ऑफिसर आलोक सिंह के पास 30 साल से ज्यादा का एविएशन अनुभव है. उन्होंने रणनीति, ऑपरेशन, प्लानिंग और कमर्शियल क्षेत्रों में काम किया है. वे पहले एयर इंडिया एक्सप्रेस के एमडी और सीईओ रह चुके हैं**





**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो ने सोमवार को एयर इंडिया एक्सप्रेस के पूर्व प्रबंध निदेशक (मैनेजिंग डायरेक्टर) अलोक सिंह को अपना चीफ स्ट्रैटेजी ऑफिसर (सीएसओ) नियुक्त करने की घोषणा की. यह नियुक्ति ऐसे समय में हुई है जब इंडिगो के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पीटर एल्बर्स के अचानक इस्तीफे को दो हफ्ते भी नहीं हुए हैं।

इंडिगो ने कहा कि अलोक सिंह कंपनी की लंबी अवधि की रणनीति तैयार करेंगे. वो कंपनी की ग्रोथ बढ़ाने, ऑपरेशन बेहतर करने और प्रतिस्पर्धा मजबूत करने पर काम करेंगे. उनका फोकस ग्राहक अनुभव को बेहतर करने और कंपनी की कार्यक्षमता बढ़ाने पर रहेगा. वो फिलहाल मैनेजिंग डायरेक्टर राहुल भाटिया को रिपोर्ट करेंगे, जब तक कि नए सीईओ की नियुक्ति नहीं हो जाती।

**30 साल से ज्यादा का अनुभव**

आलोक सिंह के पास 30 साल से ज्यादा का एविएशन अनुभव है. उन्होंने रणनीति, ऑपरेशन, प्लानिंग और कमर्शियल क्षेत्रों में काम किया है. वे पहले एयर इंडिया एक्सप्रेस के एमडी और सीईओ रह चुके हैं. वहां उन्होंने एयरलाइन के तेजी से विकास और सुधार में अहम भूमिका निभाई थी. इससे पहले वे एयर इंडिया और ओमान एयर में भी वरिष्ठ पदों पर काम कर चुके हैं।

उनकी नई भूमिका का उद्देश्य इंडिगो की वैश्विक विस्तार योजना को मजबूत करना है. कंपनी को और तेज, मजबूत और भविष्य के लिए तैयार बनाना और नए बाजारों में विस्तार और संचालन को और बेहतर करना है।

**ऑपरेशनल कैपेबिलिटी की बेहतरीन क्षमता**

कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर राहुल भाटिया ने कहा कि आलोक सिंह में स्ट्रेटेजिक विजन और ऑपरेशनल कैपेबिलिटी की बेहतरीन क्षमता है. उन्होंने कहा कि उन्हें एविएशन सिस्टम की व्यापक समझ है, जो हमारे लिए बेहद कारगर होगी क्योंकि हम एक अधिक मजबूत, सक्षम और भविष्य के लिए तैयार संगठन बना रहे हैं और तेजी से आगे बढ़ रहे हैं. फिलहाल, अलोक सिंह सीधे मुझे रिपोर्ट करेंगे. जैसे ही नए सीईओ पद संभालेंगे, वह उनको रिपोर्ट करेंगे।

## संक्षिप्त ख़बरें

### सड़क हादसे में युवक की मौत, मामला दर्ज





**नैनी, प्रयागराज।** नैनी कोतवाली क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार करछना क्षेत्र के रैपुरा भगनपुर निवासी संजय कुमार (पुत्र सुखलाल) 22 मार्च 2026 को बाइक से डांडी नैनी एडीए की ओर जा रहे थे।इसी दौरान एग्रीकल्चर महेवा रेलवे फ्लाईओवर के पास एक हाइवा ट्रक से उनकी जोरदार टक्कर हो गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद उन्हें तत्काल इलाज के लिए स्वरूप रानी अस्पताल, प्रयागराज में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान सोमवार सुबह उनकी मृत्यु हो गई।घटना की सूचना मिलने पर परिजन में कोहराम मच गया। मृतक के चाचा अमृत लाल प्रजापति ने नैनी थाने में तहरीर देकर हाइवा चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### लखनऊ में नगर निगम के वर्कशॉप चला बुलडोजर, महापौर सुषमा खर्कवाल ने खुद सामने बैठककर देखी कार्रवाई

**लखनऊ।** गोमती नगर में नगर निगम वर्कशॉप को सोमवार को पूरी तरह से खाली कर दिया गया। यहां बने भवन पर बुलडोजर चल गया और कुछ ही देर में भवन मलबे में तब्दील हो गया। कर्मचारियों का किसी तरह से विरोध न हो, इसके लिए महापौर सुषमा खर्कवाल, अपर नगर आयुक्त गौरव कुमार और अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव वर्कशॉप पर कई घंटे मौजूद रहे और अपनी निगरानी में ही सामान को भेजने से लेकर भवन को तोड़वाया। अब वर्कशॉप को लालबाग में नगर निगम के बालाकदर कार्यालय में शिफ्ट किया गया है, जहां पर मार्गप्रकाश विभाग का भी दफ्तर है। वर्कशॉप की जमीन पर नगर निगम का चार मंजिला नया मुख्यालय का निर्माण होना है और शासन ने भी बजट को मंजूर कर रखा है। जलनिगम की इकाई कांस्ट्क्शन एंड डिजाइन विंग को निर्माण का जिम्मा शासन ने दिया है। महापौर ने इस बात पर नाराजगी जताई कि भूमिपूजन के दिन 16 जुलाई 2024 को वर्कशाप के पुराने भवनों को खाली कराने के निर्देश दिए जाने के बाद भी अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी। इस पर उन्होंने मुख्य अभियंता ( विद्युत यांत्रिक) मनोज प्रभात को कड़ी फटकार लगाई और नाराजगी व्यक्त की। इसके बाद महापौर और नगर आयुक्त स्वयं मौके पर बैठे और तत्काल प्रभाव से भवन खाली कराने की प्रक्रिया शुरू कराई। इसके बाद कमरों से सामान निकालकर वहां बुलडोजर चलने लगा।

# एसबीआई म्यूचुअल फंड का बड़ा कदम, आईपीओ से बाजार में हलचल तय

SBI FUNDS MANAGEMENT LIMITED

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**


**ब्यूरो प्रयागराज।** शेयर बाजार में निवेश करने वालों के लिए एक बड़ी खबर सामने आई है। देश की जानी-मानी फंड हाउस एसबीआई म्यूचुअल फंड ने आईपीओ लाने की तैयारी शुरू कर दी है और इसके लिए सेबी के पास अपने ड्राफ्ट पेपर्स जमा कर दिए हैं। इस आईपीओ की खास बात यह है कि इसमें कोई नया शेयर जारी नहीं होगा, बल्कि पूरा इश्यू ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) के तहत आएगा। यानि मौजूदा निवेशक अपनी हिस्सेदारी बेचेंगे। करीब 20.37 करोड़ इक्विटी शेयर्स इस ऑफर में शामिल होंगे।

**एस बी आई के विश्वस्त सूत्रों के अनुसार**

इस प्रक्रिया के तहत प्रमोटर्स- स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और अमुंडी अपनी हिस्सेदारी कुछ हद तक कम करेंगे। एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट लिमिटेड, एसबीआई और पेरिस स्थित अमुंडी के बीच एक जॉइंट वेंचर है।

कंपनी की मजबूती का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि दिसंबर 2025 तक इसका औसत प्रबंधनाधीन फंड (क्यूएएयूएम) करीब 12.5 लाख करोड़ रुपए रहा, जिससे यह देश की सबसे बड़ी एसेट मैनेजमेंट कंपनी बनी हुई है। कुल मिलाकर, इस आईपीओ के आने से बाजार में नई हलचल देखने को मिल सकती है और निवेशकों को एक मजबूत और भरोसेमंद विकल्प मिलने की उम्मीद है।

# शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने किया चतुरंगिणी सेना का गठन; टोको, रोको, ठोको के सिद्धांत पर करेगी काम



**ब्यूरो प्रयागराज।** शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने सोमवार को लखनऊ में किए गए ऐलान के संदर्भ में गौ हत्या, ब्राह्मणों पर अत्याचार और सनातन की रक्षा को लेकर चतुरंगिणी सेना का गठन कर दिया है. बताया कि यह सेना टोको, रोको और ठोको के सिद्धांत पर काम करेगी, जिसका उद्देश्य हिंदुओं और गाय पर होने वाले अत्याचार को रोकना है. फिलहाल इस सेना में 27 लोगों की नियुक्ति की गई है।

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने काशी में बताया कि यह सेना सनातन और सनातनियों की अभिभावक के रूप में कार्य करेगी, जिसका मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज के भीतर से भय को नष्ट करना है, ताकि किसी भी सनातनी को अन्याय का सामना न करना पड़े. लोग समाज में बिना संकोच और बिना डर के अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें. उन्होंने कहा कि जब समाज को यह विश्वास होगा कि उसके पीछे एक सुगठित और शस्त्र-शास्त्र संपन्न सैन्य बल खड़ा है, तभी वह निर्भीक होकर धर्म पथ पर अडिग रह सकेगा।

शंकराचार्य ने बताया कि चतुरंगिणी सेना में 27 लोगों को आज शामिल किया गया है. यह सेना प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ते हुए 10 महीने में पूरी तरह से धरातल पर उतरकर वचनबद्ध तरीके से कार्य करेंगी। हिंदुओं के मन में इस समय भय उत्पन्न हो गया है। वह सच नहीं बोल पा रहे हैं, सच के साथ खड़े नहीं हो पा रहे हैं, उनकी मजबूरी हो गई है कि वे झूठ का समर्थन करें. उन्हें इस भय से मुक्ति दिलाने के लिए इस सेना का गठन किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि इसका सिद्धांत निर्बल का बल बनना है और उसके लिए तरीका टोको, रोको नहीं तो ठोको। टोको का मतलब है कि लोगों को गलत करने से टोकना पड़ेगा, यदि टोकने के बाद वह नहीं मानते हैं तो रोकना पड़ेगा और रोकने पर भी नहीं मानते हैं तो ठोको. उन्होंने बताया कि ठोको का मतलब सीधे उसपर प्रहार करना नहीं है, उसके ऊपर लिखित रूप से शिकायत करना, पंचायत करना जैसे जितने भी संविधान प्रदत्त अधिकार है, वह आरंभ कर दिए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि इस सेना के पास फरसा होगा और यह फरसा परशुराम जी का शस्त्र है। उन्होंने बताया कि परशुराम तपस्या करते थे, लेकिन उनके आश्रम में गाय थी और सहस्त्रर्जुन नामक राजा गायों को सताने लगा और गायों के दुख को दूर करने के लिए ऋषि पुत्र होकर भी भगवान परशुराम ने फरसे का इस्तेमाल किया, उसी का प्रतीक हमने इसे चुना है।

### पूर्व सांसद रेवती रमन पहुंचे समाजसेवी के घर, दी ईद की मुबारकबाद



**नैनी, प्रयागराज।** सोमवार को पूर्व राज्यसभा सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह नैनी क्षेत्र के मेवालाल बगिया स्थित समाजसेवी नाजिम खान के निवास पर पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने नाजिम खान को ईद की मुबारकबाद दी और आपसी सौहार्द व भाईचारे का संदेश दिया।इस दौरान समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता सुभाष चन्द्र केसरवानी भी मौजूद रहे। सभी ने मिलकर एक-दूसरे को ईद की बधाई दी और क्षेत्र में अमन-चैन एवं खुशहाली की कामना की।

# गुरुग्राम में चार वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म मामले में सुप्रीम कोर्ट सख्त, हरियाणा के डीजीपी से जवाब तलब

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**





**ब्यूरो प्रयागराज।** हरियाणा में चार साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सख्ती दिखाई है। शीर्ष अदालत ने सीबीआई- स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) की जांच कराए जाने की मांग वाली याचिका पर हरियाणा सरकार और राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने गुरुग्राम के पुलिस आयुक्त (सीपी) और मामले की जांच कर रहे अधिकारी (आईओ) को मामले के सभी रिकॉर्ड के साथ 25 मार्च को अदालत में व्यक्तिगत रूप से पेश होने का निर्देश दिया है।

सुप्रीम कोर्ट ने बच्ची से दुष्कर्म के मामले में हरियाणा पुलिस की जांच से भी नाराजगी जाहिर की और इस पर हैरानी जताई। हरियाणा के एडवोकेट जनरल को राज्य में कार्यरत महिला आईपीएस अधिकारियों के नाम सुझाने का भी निर्देश दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में यह भी कहा कि बच्ची के माता-पिता द्वारा दायर हलफनामे से पता चलता है कि पीड़ित से न्यायालय में जिस तरह से पूछताछ की गई, वह भी बेहद परेशान करने वाली है।

मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल पंचोली की पीठ ने बच्ची के माता-पिता द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए ये निर्देश दिए। याचिका में सीबीआई से जांच की मांग की गई है और हरियाणा पुलिस की जांच पर सवाल उठाए।

पीड़िता के माता-पिता की तरफ से पेश वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने अदालत को बताया कि मामले की जांच कर रहे अधिकारियों द्वारा पीड़िता माता-पिता को एफआईआर वापस लेने के लिए मजबूर किया गया। उन्होंने ये भी कहा कि जब मजिस्ट्रेट ने बच्ची के बयान दर्ज किए तो उस वक्त आरोपी भी अदालत के वेटिंग रूम में मौजूद थे, जबकि कानून आरोपी को पीड़िता के इतने करीब आने की इजाजत नहीं देता।

**मजिस्ट्रेट ने 3 साल की रेप पीड़िता बच्ची से कहा- 'सच बोलो', सुप्रीम कोर्ट नाराज**

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुग्राम में तीन साल की बच्ची के साथ कथित दुष्कर्म मामले की जांच को लेकर हरियाणा पुलिस की कार्यप्रणाली पर कड़ी नाराज़गी जताई है. अदालत ने जांच के तरीके को 'बेहद चौंकाने वाला' और 'असंवेदनशील' करार देते हुए कई गंभीर सवाल उठाए हैं. सोमवार हुई सुनवाई में कोर्ट ने इस बात पर भी आपत्ति जताई कि पीड़िता का बयान न्यायिक मजिस्ट्रेट के सामने आरोपियों के बेहद करीब बैठाकर दर्ज किया गया. अदालत ने इसे प्रक्रिया के खिलाफ बताते हुए कहा कि ऐसे मामलों में संवेदनशीलता और कानूनी प्रोटोकॉल का पालन अनिवार्य है।

यह मामला चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया सूर्यकांत, जॉयमाला बागजी और विपुल पंचोली की पीठ के सामने सुनवाई के लिए आया. सुनवाई के दौरान कोर्ट ने गुरुग्राम के पुलिस आयुक्त और जांच अधिकारी को 25 मार्च को पर्सनली पेश होने का निर्देश दिया है।

का जांच अधिकारी (IO) पहले भी पॉक्सो (POCSO) केस में रिश्वत लेने के आरोप में सस्पेंड हो चुका है और इस केस में भी परिवार को मामला आगे न बढ़ाने की सलाह दी गई. उन्होंने कोर्ट से मांग की कि गुरुग्राम पुलिस को जांच से हटाकर मामला या तो CBI को सौंपा जाए या विशेष जांच दल (SIT) गठित किया जाए. इस पर कोर्ट ने भी सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि 'चार साल की बच्ची के साथ इस तरह की असंवेदनशीलता बेहद चौंकाने वाली है.' अदालत ने यह भी कहा कि ऐसे मामलों में शिकायत का इंतजार किए बिना भी एफआईआर दर्ज की जानी चाहिए थी।

राज्य सरकार की ओर से दलील दी गई कि शुरुआत में महिला अधिकारी जांच कर रही थी, लेकिन उसके निलंबन के बाद एसएचओ ने जांच संभाली. हालांकि कोर्ट ने जांच प्रक्रिया में हुई खामियों पर असंतोष जताते हुए मामले में विस्तृत हलफनामा दाखिल करने के निर्देश दिए हैं।

# बंगाल चुनाव से पहले इलेक्शन कमीशन का बड़ा एक्शन, अब 73 रिटर्निंग अफसरों का किया ट्रांसफर





बंगाल चुनाव से पहले चुनाव आयोग ने सोमवार को बड़ा एक्शन लिया. चुनाव आयोग ने 73 रिटर्निंग ऑफिसर (आर ओस) हटा दिए हैं. इनमें से ज़्यादातर सब-डिवीजनल मजिस्ट्रेट हैं. इससे पहले, आयोग ने राज्य में कई डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट को हटाया था. राज्य में विधानसभा सीटों की संख्या 294 हैं. आमतौर पर हर विधानसभा सीट में एक रिटर्निंग ऑफिसर होता है यानी, राज्य में आर ओस की संख्या 294 है. इनमें से 73 को हटा दिया गया. आयोग ने सोमवार को इस बारे में निर्देश जारी किए आयोग ने पिछले बुधवार को राज्य के 11 ज़िलों में नए डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट नियुक्त करने के निर्देश जारी किए. इस लिस्ट में कूच बिहार, जलपाईगुड़ी, उत्तर दिनाजपुर, मालदा, मुर्शिदाबाद, मालदा, नादिया, पूर्वी बर्दवान, 24 परगना, दार्जिलिंग और अलीपुरद्वार शामिल हैं. इनमें से हर एक अपने-अपने जिले के चुनाव अधिकारी के इंचार्ज थे. जिन्हें हटाया गया, उन्हें नई पोस्ट पर नियुक्त किया गया

**चुनाव ऐलान के बाद लगातार हो रहे हैं तबादले**

राज्य विधानसभा चुनाव के शेड्यूल की घोषणा के बाद से ही आयोग एक-एक करके ब्यूरोक्रेटिक और पुलिस लेवल पर फेरबदल कर रहा है. चुनाव की घोषणा के तुरंत बाद राज्य के चीफ सेक्रेटरी और होम सेक्रेटरी को हटा दिया गया था

इसके बाद कोलकाता पुलिस कमिश्नर, राज्य पुलिस डीजी और एडीजी (लॉ एंड ऑर्डर) को एक-एक करके हटाया गया. कई डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट और छुट्टन को हटाया गया. हर मामले में, नवान्न ने हटाए गए अधिकारियों को नए पदों पर बहाल कर दिया है. वहीं, सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस ने आयोग के इस तरह के व्यवहार की निंदा की है.

**स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव को लेकर उठाए कदम**

वकील अर्क कुमार नाग ने इस बारे में हाई कोर्ट में एक पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन फाइल की है. यह मामला सोमवार को हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस सुजॉय पाल और जस्टिस पार्थसारथी सेन की बेंच के सामने सुनवाई के लिए आया. वकील कल्याण बनर्जी ने केस करने वाले की तरफ से कोर्ट में दलीलें दीं. उन्होंने ऑफिसर को हटाने के कमीशन के मकसद पर सवाल उठाए. साथ ही, उन्होंने कमीशन की अथॉरिटी पर भी सवाल उठाए. हालांकि, कमीशन ने इस मामले में चीफ जस्टिस की बेंच में ऑफिसर्स के ट्रांसफर को लेकर भी अपना रुख बताया. कमीशन के वकील ने कहा, 'फ्री और फेयर चुनाव कराने के लिए ऐसे कदम उठाए गए हैं. इन सभी फैसलों के पीछे कई वजहें हैं. पांच राज्यों में वोटिंग हो रही है, हर जगह हालात एक जैसे नहीं हैं. दूसरी जगहों पर भी ऑफिसर्स का ट्रांसफर किया गया है. हालात के हिसाब से कदम उठाए जाते हैं '

# संक्षिप्त खबरें

## एसपी आफिस के सामने कम्प्यूटर की दुकान से हो रही थीस्मैक की तस्करी, मां के साथ दो बेटे गिरफ्तार



**बस्ती।** बस्ती जिले की पुलिस नशे के कारोबारियों पर लगातार शिकंजा कस रही है। ताजा मामले मे स्मैक की तस्करी मामले मे मां-बेटों सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 113.06 ग्राम स्मैक और एक लाख रुपये नकद बरामद किए गए हैं। प्रभारी निरीक्षक मोती चन्द के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस टीम ने रविवार को आनंद नगर कटरा स्थित दीपक कंप्यूटर्स के पास छापेमारी कर नशे के कारोबार का खुलासा किया। क्षेत्रीय लोगोद्वारा जानकारी दी गई गिरफ्तार आरोपियों में 24 वर्षीय दीपक कुमार, 21 वर्षीय शिवांश गुप्ता और उनकी मां 50 वर्षीय राजकुमारी देवी शामिल हैं। सभी न्याय मार्ग, कचहरी रोड, आनंद नगर कटरा के निवासी हैं। पुलिस के अनुसार, तीनों आरोपी संगठित रूप से स्मैक की तस्करी में लिप्त थे और क्षेत्र में इसकी आपूर्ति कर रहे थे। उनके खिलाफ कोतवाली थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि दीपक कुमार और शिवांश गुप्ता के खिलाफ पूर्व में भी मारपीट और धमकी से संबंधित मामले दर्ज हैं, जिससे उनकी आपराधिक गतिविधियों में संलिप्तता की पुष्टि होती है।

## पांच साल की बच्ची संग दुष्कर्म मामले मे 19 साल का युवक गिरफ्तार

**बस्ती।** बस्ती जिले केपैकोलिया थाना क्षेत्र के एक गांव में 5 साल की मासूम बच्ची के साथ दरिंदगी के आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने रविवार को जेल भेज दिया। आरोपी की पहचान पड़ोसी युवक सुशील वर्मा (19) के रूप मे हुई। आरोप है कि शुक्रवार की शाम करीब 6:30 खेल रही पांच वर्षीय बच्ची को आरोपी उसके घर से 50 मीटर दूर झाड़ी में उठा ले गया था और मुंह दबाकर दुष्कर्म कर रहा था। खोजते हुए बच्ची की मां के पहुंचने पर आरोपी भाग गया था। इस मामले में पुलिस ने शनिवार को मासूम की मां की तहरीर पर आरोपी युवक सुशील वर्मा पर पॉक्सो, एससी-एसटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की थी। इसके बाद पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई थी। सीओ हरैया स्वर्णिमा सिंह ने बताया कि रविवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। इसके बाद आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। लेकिन इस तरह लोगों की मानवताएं गिर गई है की अबोध बच्चियों को नहीं छोड़ा जा रहा है।

## संगठन सृजन की बैठक संपन्न बूथ कमेटियों पर दिया जोर

### मंडल अध्यक्षों का किया स्वागत

**ललितपुर।** रविवार को ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय तालबेहट में अनुशासन समिति अध्यक्ष अजय तिवारी के मुख्य अतिथ्य में व जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक की अध्यक्षता में संगठन सृजन की बैठक संपन्न। बैठक में मंडल अध्यक्षों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए तथा उन्हें जिलाध्यक्ष ने माला पहनाकर एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि एकता में ही शक्ति है हमें आगामी चुनाव के लिए अभी से तैयारी शुरू करनी होगी, बूथ लेवल पर कमेटी गठित कर बूथ स्तर से तैयारी करनी होगी। इसके लिए सभी कार्यकर्ता अभी से जुट जाए। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी विनोद अवस्थी एड. ने कहा कि कांग्रेसियों को एक होकर विपक्षी पार्टियों से सामना करना होगा। कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना होगा, तभी हम आगामी चुनाव में सफलता हासिल कर पाएंगे। बैठक में मनरेगा प्रभारी जसपाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष मोहन चंदेल, ब्लॉक अध्यक्ष बृजेश शाण्डिल्य, नगर अध्यक्ष अमित बुन्देला एड., इंजी. सुनील अहिरवार, मंडल अध्यक्ष आकाश कुशवाहा, राकेश जैन, प्रवीण करण, मनोज राजा, शानू खान, सुरेश कुशवाहा, अफजल अली, हनी सोनी, धर्मवीर सिंह मोंटू, चंद्रभान, नागेश कुमार आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अज्ञात चालक पर गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज

**लालगंज,प्रतापगढ़।** दुर्घटना में किशोर की मौत को लेकर पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के समापुर गांव निवासी शिव बहादुर वर्मा पुत्र नरेश वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती 22 मार्च को सुबह करीब साढ़े ,सात बजे उसका आठ वर्षीय पुत्र रितिक साइकिल से घर की तरफ आ रहा था। आरोप है कि इसी बीच पीछे से आ रहे तेज गति के ट्रैक्टर ने जोरदार टक्कर मार दिया, जिससे रितिक की मौत हो गयी। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है।

# बस्ती में मुण्डेरवा पुलिस की सख्त कार्रवाई, मारपीट मामले के तीन वांछित आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** जिले में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मुण्डेरवा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मारपीट के एक मामले में वांछित तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर सराहनीय कार्य किया है। पुलिस की इस कार्रवाई को क्षेत्र में कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्यामकान्त एवं क्षेत्राधिकारी रूधौली कुलदीप सिंह यादव के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मु0अ0सं0-71/2026,




धारा 191(2), 131, 109, 115(2), 352, 351(3) बीएनएस से संबंधित तीन वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों में विनोद कुमार (45 वर्ष), प्रियांशु (19 वर्ष) व प्रिंस यादव (18 वर्ष) निवासी ग्राम कोहडवा थाना मुण्डेरवा शामिल हैं। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर बोदवल बाजार क्षेत्र से रविवार को करीब 2:10 बजे तीनों आरोपियों को दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। वादी ज्वाला प्रसाद यादव (53 वर्ष) द्वारा 20 मार्च 2026 को थाना मुण्डेरवा में मुकदमा दर्ज कराया गया था। आरोप है कि 19 मार्च को अभियुक्तों ने वादी व उनके पुत्र पर लाठी-डंडों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था।इस सफल कार्रवाई में थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह के साथ वरिष्ठ उपनिरीक्षक अमरनाथ यादव, उपनिरीक्षक गिरीश चन्द्र यादव, कांस्टेबल भगवान दयाल यादव, सदानंद सिंह व लवकुश यादव की सक्रिय भूमिका रही। मुण्डेरवा पुलिस की इस तत्परता से क्षेत्रीय लोगों में सुरक्षा का विश्वास और मजबूत हुआ है, वहीं अपराधियों में पुलिस का खौफ साफ नजर आ रहा है।

# गैर इरादतन हत्या के वांछित आरोपी को हर्रैया पुलिस ने दबोचा, मुखबिर की सूचना पर पुलिया के पास हुई गिरफ्तारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिलेमेंअपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत थाना हर्रैया पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी है। गैर इरादतन हत्या के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे वांछित अभियुक्त को पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक हर्रैया के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा अप.संख्या 65/2026, धारा 105 बीएनएस से संबंधित वांछित अभियुक्त योगेश पांडेय उर्फ सोनू उर्फ टिकोरी (उम्र लगभग 45 वर्ष) पुत्र रामेश्वर पांडेय, निवासी ग्राम खम्हारिया सुजात, थाना हर्रैया जनपद बस्ती को मुखबिर की सटीक सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया।



अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही थी, लेकिन वह पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था। इसी बीच विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी खम्हारिया सुजात पुलिया के पास मौजूद है। सूचना मिलते ही उप निरीक्षक इंद्रेश यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और अभियुक्त को पकड़ लिया।

गिरफ्तारी अभियान में उप निरीक्षक इंद्रेश यादव के साथ आरक्षी सत्येंद्र यादव एवं आरक्षी आनंद सिंह की सक्रिय भूमिका रही। पुलिस टीम की मुस्तैदी और समन्वय के चलते आरोपी को बिना किसी अप्रिय घटना के गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर उसे न्यायालय भेजा जा रहा है। साथ ही इस प्रकरण से जुड़े अन्य पहलुओं की भी गहनता से जांच की जा रही है, ताकि घटना से संबंधित सभी तथ्यों को स्पष्ट किया जा सके। जनपद पुलिस द्वारा अपराध और अपराधियों के खिलाफ जारी अभियान के तहत इस तरह की कार्यवाही आगे भी लगातार जारी रहेगी। पुलिस की इस सफलता से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# भाजपा नेता चन्द्रमणि पाण्डेय के नेतृत्व में पांच दिवसीय सफाई अभियान के बाद बदली मनोरमा की तस्वीर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जनपद की पावन धरा पर बहने वाली मनोरमा नदी को पुनर्जीवित करने के संकल्प के साथ वरिष्ठ भाजपा नेता व समाजसेवी चन्द्रमणि पाण्डेय सुदामा के नेतृत्व में शुरू हुआ जनआंदोलन अब ठोस परिणाम देने लगा है। एक सप्ताह सफाई अभियान के साथ मखौड़ा धाम से प्रारंभ होकर झुंगीनाथ व पंडूलघाट में भी चले पांच दिवसीय निरंतर सफाई अभियान के पूर्ण होने के उपरांत अब इसका स्पष्ट असर देखने को मिल रहा है। श्री पाण्डेय के नेतृत्व में चले इस अभियान ने यह साबित कर दिया कि यदि जनशक्ति जाग जाए, तो परिवर्तन निश्चित है। जिन घाटों पर कुछ दिन पहले तक गंदगी, कचरा और काला पानी दिखाई देता था, वहीं अब पानी अपेक्षाकृत स्वच्छ, शांत और जीवनदायिनी रूप में नजर आने लगा है। पंडूलघाट व झुंगीनाथ क्षेत्र में जल की गुणवत्ता में आए इस परिवर्तन ने लोगों को



आश्चर्यचकित कर दिया है। पांच दिनों तक लगातार चले इस अभियान में सैकड़ों स्थानीय नागरिकों, युवाओं, महिलाओं एवं श्रद्धालुओं ने श्रमदान कर एक मिसाल पेश की। यह अभियान केवल सफाई तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह जनजागरण, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक एकता का सशक्त संदेश बनकर उभरा।

इस अवसर पर चन्द्रमणि पाण्डेय 'सुदामा' ने कहा कि 'मनोरमा केवल एक नदी नहीं, बल्कि हमारी आस्था, संस्कृति और अस्तित्व की पहचान है। पांच दिनों में जो बदलाव दिखा है, वह इस बात का प्रमाण है कि यदि समाज ठान ले तो असंभव कुछ भी नहीं।' उन्होंने जिला प्रशासन की निष्क्रियता पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि जब आमजन अपने बलबूते नदी की दशा बदल सकता है, तो जिम्मेदार विभागों को भी अपनी भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही स्थायी समाधान और नियमित सफाई की व्यवस्था नहीं की गई, तो यह जनआंदोलन और व्यापक रूप ले सकता है। स्थानीय नागरिकों ने भी इस प्रयास को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि वर्षों से उपेक्षित मनोरमा नदी में पहली बार ऐसा बदलाव देखने को मिला है। लोगों ने इस अभियान को निरंतर जारी रखने और इसे एक स्थायी जनआंदोलन में बदलने का संकल्प लिया। अभियान के अगले चरण में अन्य घाटों एवं क्षेत्रों में भी सफाई कार्य को गति दी जाएगी, ताकि पूरी मनोरमा नदी को स्वच्छ और अविरल बनाया जा सके। 'पांच दिन का श्रम, वर्षों की उम्मीद – अब जागे प्रशासन, तभी बचेगी मनोरमा'

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील मुसाफिरखाना में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

**●जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु जनपद की चारों तहसीलों में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस**

**शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के दिए निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में तहसील मुसाफिरखाना में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने



शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लेकर उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना हमारी प्राथमिकता है, मुख्यमंत्री द्वारा भी जन सामान्य की शिकायतों के निस्तारण को लेकर कड़े निर्देश दिए गए हैं। किसी भी स्तर पर शिकायतों के निस्तारण में हीलाहवाली करने पर संबंधित अधिकारी, कर्मचारी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग के संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए। तहसील मुसाफिरखाना में कुल 21 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 02 का मौके पर निस्तारण कराया गया, तहसील अमेठी में 22 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 01 का निस्तारण किया गया, तहसील तिलोई में 05 शिकायतें प्राप्त हुई तथा तहसील गौरीगंज में 12 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनके शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त जनपदीय अधिकारियों को निर्देश दिए की सभी अधिकारी अपने-अपने कार्यालय में प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक जन समस्याओं को सुने तथा उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना अभिनव कनौजिया, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, तहसीलदार मुसाफिरखाना राहुल सिंह सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# शिक़ायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता से सुने और स्थलीय मौका देखकर गुणवत्तापूर्ण व ससमय समस्याओं का निस्तारण करें- डीएम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिलाधिकारी श्रीमती कृत्तिका ज्योत्स्न की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील बस्ती सदर में सम्पन्न हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों से जुड़ी शिकायतों को एक-एक कर सुनते हुए मौके पर उपस्थित सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को जनशिकायतों को निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारण के लिए निर्देशित किया। उन्होने कहा कि शिक़ायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता से सुने और स्थलीय मौका देखकर गुणवत्तापूर्ण व ससमय समस्याओं का निस्तारण करें। पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह ने भी सुनवाई करते हुए पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि थानों से संबंधित मामलों को तत्परता से निस्तारण करायें। उप जिलाधिकारी शत्रुधन पाठक् ने बताया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 61 मामलें प्राप्त हुए, जिसमें से 06 का मौके पर निस्तारण किया गया। इसमें राजस्व विभाग 20, पुलिस 14, विकास 09, चकबन्दी विभाग 07 व अन्य के 11 मामलें आये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएफओ डा. शिरीन, सीएमओ डा. राजीव निगम, डीडीओ अजय कुमार सिंह, पीडी राजेश कुमार, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. ए.के. गुप्ता, उप निदेशक कृषि अशोक कुमार गौतम, बीएसए अनूप तिवारी, मत्स्य अधिकारी संदीप वर्मा, जिला समाज कल्याण अधिकारी लालजी यादव, पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी रेखा गुप्ता, सहायक श्रमायुक्त सचिन सिंह, अधिक्षण अभियन्ता जलनिगम योगेन्द्र प्रसाद, ईओ नगर पालिका अंगद गुप्ता, तहसीलदार तथा जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## समाज में समता और संपन्नता का प्राविधान चाहते थे डॉ. लोहिया

**देवरिया।** जनपद के रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र के डुमरी स्थित सपा जनसंपर्क कार्यालय पर डॉ. राममनोहर लोहिया जयंती एवं भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव के शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस दौरान सपाइयों ने डॉ. लोहिया की 12 फीट ऊंची आदमकद कांस्य प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

सभा को संबोधित करते हुए सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि डॉ. लोहिया ने आजादी के बाद सामाजिक गुलामी झेल रहे वंचित और उपेक्षित वर्गों को मुख्यधारा में लाने के लिए 'संभव बराबरी' का सिद्धांत दिया और सामाजिक न्याय का झंडा बुलंद किया। उन्होंने कहा कि जहां 23 मार्च 1931 को भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव हंसते-हंसते फांसी पर झूल गए, वहीं 23 मार्च 1910 को जन्मे डॉ. लोहिया ने 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में जेल यातनाएं सहकर देश की आजादी के लिए संघर्ष किया।

उन्होंने कहा कि डॉ. लोहिया समाजवादी व्यवस्था चाहते थे, जिसमें सभी के लिए समता और संपन्नता का प्रावधान हो। इस अवसर पर सुरेश नारायण सिंह, अभिषेक गुड्डू गोंड, नाजिर अंसारी, लोरिक यादव, अशोक यादव, व्यास यादव, गोविंद यादव, दयानंद यादव, सतेंद्र यादव, रामप्यारे यादव, मोतीलाल प्रसाद, मोहन गुप्ता, रामअशीष यादव, संजय यादव, शंकर गोंड, नारायण प्रसाद, इंद्राशन यादव, मिथिला वर्मा, टुनटुन यादव, नगीना यादव आदि मौजूद रहे।

# माटी कला बोर्ड के तहत निशुल्क टूल्स किट्स वितरण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर - तुलसीपुर।** उत्तर प्रदेश माटी कला बोर्ड के तत्वावधान में निशुल्क मिट्टी कला टूल्स किट्स वितरण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रदेश सचिव व जिला उपाध्यक्ष दयाराम प्रजापति, जिला अध्यक्ष सीताराम प्रजापति, जिला मुख्य महासचिव विजयपाल प्रजापति सहित खादी ग्रामोद्योग विभाग के अधिकारी रोशन लाल पुष्कर, नईम खां, राजू प्रजापति, राजन प्रजापति, अभिमन्यु प्रजापति, हरिराम प्रजापति, रामशुद्ध प्रजापति, राम स्वरूप प्रजापति, सोहनलाल प्रजापति एवं संत दिन प्रजापति समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। इस दौरान पात्र लाभार्थियों को इलेक्ट्रिक चाक सहित मिट्टी कला से जुड़े आवश्यक उपकरण वितरित किए गए। करीब 30 प्रजापति समाज के लोगों को टूल्स किट्स देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया। मुख्य अतिथि कैलाश नाथ शुक्ला ने अपने संबोधन में माटी कला बोर्ड की योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि सरकार पारंपरिक कारीगरों को आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि इस तरह की योजनाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के साथ ही युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करती हैं। वहीं खादी ग्रामोद्योग विभाग के अधिकारियों ने भी माटी कला बोर्ड द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए लोगों को इनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश सचिव व जिला उपाध्यक्ष दयाराम प्रजापति ने अपने संबोधन में विधायक के माध्यम से सरकार से प्रजापति समाज के लिए मिट्टी निकालने हेतु भूमि का पट्टा दिलाने की मांग की। साथ ही उन्होंने सभी प्रजापति भाइयों से एकजुट होकर आगे बढ़ने का आह्वान किया और मिशन 2027 में भारतीय जनता पार्टी के समर्थन में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने सरकार की इस पहल की सराहना करते हुए इसे कारीगरों के लिए अत्यंत लाभकारी बताया।

# अमर हुतात्मा सरदार भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु से देश की युवा शक्ति ले प्रेरणा-ओम प्रकाश आर्य

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले में आर्य समाज नई बाजार बस्ती द्वारा वैदिक यज्ञ कर अमर हुतात्माओं सरदार भगत सिंह सुखदेव और राजगुरु को याद किया गया। इस अवसर पर ओम प्रकाश आर्य प्रधान आर्य समाज नई बाजार बस्ती ने भगत सिंह के बारे में बताते हुए कहा कि भगत सिंह के दादा श्री अर्जुन सिंह जी का यज्ञोपवीत संस्कार स्वयं 'महर्षि दयानंद सरस्वती जी' ने ही करवाया था। सरदार अर्जुन सिंह जी महर्षि दयानन्द के वैदिक विचारों से बहुत प्रभावित थे। वे महर्षि दयानंद जी के आरम्भिक शिष्यों में से एक थे। सरदार अर्जुन सिंह जी ने गुरुद्वारे से आर्य समाज तक का सफर तय किया था। वे दैनिक यज्ञ व्रती थे। जब उन्होंने अपने दोनों पोतो जगत सिंह और भगत सिंह का



यज्ञोपवीत करवाया था तब उन्होंने अपने दोनों पोतो को दाएंऔर बाएं बाजू के नीचे लेकर ये प्रतिज्ञा ली थी की मै अपने दोनों पोतो को देश की बलिवेदी पर दान करता हूँ। भगतसिंह जी के पिता जी का नाम सरदार किशन सिंह था और माँ का नाम विद्यावती था । दोनों परिवार सिख थे लेकिन उनका विवाह वैदिक रीति से हुआ था अर्थात फेरे गुरु ग्रन्थ साहिब के स्थान पर यज्ञ वेदी के फेरे लिए थे । भगत सिंह अपने दादा जी को जब भी पत्र लिखते थे तो ओ3म् और नमस्ते ही लिखते थे। भगत सिंह लाला लाजपत राय जी द्वारा संचालित नेशनल कोलेज के छात्र थे । और प्रसिद्ध आर्य विद्वान जयचन्द्र विद्यालंकार , उदयवीर शास्त्री तथा भाई परमानन्द जी के शिष्य थे । भगतसिंह का प्रसिद्ध चित्र तिरछी टोपी वाला आर्यसमाज कलकत्ता(विधान सारणी) में लिया गया था क्योंकी भगत सिंह ने लाहौर में सांडर्स को मारने के बाद वेश बदलकर वही शरण ली थी। भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के बलिदान को भारत कभी भुला नहीं सकेगा। कार्यक्रम में आदित्य नारायण गिरी, अरविन्द श्रीवास्तव, दिनेश कुमार, नितीश कुमार, शिव श्याम, रजनी मिश्रा, नीलम मिश्रा, शताक्षी मिश्रा, गणेश आर्य, रिमझिम, राजेश्वरी, विश्वनाथ, स्वप्नल, शिवांगी, अनीशा मिश्रा, ज्योति सोनी, सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# नारी सशक्तिकरण की प्रतीक स्मृति इरानी का जन्मदिवस अमेठी में धूमधाम से मनाया गया

**●अमेठी को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने वाली पूर्व सांसद के जन्मदिन पर स्वास्थ्य, दीर्घायु सफल होने की कामना को लेकर कार्यकर्ताओं ने काटा केक मंदिरों में की पूजा अर्चना**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गौरीगंज, अमेठी।** देश-दुनिया में नारी सशक्तिकरण की सशक्त आवाज एवं प्रखर वक्ता स्मृति जूबिन इरानी का जन्मदिवस अमेठी जनपद में बड़े ही हर्षोल्लास, श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं समर्थकों ने विभिन्न धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन कर उनके स्वस्थ, दीर्घायु एवं सफल जीवन की कामना की।कार्यक्रम की शुरुआत भाजपा कार्यालय में केक काटकर



की गई, जहां उपस्थित कार्यकर्ताओं ने 'दीदी' के प्रति अपना स्नेह और सम्मान व्यक्त किया। इसके पश्चात नवरात्रि के पावन अवसर पर बूढ़न माई मंदिर में प्रसाद वितरण का आयोजन हुआ, जहां श्रद्धालुओं ने माँ के चरणों में नमन कर स्मृति ईरानी के उत्तम स्वास्थ्य व लंबी आयु की कामना की।इसी क्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला के नेतृत्व में माँ कालिकन भवानी मंदिर में विधिवत हवन-पूजन संपन्न हुआ। हवन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं एवं श्रद्धालुओं ने भाग लेकर आहुति दी और उनके जीवन में निरंतर ऊर्जा, सफलता एवं जनसेवा की भावना बनाए रखने की प्रार्थना की।जनपद के विभिन्न धार्मिक स्थलों– तपेश्वर धाम, मुसाफिरखाना, दादरा स्थित माँ हिंगलाज धाम एवं अहोरवा भवानी मंदिर–में भी मंडल अध्यक्षों व कार्यकर्ताओं द्वारा विशेष पूजन-अर्चन किया गया। सभी ने एक स्वर में माँ दुर्गा से प्रार्थना की कि स्मृति ईरानी सदैव स्वस्थ, प्रसन्न एवं जनसेवा के पथ पर अग्रसर रहें।पूरा आयोजन केवल जन्मदिवस का उत्सव नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और आस्था का अनुपम उदाहरण बनकर सामने आया, जिसमें अमेठी जनपद की व्यापक भागीदारी देखने को मिली। अमेठी को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने वाली पूर्व सांसद के जन्मदिन के अवसर पर जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला, जिला महामंत्री विशुभ मिश्रा, पूर्व जिला अध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी, पूर्व जिला अध्यक्ष दया शंकर यादव, जिला उपाध्यक्ष प्रभात शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष हिंदेश सिंह, प्रवक्ता चंद्रमौली सिंह, वरिष्ठ नेता गिरीश चंद्र शुक्ला, जिला मंत्री आशा बाजपेई सहित अमेठी जनपद के सभी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी ने मंदिर में हवन पूजन कर उनके स्वस्थ और दीर्घायु रहने की कामना की।

## चतुर्थ दिवस पर रामकथा में उमड़ा जनसैलाब, भक्ति रस में डूबा गुरचिहवा धाम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पचपेड़वा (बलरामपुर)।** विकासखंड पचपेड़वा के ग्राम गुरचिहवा स्थित श्री आदिशक्ति समय माता मंदिर परिसर में आयोजित भव्य श्रीराम कथा के चतुर्थ दिवस पर श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और पूरा वातावरण भगवान श्रीराम के जयकारों तथा भक्ति गीतों से गुंजायमान हो उठा। चतुर्थ दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में तुलसीपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक कैलाश नाथ शुक्ला उपस्थित रहे। उनके साथ पप्पू मिश्रा, रामसरन गुप्ता एवं सुनील यादव भी कार्यक्रम में शामिल हुए और कथा का श्रवण किया। अयोध्या धाम से पधारे विद्वान कथावाचक ने भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, मर्यादा और धर्मनिष्ठा का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम का चरित्र मानव जीवन



के लिए प्रेरणास्रोत है और उनके आदर्शों को अपनाकर समाज में प्रेम, सद्भाव और शांति स्थापित की जा सकती है। कथा श्रवण के दौरान श्रद्धालु भावविभोर होकर भक्ति में लीन नजर आए। महिला, पुरुष एवं बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ कथा का रसपान किया। आयोजन स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया था, जिससे पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत बना रहा।

कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। यह भव्य रामकथा आयोजन न केवल धार्मिक जागरूकता बढ़ा रहा है, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक समरसता का भी संदेश दे रहा है। इस आयोजन में श्री आदिशक्ति समय माता मंदिर समिति के प्रबंधक सतीश चंद्र मिश्र की भूमिका सराहनीय रही, जिनके कुशल नेतृत्व में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है। इस अवसर पर व्यवस्थापक विनय पाठक, अजय शुक्ला, उपाध्यक्ष हरिराम प्रजापति, रामपाल यादव, सचिव गिरिजेश कुमार पांडे, संरक्षक अरुणदेव पाठक व अरुण कुमार चतुर्वेदी सहित विवेक कुमार, नीलम, रवि गुप्ता, हरीराम प्रजापति, कल्लू नेता, विनय गुप्ता, बुद्धमान पेंटर, रामलौटन मौर्य समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। मीडिया प्रभारी रमेश कुमार यादव ने बताया कि यह आठ दिवसीय श्रीराम कथा न केवल आध्यात्मिक चेतना को जागृत कर रही है, बल्कि क्षेत्र में सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक एकता को भी सुदृढ़ बना रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### रंजिश में महिला से मारपीट, चार पर मुकदमा दर्ज

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के पूरे जानकी मजरे लोधीपुर उतरावां गांव में रंजिश के चलते एक महिला के साथ मारपीट हो गई। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। गांव निवासी प्रियंका देवी ने आरोप लगाया कि वह खेत जा रही थी तभी गांव के ही राजेश चंद्र, संजय, प्रियंका समेत एक अज्ञात व्यक्ति ने मिलकर उसके साथ मारपीट की। घटना के बाद पीड़िता ने कोतवाली पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

### राष्ट्रीय बजरंग दल की बैठक में संगठन के विस्तार पर जोर




**गोला गोकर्णनाथ खीरी,** राष्ट्रीय बजरंग दल की जिला स्तरीय बैठक में रविवार को संगठन के विस्तार और मजबूती को लेकर चर्चा हुई। इस दौरान आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। जिलाध्यक्ष राकेश कनौजिया ने गांव-गांव तक पहुंच बनाकर अधिक से अधिक युवाओं को संगठन से जोड़ने पर जोर दिया। प्रदेश संगठन मंत्री रमाकांत अवस्थी ने संगठन की नीतियों और उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए अनुशासन और समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी। जिला अध्यक्ष राकेश कनौजिया ने बताया कि संगठन द्वारा जिले में 100 से अधिक हनुमान चालीसा केंद्र खोले जा चुके हैं और बताया की हमारा लक्ष्य है कि 501 हनुमान चालीसा केंद्र चलाने का हैं। सभी कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि अपने गांव मोहल्ले मंदिर धार्मिक स्थल पर हर मंगलवार व शनिवार को ज्यादा से ज्यादा हिंदू भाई सम्मिलित होकर हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे। बैठक में हनुमान चालीसा की किताब एक मुट्ठी अनाज के लिए थेले बाटे गये। जिला महामंत्री प्रदीप जायसवाल ने बताया कि दिए गए थे को में प्रति एक घर से एक मुट्ठी अनाज पूर्ति डालकर रखें जब एक महीना हो जाए तो उसे अनाज को किसी गरीब हिंदू को देदे जिससे उसकी जीव का चल जाएगी। इस मौके पर जिला मंत्री अखिलेश जायसवाल, जिला महामंत्री प्रदीप जायसवाल, विधानसभा अध्यक्ष सोनू बजरंगी, मंडल अध्यक्ष गोल्ड मिश्रा, संजय सिंह चौहान, निखिल कश्यप, रिंकल जायसवाल, अजय, अमन जायसवाल, सूरज देवल और प्रदीप राठौर समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहें।

### वनस्थली महाविद्यालय के संस्थापक का निधन



**मिर्जापुर।** जिले के अहरौरा क्षेत्र अंतर्गत वनस्थली महाविद्यालय के लिए सोमवार का दिन शोक संतप्त वाला रहा। सन 1999 में वनस्थली महाविद्यालय का नींव रखने वाले जय हिंद विद्या मंदिर के पूर्व प्रधानाचार्य सुरेश सिंह का लंबे बीमारी के चलते वाराणसी के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। बताते चलें की 1999 में जय हिंद विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य पद से रिटायर होने के पश्चात कुछ संपन्न लोगों के सहयोग से वनस्थली महाविद्यालय का निर्माण कर प्रधानाचार्य और प्रबंधक के रूप में कार्य करते रहे। महाविद्यालय में उत्तम शिक्षा व्यवस्था के लिए लोगों से चंदा इकट्ठा करते रहे और महाविद्यालयका विकास करते गए। कई विषयों के मान्यता के साथ महाविद्यालय का संचालन सुचारू रूप से किये। विगत दो-तीन वर्षों से अस्वस्थ होने के कारण विद्यालय आने में असमर्थ थे। भगत सिंह के शहीद दिवस के मौके पर संस्थापक जी ने वाराणसी के निजी अस्पताल में अंतिम सांस लिया। खबर सुनकर विद्यालय में शिक्षक और छात्र शोकाकुल हो गए। अस्पताल से शव को पहले वनस्थली महाविद्यालय दर्शन हेतु लाया गया तत्पश्चात उनके पैतृक गांव पचेवरा ले जाया गया। परिजनों ने बताया कि आज शाम 5:00 बजे हरिशचंद्र घाट पर अंतिम संस्कार किया जाएगा।

## मलिहाबाद-मोहन मार्ग पर भीषण सड़क हादसा: तेज रफ्तार कार ने बाइक को मारी टक्कर, माँ-बेटी समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल

स्वतंत्र प्रभात





**लखनऊ।** राजधानी के मलिहाबाद-मोहन मार्ग पर एक दर्दनाक और भीषण सड़क हादसा सामने आया है, जिसमें एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार परिवार को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार युवक, उसकी मां और बहन गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। मिली जानकारी के अनुसार उन्नाव जनपद के औरास थाना क्षेत्र के नेवरा घाट निवासी साहिल अपनी माता निर्मला और बहन चाहत के साथ बाइक से बाराती खेड़ा गांव में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। तीनों लोग आराम से अपने गंतव्य की ओर बढ़ रहे थे कि तभी मोहान की तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार कार (UP 32 NT 6476) ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार तीनों लोग सड़क पर गिरकर काफी दूर तक घिसटते चले गए। हादसे के बाद तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए और कुछ समय तक सड़क पर ही तड़पते रहे। घटना को देखकर आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया।

सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस और ग्रामीणों की मदद से घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया। लेकिन घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया।

स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस स्थान पर यह हादसा हुआ, वहां इन दिनों सड़क निर्माण कार्य चल रहा है। निर्माण कार्य के कारण सड़क की स्थिति खराब है और जगह-जगह अवरोध बने हुए हैं। इसके साथ ही उस क्षेत्र में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था नहीं है, जिससे रात के समय अंधेरा बना रहता है और हादसों की संभावना बढ़ जाती है।

ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग पर पहले भी कई छोटे-बड़े हादसे हो चुके हैं, लेकिन अब तक प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क निर्माण कार्य को सुरक्षित तरीके से जल्द पूरा कराया जाए और वहां स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और कार चालक की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह हादसा एक बार फिर सड़क सुरक्षा और लापरवाही से वाहन चलाने के गंभीर परिणामों को उजागर करता है। थाने पर खड़ी क्षतिग्रस्त कार और बाइक

## गैस सिलेंडर का संकट: मैसेज आया, लेकिन सिलेंडर नहीं! उपभोक्ता परेशान

● होटलों में घरेलू गैस सिलेंडर हो रहे उपयोग

स्वतंत्र प्रभात



**लालगंज (रायबरेली)।** नगर और आसपास के क्षेत्रों में घरेलू गैस सिलेंडर को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। उपभोक्ताओं को बुकिंग के बाद भी सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। चौंकाने वाली बात यह है कि मोबाइल पर डिलीवरी का मैसेज आने के बावजूद सिलेंडर घर तक नहीं पहुंच रहा। गैस एजेंसियों के चक्कर काट रहे लोग घंटों लाइन में लगने के बाद भी खाली हाथ लौट रहे हैं। वहीं दूसरी ओर होटलों में घरेलू गैस सिलेंडरों का खुलेआम उपयोग होने से लोगों में भारी नाराजगी है।

नगर निवासी राजकुमार ने बताया कि तीन दिन पहले बुकिंग के बाद भी सिलेंडर नहीं मिला, जबकि डिलीवरी का मैसेज आ चुका है। निराला नगर की संगीता पिछले दो हफ्तों से परेशान हैं। एजेंसी द्वारा केवाईसी का हवाला देकर उन्हें टरकाया जा रहा है। रामचंद्र का कहना है कि एजेंसी सिलेंडर देने में असमर्थ है और सिर्फ लंबी लाइन लगवाई जाती है। लोगों का सवाल है कि जब आम उपभोक्ता को गैस नहीं मिल रही, तो होटलों तक घरेलू सिलेंडर कैसे पहुंच रहे हैं? इस मामले में एसडीएम मिथिलेश त्रिपाठी ने कहा कि उन्हें जानकारी नहीं है, लेकिन जांच कराकर सभी उपभोक्ताओं को नियमानुसार गैस उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

### अचानक कार का दरवाजा खुलने से अधिवक्ता घायल, मामला दर्ज

**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के बेहटा चौराहा पर सड़क हादसे में घायल अधिवक्ता की शिकायत पर पुलिस ने कार चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। सरेनी थाना क्षेत्र के हुल्लापुर निवासी अजीत भास्कर ने पुलिस को बताया कि 17 मार्च को वह बाइक से तहसील जा रहे थे।

बेहटा चौराहा के पास सामने चल रही कार के चालक ने अचानक ब्रेक लगाया और दाहिनी ओर का दरवाजा खोल दिया। दरवाजे से टकराकर वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी टांग टूट गई। आरोप है कि चालक इलाज का झांसा देकर मौके से फरार हो गया। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि लखनऊ के तेलीबाग निवासी सतीश सिंह उर्फ सुरेश गौतम के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### रिश्ते की आड़ में नाबालिग को भगा ले गया,युवक

**लालगंज रायबरेली** कोतवाली क्षेत्र से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां बड़ी बेटी से शादी तय करने आया युवक छोटी बहन को ही भगा ले गया। पीड़िता महिला ने उन्नाव जनपद निवासी युवक पर नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया है।

पीड़िता के अनुसार, उन्नाव के सिम्मा, सिकंदरपुर कर्ण, बीघापुर निवासी युवक शुभम के साथ उसकी बड़ी बेटी की शादी तय हुई थी। 15 मार्च को युवक अपने परिवार के साथ लड़की देखने आया था। वापस जाते समय उसने छोटी बेटी को साथ ले जाने की जिद की, जिस पर परिजनों ने रिश्ते के भरोसे उसे भेज दिया। दो दिन बाद बेटा बहन को वापस ले आया, लेकिन आरोप है कि उसी रात करीब 12 बजे युवक फिर घर पहुंचा और चुपके से छोटी बेटी को दोबारा लेकर फरार हो गया। मामले की शिकायत पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू की। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह के अनुसार, किशोरी को बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है और आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

## संपूर्ण समाधान दिवस रास्ता अवरुद्ध, गलत निस्तारण और चकरोड विवाद की शिकायतें

स्वतंत्र प्रभात

**लालगंज (रायबरेली)।** तहसील सभागार में सोमवार को सीडीओ की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्र से जुड़ी कई समस्याएं अधिकारियों के सामने रखी गईं। बरी गांव की बुजुर्ग दिव्यांग महिला पारबती ने शिकायती पत्र देकर गांव के ही एक व्यक्ति पर जबरन रास्ता अवरुद्ध करने का आरोप लगाया।

पीड़िता ने बताया कि उसे चलने-फिरने में दिक्कत होती है, लेकिन आरोपियों ने उसके आवागमन का रास्ता बंद कर दिया है, जिससे उसे भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, बाजपेईपुर मजरे सोंडासी निवासी स्वयंवर नाथ मिश्रा ने पूर्व में दी गई शिकायत के गलत निस्तारण का आरोप लगाया। उनका कहना है कि पंचायत सचिव ने बिना सही जांच के गलत रिपोर्ट लगा दी और एडीओ पंचायत द्वारा भी ग्रामीणों से कोई जानकारी नहीं ली गई।

इसके अलावा सरेनी के गहरौली गांव निवासी सुरेंद्र प्रताप सिंह, शिवकरन, विजय बहादुर, नरेंद्र और नृपेंद्र समेत अन्य ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से चकरोड को चिन्हित कर उसकी मरम्मत कराए जाने की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ काश्तकारों ने चकरोड को काटकर अपने खेत में मिला लिया है, जिससे आवागमन में दिक्कत हो रही है। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 35 से अधिक शिकायतें दर्ज की गईं। इस दौरान सीडीओ अंजूलता की अध्यक्षता में अधिकारियों ने शिकायतों के निस्तारण के निर्देश दिए। मौके पर एसडीएम मिथिलेश त्रिपाठी, सीओ अमित सिंह, तहसीलदार शिवम राठौड़ सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## सीतापुर: नकारा ग्राम पंचायत के जसवंत नगर में शिक्षा संकल्प कार्यक्रम के तहत जागरूकता कार्यशाला आयोजित

● 'बिसवां क्षेत्र में शिक्षा अभियान तेज, पहल फाउंडेशन ने जसवंत नगर में चलाया जागरूकता कार्यक्रम '

स्वतंत्र प्रभात




**बिसवां/सीतापुर।** जनपद के विकासखंड बिसवां अंतर्गत ग्राम पंचायत नकारा के मजरा जसवंत नगर में पहल फाउंडेशन के तत्वाधान में 'शिक्षा संकल्प कार्यक्रम' के अंतर्गत एक दिवसीय जन-जागरूकता कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा ड्रॉपआउट एवं स्कूल से वंचित बच्चों को पुनः विद्यालय से जोड़ना रहा। कार्यक्रम में ' डॉ. सुधाकर का यह सपना ! शिक्षित हो हर बच्चा अपना !! ध्येय वाक्य को केंद्र में रखते हुए उपस्थित ग्रामीणों, अभिभावकों एवं बच्चों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराया गया। कार्यशाला के दौरान विभिन्न शैक्षिक गतिविधियों, संवाद सत्रों एवं जागरूकता अभियानों के माध्यम से लोगों को प्रेरित किया गया कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें।

इस अवसर पर डॉ. सुधाकर वर्मा द्वारा संचालित पहल फाउंडेशन की सराहना करते हुए बताया गया कि संस्था द्वारा जनपद सीतापुर में शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सराहनीय कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा संकल्प कार्यक्रम के माध्यम से गांव-गांव जाकर बच्चों को शिक्षित करने का अभियान समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला रहा है। कार्यशाला में फैसिलिटेटर लवलेश कुमार एवं लवकुश यादव की सक्रिय भागीदारी रही।

वहीं डॉ. चंद्रशेखर प्रजापति ने भी छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्हें नियमित रूप से विद्यालय जाने और शिक्षा को अपने जीवन का आधार बनाने के लिए प्रेरित किया। पहल फाउंडेशन द्वारा विकासखंड बिसवां के विभिन्न ग्रामों एवं पंचायतों में इस प्रकार की जागरूकता कार्यशालाओं का आयोजन निरंतर किया जा रहा है, जिससे शिक्षा के प्रति लोगों में सकारात्मक सोच विकसित हो रही है और बच्चों का भविष्य उज्ज्वल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं।

## ब्लॉक सभागार में शहीद-ए-आजम भगत सिंह के शहादत दिवस के अवसर पर एक भव्य 'पुण्यतिथि एवं न्याय सम्मेलन' का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

**महराजगंज/रायबरेली।** सोमवार को महराजगंज ब्लॉक सभागार में शहीद-ए-आजम भगत सिंह के शहादत दिवस के अवसर पर एक भव्य 'पुण्यतिथि एवं न्याय सम्मेलन' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सुशील पासी मौजूद रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को शहीद भगत सिंह के विचारों से जोड़ना और संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूक करना रहा। सम्मेलन में उपस्थित युवाओं के भारी जोश को देखते हुए यह संदेश दिया कि यह धरती परिवर्तन की सूत्रधार बनेगी। वक्ताओं ने जोर देकर कहा कि देश में न्याय, समानता और सभी को अधिकार दिलाने के लिए संविधान की आत्मा को जीवित रखना अनिवार्य है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव सुशील पासी ने कड़े शब्दों में एकजुटता का आह्वान किया। उन्होंने कहा हमें किसी जाति या धर्म की दीवारों में कैद नहीं होना है। एक भारतीय के तौर पर हमारा सिर्फ एक ही रास्ता है– संविधान। हम संविधानवादी हैं और उसी मार्ग पर चलेंगे। उन्होंने भीमराव अंबेडकर, भगत सिंह और महात्मा गांधी के सिद्धांतों का जिक्र करते हुए कहा कि देश की तरक्की का रास्ता संविधान के पालन में ही निहित है। उन्होंने इस बात पर अफसोस जताया कि अक्सर क्रांतिकारी नायकों को भुला दिया जाता है, लेकिन आज युवाओं ने भगत सिंह को याद कर यह साबित कर दिया है कि देश अब किसी भी प्रकार की मानसिक या सामाजिक गुलामी को बर्दाश्त नहीं करेगा।




इस मौके पर आमिर खान आजाद, वीरेंद्र यादव, भगवान दीन फौजी, सच्चिदानंद त्रिपाठी, मोहम्मद उमर, अखिलेश शुक्ला, जमुना पासी, संजय पांडे, अजमल खान, संकल्प पटेल, शामिद अशरफ, प्रदीप चौधरी एवं भारी संख्या में युवाओं और स्थानीय नेताओं ने हिस्सा लिया।

## लहरपुर तहसील में फ्री मेडिकल हेल्थ कैंप का किया गया आयोजन




स्वतंत्र प्रभात

**लहरपुर सीतापुर** जनरल इंश्योरेंस कारपोरेशन ऑफ़ इंडिया श्री पीतांबरा शिक्षा समिति एवं केपी सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल पारा सराय के संयुक्त तत्वाधान में एक फ्री मेडिकल हेल्थ कैंप का आयोजन तहसील लहरपुर के तहसील परिसर में आयोजित किया गया जिसमें 288 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाई दी गई और उनकी जांच कराई गई कैंप में डॉक्टर एस ए मीर एमडी मेडिसिन डॉ सौरभ जैन डॉक्टर मधुलिका राय तथा डॉक्टर हर्षित जैन एवं नर्सिंग स्टाफ मेडिकल स्टाफ के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी आकांक्षा गौतम ने कैंप का निरीक्षण करते हुए बताया गरीब निर्धन जरूरतमंद लोगों की सहायता करना ही सच्ची मानव सेवा एवं पुनीत कार्य है उन्होंने बताया उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा 70 वर्ष के आयु पूर्ण कर चुके लोगों का आयुष्मान कार्ड बिल्कुल निशुल्क बनाए जा रहे हैं। इसके अलावा आयुष्मान कार्ड धारक का 5 लाख तक का इलाज बिल्कुल निशुल्क और अच्छी सुविधाओं के साथ किया जा रहा है कार्यक्रम में मुख्य रूप से अंशुमान सिंह ऐश्वर्रय प्रताप सिंह सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद हसीन अंसारी शिवपूजन सिंह समेत क्षेत्र के नागरिक एवं लाभार्थी मौजूद रहे।

### लखनऊ से दुधवा नेशनल पार्क तक चल रही ए्ट बस का ट?िकट अब ऑनलाइन करा सकते हैं बुक, किराया 500 रुपये से भी कम




**लखनऊ।** कैसरबाग बस स्टेशन से दुधवा नेशनल पार्क गौरीफंटा तक चल रही वातानुकूलित बस सेवा का ऑनलाइन टिकट ले सकेंगे। यह बस कैसरबाग से सुबह आठ बजे चलकर सीतापुर, लखीमपुर, पलिया होते हुए दुधवा नेशनल पार्क डेढ़ बजे और गौरीफंटा दो बजे पहुंचती है। क्षेत्रीय प्रबंधक लखनऊ अमरनाथ सहाय ने बताया, तीन बजे यह बस गौरीफंटा से चलकर साढ़े तीन बजे दुधवा नेशनल पार्क पहुंचती है, वहां से पलिया, लखीमपुर व सीतापुर होकर रात्रि नौ बजे कैसरबाग पहुंचती है। ऑनलाइन टिकट बनने से अब पर्यटक आसानी से आवागमन कर सकेंगे। कैसरबाग से दुधवा नेशनल पार्क की दूरी 231 किलोमीटर और किराया 498 रुपये रखा गया है। वहीं, गौरीफंटा की दूरी 251 किलोमीटर व किराया 536 रुपये है।

## दबंगों का कहर: बुजुर्गों सहित परिवार पर जानलेवा हमला, पुलिस पर लापरवाही के आरोप


स्वतंत्र प्रभात



**महराजगंज/रायबरेल।** कोतवाली क्षेत्र के महतो का पुरवा मजरे थुलवासा गांव में दबंगों द्वारा एक ही परिवार पर जानलेवा हमला किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि हमलावरों ने धारदार हथियारों से हमला कर बुजुर्गों समेत कई लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद घायल अवस्था में पीड़ित परिवार न्याय के लिए दर-दर भटक रहा है। आरोप है कि पुलिस अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर सकी है और न ही किसी पक्ष को थाने बुलाकर पूछताछ की गई है। इससे दबंगों के हौसले बुलंद हैं और वे खुलेआम घूमते हुए पीड़ित परिवार को लगातार धमका रहे हैं।

पीड़ितों का कहना है कि यदि जल्द गिरफ्तारी नहीं हुई तो हमलावर दोबारा जानलेवा हमला कर सकते हैं। न्याय की आस में आज पीड़ित पक्ष पुलिस अधीक्षक कार्यालय न्याय प्रिय पुसिल अधीक्षक रवि कुमार से मुलाकात कर अपनी व्यथा सुनाई। पुलिस अधीक्षक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित कोतवाली प्रभारी को तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। हालांकि, खबर लिखे जाने तक पुलिस के हाथ खाली बताए जा रहे हैं और किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। इस पूरे मामले में पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं और पीड़ित परिवार न्याय की गुहार लगा रहा है।

### यूपी पुलिस के 1889 पदों पर होगी सीधी भर्ती, बोर्ड की वेबसाइट पर चेक कर सकते हैं डिटेल




**लखनऊ।** पुलिस में उप निरीक्षक गोपनीय, सहायक उप निरीक्षक (लेखा) व सहायक उप निरीक्षक (लिपिक) के 537 और कंप्यूटर ऑपरेटर के 1352 पदों पर सीधी भर्ती के लिए लिखित परीक्षा अक्टूबर में आयोजित की जाएगी।

इस संदर्भ में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने अपनी वेबसाइट पर सूचना प्रकाशित की है। बोर्ड ने यह भी स्पष्ट किया है कि सहायक परिचालकों के 44 पदों के लिए भी सीधी भर्ती को लेकर लिखित परीक्षा का आयोजन अक्टूबर या नवंबर माह में किया जाएगा। अभ्यर्थियों के लिए बोर्ड की वेबसाइट uppbpb.goiv.in पर विस्तृत जानकारी उपलब्ध करा दी गई है।

### पूर्ति निरीक्षक के सहयोगात्मक कार्य प्रणाली से लोगों को मिल रही राहत



**सिद्धार्थनगर।** तहसील शोहरतगढ़ के बढ़नी क्षेत्र में पूर्ति निरीक्षक के रूप में योगदान दे रहे राना प्रताप सिंह के कार्य व्यवहार से क्षेत्र के लोगों को कार्यों के सम्पादन में अब आसानी मिल रही है। पूर्ति निरीक्षण कार्यालय पहुंचने वाले फरियादी को निराश नहीं होना पड़ता है। राना प्रताप सिंह पूर्व में भारत की सेना में रहकर देश की सेवा कर चुके हैं, और अब वे एक पूर्ति निरीक्षक के रुप में लोगों की सेवा कर रहे हैं। राशनकार्ड उपभोक्ताओं की समस्या के समाधान में ततपरता से काम कर रहे हैं। उनके सहयोगात्मक कार्य प्रणाली से लोगों को मिल रही राहत मिल रही है। इस समय रसोई गैस की मांग अधिक होने पर गैस एजेंसियों पर उपभोक्ताओं की लम्बी कतार लगी रहती है, जिससे रसोई गैस उपभोक्ताओं की शिकायत बराबर हो रही है। कालाबाजारी की शिकायत पर इनके द्वारा हाल ही में छापामारी कर काफी संख्या में गैस सिलेंडर बरामद किया गया है। जिसकी लोग प्रसंशा कर रहे हैं। पूर्ति निरीक्षक राना प्रताप सिंह ने कहा कि गैस सिलेंडर या राशनकार्ड, खाद्यान्न आदि किसी प्रकार की समस्या आने पर उपभोक्ता कभी भी दूरभाष 84920 08527 पर या कार्यालय अवधि में तहसील मुख्यालय परिसर स्थित कार्यालय में पहुंचकर समस्या का निस्तारण करा सकते हैं।

## उधारी के पैसे मांगना पड़ा भारी: दबंगों ने दुकानदार पर किया जानलेवा हमला, मारपीट में भाई का हाथ टूटा

स्वतंत्र प्रभात

**लखनऊ।** राजधानी के मोहनलालगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत सिसेंडी गांव में कर्ज के पैसे वापस मांगना एक दुकानदार के लिए मुसीबत बन गया। उधारी चुकाने के बजाय दबंगों ने साथियों के साथ मिलकर न केवल दुकानदार की पिटाई की, बल्कि दुकान में घुसकर जमकर उत्पात मचाया। इस हिंसक झड़प में दुकानदार का हाथ टूट गया है और उनके बड़े भाई को भी गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है और पीड़ित परिवार ने न्याय की गुहार लगाई है।

प्राप्त विवरण के अनुसार, सिसेंडी निवासी प्रांशू विश्वकर्मा, जो सिसेंडी-भीलमपुर रोड पर पोस्ट ऑफिस के पास किराने की दुकान चलाते हैं, सोमवार सुबह अपनी दुकान खोलने पहुंचे थे। आरोप है कि जैसे ही दुकान खुली, गांव के ही निवासी लालजी और संतोष (पुत्र स्व. हरीराम) अपने कुछ अज्ञात साथियों के साथ वहां आ धमके। दुकान पर पहुंचते ही आरोपियों ने पुरानी उधारी के पैसे मांगने की बात को लेकर प्रांशू को भद्दी-भद्दी गालियां देना शुरू कर दिया। विरोध करने पर मामला और बिगड़ गया और हमलावरों ने लाठी-डंडों से लैस होकर दुकान पर धावा बोल दिया।

इस दौरान बीच-बचाव करने आए प्रांशू के बड़े भाई और परिजनों को भी बेरहमी से पीटा गया। दबंगों के प्रहार से प्रांशू का हाथ फ्रैक्चर हो गया है, जबकि उनके भाई के शरीर पर भी गंभीर चोटों के निशान हैं। शोर सुनकर जब तक आसपास के ग्रामीण इकट्ठा होते, आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित का कहना है कि आरोपियों ने पहले भी दुकान से उधार सामान लिया था, जिसे मांगने पर वे लगातार टालमटोल कर रहे थे और सोमवार को योजनाबद्ध तरीके से हमला करने पहुंचे थे।

इस मामले में पुलिस ने कड़ा रुख अपनाया है। थाना प्रभारी बृजेश त्रिपाठी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर नामजद आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घायलों को चिकित्सीय परीक्षण के लिए भेज दिया गया है और पुलिस की टीमें फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही हैं। पुलिस का कहना है कि कानून हाथ में लेने वालों के खिलाफ सख्त विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# स्त्री शिक्षा, सुरक्षा पर गंभीर विमर्श की आवश्यकता

किसी भी लोकतांत्रिक समाज की प्रगति का आकलन उसकी आधी आबादी अर्थात स्त्रियों की स्थिति से किया जाता है। यह तथ्य आज केवल विचार नहीं बल्कि वैश्विक विकास सूचकांकों का आधार बन चुका है। भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में स्त्री की स्थिति एक ओर उल्लेखनीय प्रगति का संकेत देती है तो दूसरी ओर गंभीर चुनौतियों की ओर भी ध्यान आकृष्ट करती है। स्त्री शिक्षा सामाजिक परिवर्तन का आधार स्तंभ होती है, बीते कुछ दशकों में भारत में स्त्री शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सुधार देखने को मिला है, बालिका नामांकन दर में वृद्धि, माध्यमिक शिक्षा में लैंगिक अंतर में कमी और उच्च शिक्षा में महिलाओं की भागीदारी ने सामाजिक संरचना को नया स्वरूप दिया है। विशेष रूप से विज्ञान, प्रौद्योगिकी, चिकित्सा और प्रशासनिक सेवाओं में महिलाओं की उपस्थिति यह दर्शाती है कि शिक्षा स्त्री सशक्तिकरण का सबसे प्रभावी माध्यम बन रही है, किंतु यह भी यथार्थ है कि ग्रामीण, आदिवासी और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों में बालिकाओं की शिक्षा अब भी सामाजिक दबाव, घरेलू श्रम और बाल विवाह जैसी समस्याओं से प्रभावित है। वर्तमान सामाजिक परिदृश्य में स्त्री की स्थिति आधुनिक भारत की स्त्री आज शिक्षा, रोजगार और सार्वजनिक जीवन में पहले की तुलना में अधिक सक्रिय भूमिका निभा रही है, पंचायत से लेकर संसद तक उसकी भागीदारी बढ़ी है और प्रशासनिक सेवाओं में महिलाओं की संख्या निरंतर बढ़ रही है, इसके बावजूद घरेलू स्तर पर निर्णय लेने की स्वतंत्रता, समान वेतन और सामाजिक सुरक्षा जैसे मुद्दे अब भी पूर्ण समाधान की प्रतीक्षा कर रहे हैं, यह स्थिति इस तथ्य को रेखांकित करती है कि कानूनी अधिकार और सामाजिक स्वीकृति के बीच अभी भी एक स्पष्ट अंतर विद्यमान है। स्त्रियों के विरुद्ध अपराध चिंता का विषय है हाल के वर्षों में महिलाओं के विरुद्ध अपराधों के स्वरूप में भी बदलाव आया है, पारंपरिक अपराधों के साथ-साथ साइबर अपराध,ऑनलाइन उत्पीड़न और डिजिटल माध्यमों के दुरुपयोग से जुड़ी घटनाएँ तेजी से बढ़ी हैं, घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न, दहेज से संबंधित मामले और सार्वजनिक स्थलों पर असुरक्षा की घटनाएँ यह संकेत देती हैं कि शहरीकरण और तकनीकी प्रगति के बावजूद सामाजिक मानसिकता में अपेक्षित सुधार नहीं हो पाया है, यह स्थिति न केवल कानून व्यवस्था बल्कि सामाजिक चेतना के स्तर पर भी गंभीर आत्ममंथन की मांग करती है। कानूनी प्रावधान और प्रशासनिक दायित्व पर एक दृष्टि डालें तो भारत में महिलाओं की सुरक्षा और अधिकारों के संरक्षण के लिए सुदृढ़ कानूनी ढांचा उपलब्ध है, जिसमें घरेलू हिंसा निषेध अधिनियम, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से संरक्षण कानून, दहेज निषेध अधिनियम तथा हाल के आपराधिक कानून संशोधन शामिल हैं, किंतु प्रशासनिक दृष्टि से चुनौती इन कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन, त्वरित न्याय और पीड़ित-केंद्रित दृष्टिकोण की है, पुलिस, न्यायपालिका और स्थानीय प्रशासन के समन्वय के बिना केवल कानूनों का अस्तित्व पर्याप्त नहीं सिद्ध हो सकता। आर्थिक सहभागिता और विकास की अनिवार्यता – स्त्रियों की आर्थिक भागीदारी को राष्ट्रीय विकास की अनिवार्य शर्त के रूप में स्वीकार किया जा चुका है, स्वयं सहायता समूहों, सूक्ष्म वित्त योजनाओं, ग्रामीण उद्यमिता और स्टार्टअप संस्कृति ने महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने के अवसर प्रदान किए हैं, फिर भी श्रम बाजार में महिलाओं की भागीदारी अपेक्षाकृत कम बनी हुई है, जिसका कारण सामाजिक जिम्मेदारियों का असमान बोझ, कार्यस्थल पर सुरक्षा की कमी और अनौपचारिक क्षेत्र में रोजगार की अधिकता है। मीडिया और सामाजिक दृष्टिकोण में मीडिया स्त्री की छवि निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, सकारात्मक उदाहरणों के साथ-साथ यह भी आवश्यक है कि स्त्री को संवेदनशीलता के साथ सम्मानजनक और संतुलित रूप में प्रस्तुत किया जाए, जिससे समाज में समानता और गरिमा का संदेश सुदृढ़ हो सके। भविष्य की दिशा और नीतिगत अपेक्षाएँ देखीं जाएं तो स्त्री की स्थिति में वास्तविक सुधार के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और रोजगार को समग्र दृष्टिकोण से जोड़ना होगा, साथ ही सामाजिक व्यवहार में परिवर्तन के लिए पुरुषों और बालकों को भी लैंगिक समानता के मूल्यों से जोड़ना अनिवार्य होगा, यह केवल महिला केंद्रित योजनाओं से नहीं बल्कि सामाजिक सहभागिता और प्रशासनिक संवेदनशीलता से संभव है।

स्त्री की स्थिति किसी एक वर्ग या समुदाय का विषय नहीं बल्कि राष्ट्र की सामाजिक परिपक्वता और लोकतांत्रिक गुणवत्ता का दर्पण है, जब तक स्त्रियाँ भयमुक्त वातावरण में शिक्षा, रोजगार और सार्वजनिक जीवन में समान अवसर प्राप्त नहीं करेंगी तब तक समावेशी विकास का लक्ष्य अधूरा रहेगा, इसलिए स्त्री सशक्तिकरण को नीतिगत प्राथमिकता के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्व के रूप में भी स्वीकार किया जाना समय की आवश्यकता है।

**संजीव ठाकुर**

# धार्मिक स्थलों को क्यों नही मिलती बंदरों से मुक्ति

धार्मिक स्थलों को बंदरों से क्यों नही मिलती मुक्ति। सबसे बड़ा यक्ष प्रश्न यह है कि इन स्थानों पर आने वाले श्रृद्धालु कब तक इनके आंतक झेलते रहेंगे? कब तक इनका शिकार होते रहेंगे? हाल में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु अपने कार्यकाल में 19 मार्च को वृंदावन आई। वे दूसरी बार यहां आई है। इससे पहले इसी पद पर रहते हुए प्रणब मुखर्जी व रामनाथ कोविंद भी अपने कार्यकाल में दो बार वृंदावन आए थे। लेकिन, राष्ट्रपति मुर्मु वृंदावन के तीन दिवसीय प्रवास पर आने वाली पहली राष्ट्रपति हैं। देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉक्टर राजेंद्रप्रसाद, ज्ञानी जैल सिंह एक बार वृंदावन आए। उपराष्ट्रपति पद पर रहते हुए डॉक्टर शंकरदयाल शर्मा, आर वेंकटरामन, डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन भी वृंदावन अपनी धार्मिक यात्रा पर आ चुके हैं।

निवर्तमान राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद भी दो बार वृंदावन आए। आश्रय सदन में वृद्ध विधवा माताओं से मुलाकात करने आए थे। राष्ट्रपति पद पर रहते प्रणब मुखर्जी पहली बार 16 नवंबर 2014 को अक्षयपात्र में चंद्रोदय मंदिर के भूमि पूजन में आए तो दूसरी बार 18 नवंबर 2015 को चैतन्य महाप्रभु के वृंदावन आगमनोत्सव के पांच सौ वे वर्ष पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में आए थे। राष्ट्रपति पद पर रहते ज्ञानी जैल सिंह 1987 में वृंदावन आए और रंगजी मंदिर में दर्शन करने पहुंचे थे 1957 में देश के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्रप्रसाद वृंदावन आए। उप राष्ट्रपति पद पर रहते 1985 में आर वेंकटरामन, 1993 में डॉ. शंकरदयाल शर्मा, 1959 में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन वृंदावन आ चुके हैं। राष्ट्रपति या कोई वीवीआईपी जब भी वृंदावन आता है। प्रत्येक बार उनकी सुरक्षा तो होती ही है। सबसे बड़ा काम होता है वीवीआईपी को यहां के झपटमार बदंर से बचाना। ये बंदर झपटामार कर श्रद्धालु का चश्मा उतारते और किसी ऊंची जगह पेड़ या दीवार पर जाकर बैठ जाते हैं। ये चश्मा तभी लौटाते हैं जब उन्हें खाने के लिए फ्रुटी, केला या दूसरे खाने के सामान दिए जाएं। वीवीआईपी दौरे को देखते हुए प्रशासन लंगूरों के जगह-जगह कट आउट लगवाता है। माना जाता है कि लंगूर से बंदर डरतें हैं।उन्हें डराने के लिए ऐसा किया जाता है। कुछ जगह लंगूर भी लाकर बांध दिए जाते हैं। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु की सुरक्षा से लेकर रूट पर व्यवस्थाओं को दुरस्त करने के लिए जिला प्रशासन ने रात दिन एक कर दिया। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु के दौरे को देखते एक प्रशासन ने लंगूरों के जगह- जगह कट आउट लगवाए।

लेखक को चित्रकूट में हनुमान गढ़ी जाने का अवसर मिला। वहां रास्ते में बंदर और लंगूर मिलते और आपके कपड़े और बैग पकड़कर रोक लेते हैं। वे आपके बैग और जेब से खाने का सामान प्रसाद आदि निकालकर ही आपको आगे जाने देते हैं। शुक्रताल में तो हनुमान धाम में बंदरों को भगाने के लिए लंगूर बांधा हुआ था। बंदर उसके अभयस्त हो गए थे। उन्हें पता था कि रस्सी में बंधे लंगूर की पंहुच कहां तक हैं। बदंर आते और लंगूर की पंहुच की दूरी से अगल रहकर लौट जाते।

प्रश्न है कि वीवीआइपी के आने पर ही क्यों बंदरों को रोकने की व्यवस्था होती है। देश के आम आदमी को भी वीवीआईपी क्यों नही समझा जाता। उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी भी तो सरकार की है। उसके लिए क्यों नही ऐसी व्यवस्थाएं होती। बंदर हम हिंदुओं की श्रद्धा है। हम उसे पवित्र मानते हैं। पूजनीय मानते है। इतना होने पर भी उसके भोजन की व्यवस्था क्यों नही करते। अयोध्या में बड़ी तादाद में बंदर है। हनुमान गढ़ी पर मैंने बंदरों को फूलों की माला तोड़कर उसमें भोजन के अंश तलाशते देखा है। इसी शहर में डस्टविन से भोजन खोजते बंदर मुझे मिलें हैं। हमारी समाज सेवी संस्थाए क्यों नही इनके भोजन की जरूरत पूरी करती। बंदरों की संख्या लगातार बढ़ रही है। बढती बंदरों की जनसंख्या को भोजन चाहिए। भोजन ने मिलने वह निरीह प्राणी अपना पेट भरने के लिए कुछ तो करेगा। बंदरों के आतंक के कारण कई शहरों में तो महिलाओं और बच्चों का छतों पर जाना कठिन हो गया है। शहरों की नही अब तो जंगल में भी इनकी बढ़ती आबादी किसानों के लिए संकट बन चुकी है। भोजन के अभाव में बंदर खेतों की फसल तोड़कर खा रहे हैं। गेंहू की बाली खा जाते है। बोए गए गन्ने के बीज जमीन से निकाल कर वे अपनी उदरपूर्ति कर रहे हैं। किसान फसल की रक्षा को लेकर परेशान हैं।अब तो किसानों ने खेतों की रक्षा के लिए नौकर रखने शुरू कर दिए हैं। आज बंदरों का आंतक धार्मिक स्थलों के साथ अन्य स्थानों पर भी बढ़ता जा रहा है। शहरी आबादी के साथ किसान भी परेशान है। आज जरूरी हो गया है कि सरकार द्वारा बंदरों की आबादी कम करने के लिए अभियान चलाया जाए। बंदरों के ग्रुप लीडर की नसंबदी कराकर उनकी आबादी नियंत्रित की जाए। जनता के शोर मचाने पर बंदरों का पकड़कर जंगलों में छोड़ा जाना कोई स्थायी निदान नही है। ये जंगल और वनों से लौटकर फिर आबादी की ओर आ जाते हैं। बढ़ती बंदरों की आबादी को भोजन चाहिए। भोजन न मिलने पर उन्हें भी पेट भरना है। जैसे आदमी अपनी भोजन की जरूरत पूरी करने के लिए दूसरे साधन ढूंढ़ता है। वैसे ही आज बंदर कर रहे हैं। तीर्थ स्थलों पर चश्मा छीन रहे हैं तो कुछ जगह श्रद्धालुओं को पकड़कर उनके बैग से भोजन ले रहे हैं। गांव और शहरों में भोजन के लिए कपड़े उठाकर ले जाना आम बात है। ये उठाए गए कपड़े तब छोड़ते हैं, जब उन्हें खाने की सामग्री मिल जाए।

**अशोक मधुप**

# अनुपम अद्वितीय विलक्षण नेतृत्व क्षमता के धनी हैं नरेंद्र मोदी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तपस्थली से तप कर निकले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत की राजनीति में सबसे कुशल अपराजेय नेतृत्वकर्ता हैं वह अपने विरोधियों यहां तक की अपनी पार्टी और सहयोगी दलों के प्रतिस्पर्धियों की तमाम चालों की काट कर अपनी नेतृत्व क्षमता के बूते पर अपरिमित दक्षता भी रखते हैं इस मामले में उनका कोई सानी नहीं है यह हम नही रिकार्ड बयान कर रहे हैं। तमाम आलोचनाओं और विरोधियों के जबरदस्त साजिशी प्रहार के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक ऐसी शख्सियत बन कर उभरे है जो धरातल पर अपनी अद्वितीय नेतृत्व क्षमता के बूते पर अपना अलग अनूठा व्यक्तित्व रखते हैं उन्होंने किसी भी राजनीतिक नेता के सरकार के लम्बे समय तक नेतृत्व करने के रिकार्ड को तोड़ दिया है। भारत की राजनीति में एक नया इतिहास रचते हुए पीएम नरेंद्र मोदी अब देश के सबसे लंबे समय तक सरकार चलाने वाले नेता बन गए हैं। उन्होंने सिक्किम के पूर्व मुख्यमंत्री पवन चामलिंग को पीछे छोड़ दिया है। गुजरात के मुख्यमंत्री से प्रधानमंत्री तक उनका सफर लगातार जीत, मजबूत नेतृत्व और राजनीतिक स्थिरता की मिसाल बनकर उभरा है। भारतीय राजनीति में बीता रविवार 22 मार्च विशेष दिन बन गया है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक ऐसा रिकॉर्ड तोड़ा जो दशकों से किसी और के नाम था. सिक्किम के पूर्व मुख्यमंत्री पवन कुमार चामलिंग ने लगातार 8,930 दिनों तक किसी सरकार का नेतृत्व किया था. यह भारत में किसी भी सरकार के मुखिया का अब तक का सबसे लंबा कार्यकाल था.

बता दें कि पीएम नरेंद्र मोदी ने 7 अक्तूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। वह लंबे समय तक इस पद पर बने रहे और अपने कार्यकाल में कभी चुनाव नहीं हारे। साल 2014 में प्रधानमंत्री पद के लिए नाम सामने आने के बाद उन्होंने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। गुजरात के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने 2014 में लोकसभा चुनाव में बड़ी जीत हासिल कर प्रधानमंत्री पद संभाला। इसके बाद 2019 और 2024 में भी उन्होंने लगातार जीत दर्ज की। खास बात यह है कि अपने पूरे राजनीतिक करियर में उन्होंने अब तक कोई बड़ा चुनाव नहीं हारा है।

गुजरात के मुख्यमंत्री के तौर पर. 2001 से 2014 तक करीब 13 साल तक वो गुजरात की सत्ता संभालते रहे. इस दौरान गुजरात के विकास मॉडल की चर्चा पूरे देश में होती थी। 2014 में जब वो पहली बार देश के प्रधानमंत्री बने. तब से इस रिपोर्ट को लिखने तक लगातार. इन दोनों कार्यकालों को जोड़ने पर यह आंकड़ा 8,931 दिन बनता है.

सिक्किम के पूर्व मुख्यमंत्री पवन कुमार चामलिंग अब पद पर 8930 दिनों के साथ दूसरे स्थान पर है. चामलिंग ने सिक्किम की लगातार 24 साल और 165 दिनों तक सेवा की. इससे वे ना सिर्फ भारत में बल्कि विश्व स्तर पर सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले मुख्यमंत्रियों में से एक बन गए.

इसी कड़ी में तीसरा स्थान ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के पास है. उन्होंने 2000 से 2024 तक राज्य पर शासन किया. उन्होंने लगभग 24 साल और 99 दिनों का कार्यकाल पूरा किया. पटनायक के लंबे शासन की पहचान राजनीतिक स्थिरता और लगातार चुनावी जीत रही है. इसने उन्हें भारत के सबसे लंबे समय तक टिके रहने वाले नेताओं में से एक बनाए रखा. आपको बता दें इस रैंकिंग को जो बात खास रूप से दिलचस्प बनाती है वह यह है कि इसमें मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री दोनों के रूप में बिताए गए समय को जोड़ा गया है. जिन नेताओं ने सिर्फ प्रधानमंत्री के रूप में सेवा दीं जैसे कि जवाहरलाल नेहरू, वे इस खास गणना के तहत शीर्ष तीन में शामिल नहीं हैं. भले ही उनका कार्यकाल लंबा रहा हो. यह भी बता दें कि वरिष्ठ नेता ज्योति बसु ने 23 सालों से ज्यादा समय तक पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री के रूप में काम किया है. वे इस लिस्ट से बाहर हैं. लेकिन उनका कार्यकाल भारतीय इतिहास में किसी एक पद पर सबसे लंबे समय तक नेतृत्व करने वाले कार्यकालों में से एक है

प्रधानमंत्री मोदी का यह रिकॉर्ड अकेला नहीं है. प्रधानमंत्री मोदी के नाम और भी कई उपलब्धियां हैं. गुजरात के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री किसी और मुख्यमंत्री ने गुजरात में इतना लंबा कार्यकाल नहीं किया.

आपको पता है कि किसी भी प्रधानमंत्री की तुलना में मोदी सबसे ज्यादा अनुभव लेकर दिल्ली पहुंचे थे. आजादी के बाद पैदा हुए पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म 1950 में हुआ. वो पहले प्रधानमंत्री हैं जो आजाद भारत में पैदा हुए. तीन बार लगातार जीत - 2014, 2019 और 2024 तीनों लोकसभा चुनावों में जनता ने उन्हें चुना.

2019 में भाजपा ने 303 सीटें जीतकर अपनी स्थिति और मजबूत की। 2024 में 240 सीटों के साथ एनडीए गठबंधन ने सत्ता बरकरार रखी। जवाहरलाल नेहरू के बाद प्रधानमंत्री मोदी लगातार तीन कार्यकाल के लिए नियुक्त होने वाले एकमात्र प्रधानमंत्री हैं। लगातार भारत का प्रधानमंत्री पद पर बने रहने का दिवंगत इंदिरा गांधी का रिकॉर्ड मोदी ने तोड़ उन्होंने पिछले साल इंदिरा गांधी (4,077 दिन) को लगातार प्रधानमंत्री रहने के मामले में पीछे छोड़ दिया है। सितंबर 2025 में अपने तीसरे कार्यालय के दौरान वे लगातार सबसे लंबे समय तक पीएम रहने वाले भारत के दूसरे प्रधानमंत्री बन गए। साथ ही वे पहले गैर-कांग्रेसी नेता हैं जिन्होंने लगातार दो पूर्ण कार्यकाल पूरे किए हैं। इसी सिलसिले में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने इस उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी है. उन्होंने लिखा, 'नरेंद्र मोदी का पूरा जीवन देश और देशवासियों की सेवा को समर्पित रहा है. गुजरात के मुख्यमंत्री से लेकर देश के प्रधानमंत्री तक यह यात्रा सेवा, ईमानदारी और देश को सबसे पहले रखने की यात्रा है.

एक रिपोर्ट के के मुताबिक पीएम मोदी ने अपने सफर को याद करते हुए बताया कि जब उन्होंने 2001 में गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में काम शुरू किया, तब राज्य कई बड़ी मुश्किलों से गुजर रहा था। गुजरात भूकंप, चक्रवात, सूखा और राजनीतिक अस्थिरता जैसी समस्याओं से जूझ रहा था। उन्होंने कहा कि इन चुनौतियों ने उन्हें और मजबूत बनाया और उन्होंने राज्य को आगे बढ़ाने के लिए पूरी ताकत लगा दी। उन्होंने अपनी मां की एक सीख का भी जिक्र किया, गरीबों के लिए काम करना और कभी रिश्वत न लेना, जैसी सीख को उन्होंने अपने जीवन का मार्गदर्शन बताया।

पीएम मोदी के अनुसार, उनके कार्यकाल में गुजरात ने कृषि, उद्योग और इंफ्रास्ट्रक्चर में काफी तरक्की की और एक मजबूत राज्य के रूप में उभरा। उन्होंने यह भी कहा कि 2014 में जब उन्हें प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाया गया, तब देश में भरोसे का संकट था, लेकिन जनता ने उन्हें मजबूत समर्थन दिया।पीएम मोदी ने दावा किया कि पिछले 11 वर्षों में 25 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी से बाहर आए हैं और भारत दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में एक मजबूत देश बनकर उभरा है। पीएम मोदी ने महिलाओं (नारी शक्ति), युवाओं और किसानों के सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि देश की सेवा करना उनके लिए सबसे बड़ा सम्मान है। उन्होंने विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और लंबे सार्वजनिक जीवन की जमकर सराहना की है। अमित शाह ने कहा कि पीएम मोदी की दशकों की सेवा ने भारत में एक नया दौर शुरू किया है। उन्होंने गरीबों को अधिकार दिलाने, विकास को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने और दुनिया में भारत की छवि मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई है।उन्होंने यह भी कहा कि नए भारत के निर्माण के लिए पीएम मोदी ने अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया है और पिछले 24 साल से अधिक समय से बिना छुट्टी लिए देश की सेवा कर रहे हैं। अमित शाह ने बताया कि पीएम मोदी को जनता का अपार प्यार और समर्थन मिला है। वास्तव में नरेन्द्र मोदी एक बिरले व्यक्तित्व है यह बात उनके विरोधी भी दबी जुबान से स्वीकार करते हैं।

**मनोज कुमार अग्रवाल**

# संपादकीय

## सेवा का सूर्योदय, इतिहास का सूर्यास्त नहीं: मोदी ने रचा 'अमर महाकाव्य'

**[ अटल पगों से अजर इतिहास तक: मोदी ने लोकतंत्र की नई परिभाषा गढ़ी ]**

**[ हर रात जागकर, हर सुबह संभालकर: मोदी का संकल्प अब माँ-बहनों के आँसुओं में अमर ]**

जब सेवा केवल कर्तव्य नहीं, बल्कि जीवन का सर्वोच्च उद्देश्य बन जाए, तब हर कदम इतिहास की सुनहरी धारा में अंकित हो जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वह अद्वितीय और प्रेरक शिखर छू लिया, जो पहले केवल कल्पनाओं और स्वप्नों में ही संभव प्रतीत होता था। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में प्रारंभ हुई उनकी दूरदर्शी, संघर्षपूर्ण और प्रेरक यात्रा, और प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद, आज वे भारत के सबसे लंबे समय तक निर्वाचित, आदरणीय और जनप्रिय सरकार प्रमुख बन चुके हैं। पूर्व सिक्किम मुख्यमंत्री पवन कुमार चामलिंग के 8,930 दिनों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए उन्होंने यह जीवंत और अभूतपूर्व संदेश दिया कि लोकतंत्र में जनता का विश्वास कितना अडिग, अपराजेय, अविचलनीय और प्रगाढ़ हो सकता है। यह कोई सामान्य उपलब्धि नहीं, बल्कि 8,931 दिनों की अनवरत निष्ठा, अथक परिश्रम, निस्वार्थ समर्पण, हृदयस्पर्शी जनसंपर्क और हर नागरिक के कल्याण की अपार प्रतिबद्धता का अनमोल प्रतीक है।

गुजरात के मुख्यमंत्री बनने के बाद से लेकर आज तक मोदी जी की हर सुबह नई चुनौतियों और नए संकल्पों से शुरू हुई। 2001 में जब उन्होंने राज्य की बागडोर संभाली, तब गुजरात आपदा और अराजकता के बीच जूझ रहा था। मात्र 13 वर्षों में उन्होंने उसे विकास का प्रतीक बना दिया - 'वाइब्रेंट गुजरात' से लेकर द्वीपों के कोनों तक बुनियादी ढाँचा, रोजगार और समृद्धि का ऐसा जाल बुन दिया, जो आज हर नागरिक के जीवन को छूता है। हर घर में बिजली, पानी, सड़क और स्वच्छता जैसी छोटी-छोटी बातें उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर पहुँचाकर 'सबका साथ, सबका विकास' का मंत्र साकार किया। 8,931 दिनों में उन्होंने कभी व्यक्तिगत आराम नहीं लिया, कभी परिवार की चिंता नहीं की, सिर्फ राष्ट्र और जनता की भलाई की। यही कारण है कि आज हर गाँव, हर शहर में उनका नाम 'विकास पुरुष' के रूप में गूँजता है।

26 मई 2014 को जब उन्होंने प्रधानमंत्री पद की शपथ ली, तब देश एक नए युग की दहलीज पर खड़ा था। 2019 और 2024 में लगातार जनता ने उन्हें चुनकर यह स्पष्ट कर दिया कि नेतृत्व में निरंतरता और दृढ़ता कितनी महत्वपूर्ण है। इन 4,319 दिनों के प्रधानमंत्रित्व में उन्होंने सिर्फ नीतियाँ नहीं बनाई, बल्कि करोड़ों जीवन संवार दिए। उज्ज्वला योजना से लेकर आयुष्मान भारत, जन धन योजना से लेकर डिजिटल इंडिया - हर योजना के पीछे छुपी है किसी गरीब परिवार, किसी किसान या किसी महिला की एक छोटी-सी उम्मीद और कहानी। 8,931 दिनों की इस सेवा में उन्होंने कभी राजनीतिक विरोध को बहाना नहीं बनाया, बल्कि हर चुनौती को अवसर में बदलकर दिखाया। यही उनका अद्वितीय और प्रेरक अंदाज है।

आज जब हम 8,931 दिनों की गिनती करते हैं, तो हर दिन अपने आप में एक प्रेरक, साहसिक और उत्थानकारी कहानी बन जाता है। कभी आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक संघर्ष, कभी वैश्विक महामारी में टीकाकरण का अद्भुत चमत्कार, कभी आर्थिक संकट के समय आत्मनिर्भर भारत के आदर्श का नारा - हर घटना में नेतृत्व की दृढ़ता और दूरदर्शिता झलकती है। मोदी जी ने यह स्पष्ट कर दिया कि चुना हुआ नेता केवल सत्ता का प्रतीक नहीं, बल्कि निस्वार्थ सेवा, जनता के प्रति जिम्मेदारी और देशभक्ति का प्रतीक भी हो सकता है। उन्होंने पद की गरिमा कभी नहीं खोई, सत्ता के लालच में कभी नहीं डूबे। उनकी हर यात्रा, हर भाषण और हर निर्णय पूर्णतया जनता के हित और राष्ट्र के कल्याण के लिए रहा। छोटी-छोटी बातें - 'मैं हूँ ना' का भरोसा, 'मन की बात' में आम आदमी से सहज और सीधे संवाद - इन्हीं ने उन्हें हर नागरिक का अपना और पूरे देश का प्रेरक नेता बना दिया।

इस रिकॉर्ड के पीछे छिपा है अडिग संकल्प, अपराजेय इच्छाशक्ति और निस्वार्थ सेवा की प्रेरक भावना। 8,931 दिन मतलब 8,931 रातें जागना, 8,931 सुबहें नई उम्मीद, नई चुनौतियाँ और नए संकल्प लेकर उठना। उन्होंने कभी छुट्टी नहीं ली, कभी थकान को स्वीकार नहीं किया। गुजरात से दिल्ली तक की इस अद्वितीय और प्रेरक यात्रा में उन्होंने यह सिद्ध कर दिया कि लोकतंत्र में अगर इरादा मजबूत हो, तो कोई भी रिकॉर्ड असंभव नहीं है। आज भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, जी-20 की अध्यक्षता कर चुका है, और वैश्विक पटल पर 'विश्वगुरु' बनने की ओर अग्रसर है - यह सब 8,931 दिनों की अथक, निस्वार्थ और प्रेरक सेवा का परिणाम है।

लेकिन सबसे बड़ी बात यह है कि यह रिकॉर्ड केवल आंकड़ों का नहीं, बल्कि भावनाओं, विश्वास और जनता के प्रति सच्चे समर्पण का प्रतीक है। हर माँ, बहन, किसान और युवा आज महसूस करता है कि उनके लिए कोई है जो कभी नहीं रुकता, जो उनके सुख-दुःख में हर पल खड़ा रहता है। मोदी जी ने सत्ता को सेवा में बदल दिया। उन्होंने दिखाया कि चुना हुआ नेता केवल पद का अधिकारी नहीं, बल्कि जनता के लिए अडिग सहारा, मार्गदर्शक और प्रेरणा बन सकता है। 8,931 दिन की इस यात्रा में उन्होंने कभी व्यक्तिगत लाभ नहीं लिया, केवल राष्ट्र और जनता के हित को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। यही वजह है कि आज पूरा देश उन्हें श्रद्धा, सम्मान और गर्व के साथ सलाम करता है।

इस ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण पल पर हमें गर्व होना चाहिए। 8,931 दिन का 'मोदी युग' केवल एक नेता की कहानी नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों की सामूहिक आकांक्षा, उनके विश्वास, उनकी मेहनत और उनके सपनों की प्रेरक कहानी है। यह स्पष्ट करता है कि जब जनता का भरोसा अडिग और गहरा हो, तो कोई भी रिकॉर्ड असंभव नहीं। आगे भी यही निष्ठा, यही समर्पण और यही दूरदर्शिता भारत को नई ऊँचाइयों पर ले जाएगी। नरेंद्र मोदी ने इतिहास रच दिया है - अब आने वाली पीढ़ियाँ इस 'मोदी युग' को पढ़ेंगी, समझेंगी और सीखेंगी कि सच्ची सेवा, निस्वार्थ समर्पण और जनहित कभी थकते या रुकते नहीं।

**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**

# बिहार में मजदूरों का लिंक्डइन?

क्या मजदूरों का भी लिंक्डइन हो सकता है? ये सवाल सुनकर कई लोग आश्चर्य से भौहें चढ़ा लेंगे। लेकिन बिहार के दरभंगा जिले के चंद्रशेखर मंडल ने न सिर्फ ये सवाल उठाया, बल्कि इसे हकीकत में बदल दिया। हर सुबह शहरों के चौकों पर खड़े उन मजदूरों की तस्वीर देखिए हाथों में हथौड़ा, कुदाल या सिर्फ इंतजार। घंटों धूप में पसीना बहाते हैं, लेकिन काम किसी और को मिल जाता है। बिचौलिए बीच में आ जाते हैं, कमीशन काट लेते हैं, और मजदूर को मिलता है बस थोड़ा-सा पैसा और बहुत सारा अपमान। चंद्रशेखर ने ये दर्दनाक हकीकत अपनी आंखों से देखी। उन्होंने तय किया अब ये बदलेगा। कोविड महामारी के उस काले दौर में, जब लाखों मजदूर शहरों से गांव लौट आए और भूखे पेट सोने को मजबूर हो गए, चंद्रशेखर ने 'डिजिटल लेबर चौक' नामक प्लेटफॉर्म लॉन्च किया। ये कोई साधारण ऐप नहीं, बल्कि उन अनगिनत हाथों की डिजिटल पहचान है, जो मेहनत तो करते हैं लेकिन सम्मान नहीं पाते। आज इस पहल से एक लाख से ज्यादा मजदूरों को काम मिल चुका है। ये सिर्फ नंबर्स नहीं, हजारों परिवारों की जिंदगी बदलने वाली कहानी है। चंद्रशेखर मंडल का सफर खुद एक संघर्षपूर्ण गाथा है। दरभंगा के एक साधारण परिवार से ताल्लुक रखने वाले चंद्रशेखर ने कभी मजदूरों की पीड़ा को किताबों से नहीं सीखा, बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी में महसूस किया। बचपन से ही उन्होंने देखा कि कैसे उनके मोहल्ले के मजदूर सुबह चार बजे उठते, साइकिल पर लदकर शहर के चौक पहुंचते, लेकिन शाम को खाली हाथ लौट आते। 'काम मिलेगा या नहीं, ये भाग्य पर निर्भर था,' चंद्रशेखर बताते हैं। खुद आईटी बैकग्राउंड से आने वाले चंद्रशेखर ने कभी सोचा नहीं था कि उनका ज्ञान मजदूरों की भलाई के लिए काम आएगा। 2020 में लॉकडाउन लगा तो हालात और बिगड़ गए। प्रवासी मजदूर पैदल सैकड़ों किलोमीटर चलकर बिहार लौटे। नौकरियां छूट गईं, ठेकेदार गायब हो गए। चंद्रशेखर ने सोचा, क्यों न एक ऐसा प्लेटफॉर्म बनाया जाए जो मजदूरों को ठेकेदारों से सीधे जोड़े? बिचौलिए खत्म हो जाएं, रेट्स पारदर्शी हों और काम घर बैठे मिले। इस विचार से 'डिजिटल लेबर चौक' का जन्म हुआ। शुरू में ये एक साधारण व्हाट्सएप ग्रुप था, लेकिन जल्दी ही इसे ऐप और वेबसाइट में बदल दिया गया।

डिजिटल लेबर चौक कैसे काम करता है, ये समझना आसान है। मजदूर मोबाइल पर ऐप डाउनलोड करते हैं, जो हिंदी और स्थानीय भाषाओं में उपलब्ध है। वे अपनी प्रोफाइल बनाते हैं – नाम, उम्र, स्किल्स जैसे मिस्त्री, प्लंबर, इलेक्ट्रीशियन, लोडर, पेंटर या निर्माण मजदूर। फोटो अपलोड करते हैं, अनुभव बताते हैं, लोकेशन चुनते हैं और उपलब्धता मार्क करते हैं। अब मजदूरों का अपना 'लिंक्डइन' तैयार! दूसरी तरफ ठेकेदार या मकान मालिक ऐप पर लॉगिन करते हैं। उन्हें काम की डिटेल्स भरनी पड़ती हैं कितने मजदूर चाहिए, कौन-सी स्किल, कितने दिन का काम, कितना रेट। ऐप एल्गोरिदम मैच करता है और सही मजदूरों की लिस्ट भेजता है। ठेकेदार सीधे कॉल या चैट कर सकता है। कोई कमीशन नहीं, कोई बिचौलिया नहीं। काम पूरा होने पर दोनों पक्ष रिव्यू देते हैं, जो अगले काम के लिए प्रोफाइल को मजबूत बनाता है। पेमेंट डिजिटल होता है UPI से सीधे मजदूर के अकाउंट में। ये सिस्टम न सिर्फ समय बचाता है, बल्कि विश्वास भी बनाता है। दरभंगा के एक मजदूर रामविलास सिंह कहते हैं, 'पहले चौक पर लाइन लगानी पड़ती थी, लड़ाई-झगड़े होते थे। अब फोन पर काम आ जाता है। मेरी मासिक कमाई दोगुनी हो गई।'

इस प्लेटफॉर्म की सफलता के आंकड़े चौंकाने वाले हैं। लॉन्च के दो सालों में ही एक लाख से ज्यादा मजदूर रजिस्टर हो चुके हैं। बिहार के दरभंगा, मधुबनी, समस्तीपुर से शुरू होकर ये पटना, मुजफ्फरपुर और यहां तक कि दिल्ली, मुंबई जैसे शहरों तक फैल चुका है। रोजाना हजारों जॉब पोस्ट होते हैं छोटे मरम्मत के काम से लेकर बड़े कंस्ट्रक्शन प्रोजेक्ट्स तक। कोविड के बाद जब कंस्ट्रक्शन इंडस्ट्री पटरी पर लौटी, तो डिजिटल लेबर चौक ने मजदूरों की कमी को पूरा किया। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 70 प्रतिशत यूजर्स ग्रामीण इलाकों से हैं, जो स्मार्टफोन क्रांति का फायदा उठा रहे हैं। चंद्रशेखर ने ट्रेनिंग कैंप भी लगाए, जहां बुजुर्ग मजदूरों को ऐप चलाना सिखाया गया। महिलाओं के लिए अलग सेक्शन है घरेलू कामगारों, धोबी या कढ़ाई करने वालों के लिए। ये प्लेटफॉर्म सिर्फ रोजगार नहीं देता, बल्कि स्किल डेवलपमेंट भी। ऐप पर फ्री ट्यूटोरियल वीडियो हैं सेफ्टी टिप्स, नई तकनीकें सीखने के लिए। एक मजदूर ने बताया, 'मैंने ऐप से वेल्डिंग सीखी और अब दोगुना रेट लेता हूं।'

लेकिन चुनौतियां भी कम नहीं रहीं। शुरू में इंटरनेट की कमी, स्मार्टफोन न होने की समस्या थी। चंद्रशेखर ने लोकल हृह के साथ मिलकर फ्री स्मार्टफोन डिस्ट्रीब्यूट किए। बिचौलिए खुश नहीं हुए उन्होंने विरोध किया, अफवाहें फैलाई। लेकिन मजदूरों का समर्थन मिला। सरकार ने भी सराहना की। बिहार सरकार की 'डिजिटल बिहार' पहल से इसे बढ़ावा मिला। अब ये स्टार्टअप फंडिंग की तलाश में है, ताकि ढ़ फीचर्स जोड़े जा सकें जैसे वॉयस सर्च हिंदी में या लोकेशन बेस्ड मैचिंग। चंद्रशेखर कहते हैं, 'हमारा सपना पूरे भारत को कवर करना है। हर मजदूर का डिजिटल चौक हो।'

ये कहानी सिर्फ चंद्रशेखर की नहीं, बल्कि उन अनाम नायकों की है जो देश की रीढ़ हैं। भारत में 50 करोड़ से ज्यादा अनौपचारिक मजदूर हैं। उनकी 90 प्रतिशत कमाई बिचौलियों के कारण कम हो जाती है। डिजिटल लेबर चौक जैसे प्लेटफॉर्म डिजिटल इंडिया को ग्रामीण स्तर पर साकार कर रहे हैं। ये साबित करता है कि तकनीक अमीरों तक सीमित नहीं। एक साधारण स्मार्टफोन हाथ में आ जाए, तो जिंदगी बदल सकती है। महात्मा गांधी ने कहा था, 'भारत की आत्मा गांवों में बसती है।' चंद्रशेखर गांवों को डिजिटल बना रहे हैं। आज जब हम लिंक्डइन पर प्रोफेशनल्स देखते हैं, तो सोचिए मजदूरों का भी लिंक्डइन क्यों न हो? चंद्रशेखर ने दिखा दिया, ये मुमकिन है। उनकी ये पहल न सिर्फ आर्थिक सशक्तिकरण ला रही है, बल्कि सामाजिक सम्मान भी बहाल कर रही है। वो हाथ जो कभी अनदेखे थे, आज ऐप पर चमक रहे हैं। अगर आप भी कोई ठेकेदार हैं या मजदूर, तो digitallabourchowk.com पर विजिट करें। ये बदलाव की शुरुआत है एक ऐसे भारत की, जहां मेहनत का पूरा हक मिले। चंद्रशेखर मंडल जैसे योद्धा हमें सिखाते हैं कि समस्या जितनी बड़ी, समाधान उतना ही सरल हो सकता है। बस हिम्मत चाहिए, और थोड़ा सा डिजिटल जादू।

**महेन्द्र तिवारी**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### निबही-बोहाबार मार्ग पर बनेगी बड़ी पुलिया, डेढ़ करोड़ से होगा निर्माण

**रुद्रपुर,देवरिया।** क्षेत्र के निबही-बोहाबार मार्ग पर वर्षों से जर्जर और छोटी पड़ चुकी पुरानी पुलिया की जगह अब एक नई और बड़ी पुलिया का निर्माण कराया जाएगा। इस महत्वपूर्ण परियोजना पर लगभग डेढ़ करोड़ रुपये की लागत आएगी। यह कार्य एमएलसी डॉ. रतनपाल सिंह के प्रस्ताव पर स्वीकृत हुआ है, जिसे लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया जाएगा। लंबे समय से खराब हालत में पड़ी पुरानी पुलिया के कारण खासकर बरसात के दिनों में लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। नई बड़ी पुलिया बनने से न केवल जल निकासी की समस्या दूर होगी, बल्कि आवागमन भी सुरक्षित और सुगम हो जाएगा। निबही और बोहाबार सहित आसपास के कई गांवों के लोगों को इसका सीधा लाभ मिलेगा।

### नपं अध्यक्ष सुधा ने मनोनीत सभासदों को दिलाई पद व गोपनीयता की शपथ



**रुद्रपुर, देवरिया।** रामजी सहाय पीजी कॉलेज के सभागार में नगर पंचायत अध्यक्ष सुधा निगम ने मनोनीत सभासदों दिलीप जायसवाल, मथुरा पाण्डेय व तेज प्रताप गुप्ता को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। सभासदों ने नगर पंचायत के विकास के लिए कार्य करने का संकल्प लिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकप्रिय विधायक जय प्रकाश निषाद, डॅक्टर अंतर्यामी सिंह, क्षेत्रिय उपाध्यक्ष छट्ठेलाल निगम,जिला मंत्री महेश मणि त्रिपाठी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष संगम धर द्विवेदी, पूर्व अध्यक्ष सुभाष चंद्र मद्धेशिया,पूर्व कोषाध्यक्ष मदन मोहन गुप्त, पूर्व कोषाध्यक्ष कौशल किशोर सिंह,16 वार्डों के सभासद विजय यादव, सज्जाद अली, अंकित त्रिपाठी,टिंकू पाण्डेय, सुशील निगम,भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता एवं सभी कार्यकर्ता गण मौजूद रहे।

### सीडीओ की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस पर 40 मामले 3 का हुआ निस्तारण

**सहजनवां** -गोरखपुर सोमवार को सहजनवां तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी शाश्वत त्रिपुरारी ने किया। इस दौरान 40 मामले आए जिसमें 3 मामले का निस्तारण मौके पर कर दिया गया। राजस्व 19 पुलिस 17, विकास 1,आपूर्ति 1,अन्य 2,मामले आए थे। राजस्व संबंधित मामले के निस्तारण के लिए राजस्व टीम गठित करने का आदेश दिया गया है। वहीं पुलिस के मामले की जांच कर कारवाई करने का निर्देश दिया गया है। इस दौरान एसडीएम केशरी नंदन त्रिपाठी,नायब तहसीलदार दुर्गेश चौरसिया,बीडीओ सत्यकाम तोमर,बृजेश यादव,राकेश शुक्ल,ईओ सूर्यकांत सहित अनेक विकास के अधिकारी मौजूद थे।

### महिला ने लगाया रेप का आरोप, पुलिस जांच में जुटी

**कोंच(जालौन)-** एक महिला ने दो व्यक्तियों पर उसके साथ रेप करने का आरोप लगाते हुए मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस से की है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला ने सोमवार को पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि बीती 20 मार्च को दोपहर करीब साढ़े 12 बजे वह सीएचसी कोंच से अपना इलाज कराकर वापस लौट रही थी। रास्ते में मलंगा पुल के समीप उसे दो व्यक्ति मिले जिनमें एक व्यक्ति उसके गाँव का था जबकि दूसरा कोंच का रहने वाला था। उक्त दोनों उसे पुल के नीचे किनारे पर स्थित घटोई बाबा की जगह पर ले गए। यहां पर उक्त दोनों व्यक्तियों ने उससे साथ में मजदूरी करने के लिए कहा लेकिन उसने काम करने से मना कर दिया। महिला ने पुलिस को बताया कि इसके बाद उक्त दोनों व्यक्तियों ने उसे जमीन पर गिरा दिया और दोनों ने बारी बारी से उसके साथ बलपूर्वक रेप किया। चीखने चिल्लाने पर उक्त दोनों ने गाली गलौज कर उसके साथ मारपीट भी की और फिर जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। मामले को लेकर पुलिस का कहना है कि शिकायती पत्र मिला है, जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आयेंगे उसी अनुरूप कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। वहीं दूसरी ओर, बताया जा रहा है कि कुछ दिनों पूर्व शिकायतकर्ता महिला के पति पर मारपीट के मामले में मामला दर्ज कराया गया था जिससे प्रतीत हो रहा है कि शायद पेशबंदी में रेप का आरोप महिला द्वारा लगाया जा रहा है।

## वार्षिकोत्सव से लौटते समय लापता हुई 12 वर्षीय किशोरी, रातभर चला सर्च ऑपरेशन; सुबह दिल्ली में मौसी के घर सुरक्षित मिलने से राहत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**गोरखपुर/खजनी-** खजनी थाना क्षेत्र में रविवार शाम उस समय हड़कंप मच गया, जब वार्षिकोत्सव से लौट रही 12 वर्षीय किशोरी रहस्यमय ढंग से लापता हो गई। देर रात तक घर नहीं पहुंचने पर परिजनों की चिंता बढ़ती गई, वहीं सूचना मिलते ही पुलिस ने भी पूरी रात सघन तलाशी अभियान चलाया। सोमवार सुबह किशोरी के दिल्ली स्थित अपनी मौसी के घर सुरक्षित पहुंचने की जानकारी मिलने के बाद परिवार और पुलिस ने राहत की सांस ली। जानकारी के अनुसार, रामपुर मलौली गांव की रहने वाली किशोरी रविवार सुबह करीब 10 बजे बघागड़ा स्थित एसएस कॉन्वेंट स्कूल के वार्षिकोत्सव में शामिल होने घर से निकली थी। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद वह स्कूल बस से वापस लौटी और बरडांड चौराहे पर उतर गई। वहां उसने साइकिल लेने की बात कही और पैदल घर की ओर चल पड़ी, लेकिन देर शाम तक उसके घर नहीं पहुंचने पर परिजन चिंतित हो उठे।

परिजनों ने पहले अपने स्तर पर आसपास के इलाकों, रिश्तेदारों और परिचितों के यहां खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। स्कूल प्रशासन से संपर्क करने पर पता चला कि किशोरी बस से अपने गांव के लिए रवाना हो चुकी थी। इसके बाद मामला गंभीर देखते हुए खजनी थाने में सूचना दी गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी जयंत सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम तत्काल सक्रिय हो गई। बरडांड चौराहे और आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। साथ ही खेतों, नहर किनारे, बाग-बगीचों और सुनसान स्थानों पर रातभर सर्च ऑपरेशन चलाया गया। कई टीमों को अलग-अलग दिशाओं में लगाया गया और स्थानीय लोगों से भी पूछताछ की गई।

इसी बीच सोमवार सुबह मामले ने नया मोड़ लिया, जब परिजनों ने पुलिस को बताया कि किशोरी दिल्ली में अपनी मौसी के घर पहुंच चुकी है और पूरी तरह सुरक्षित है। प्रारंभिक जानकारी में सामने आया कि वह घर की किसी बात से नाराज होकर बिना बताए अचानक मौसी के पास चली गई थी, जिससे पूरी रात परिवार और पुलिस परेशान रही। थाना प्रभारी जयंत सिंह ने बताया कि किशोरी को सकुशल परिजनों को सौंप दिया गया है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि बच्चों की भावनाओं को समझें और उनकी गतिविधियों पर नजर रखें, ताकि ऐसी घटनाओं से बचा जा सके। यह घटना न केवल बच्चों की सुरक्षा, बल्कि परिवार के भीतर संवाद और समझ की जरूरत को भी उजागर करती है। फिलहाल, बच्ची के सुरक्षित मिलने से परिवार में खुशी का माहौल है।

### बरहज नगर कांग्रेस अध्यक्ष के निधन पर शोक सभा

**देवरिया।** कांग्रेस कार्यालय में जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल के नेतृत्व में शोक सभा आयोजित की गई। बरहज नगर कांग्रेस अध्यक्ष जितेन्द्र जायसवाल 'जीतू' (48) का शनिवार शाम सड़क दुर्घटना में निधन हो गया। निधन की खबर से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में शोक की लहर दौड़ गई। इस दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और शोक संवेदना व्यक्त की। शोक व्यक्त करने वालों में पूर्व जिलाध्यक्ष सुयश मणि त्रिपाठी, बिस्मिल्लाह लारी, राघवेंद्र सिंह 'राकेश', धर्मेंद्र सिंह, रामजी गिरि, जयदीप त्रिपाठी, मुकुंद भास्कर मणि, आनंददेव गिरि 'चुन्नू', संजीव कुमार मिश्रा, चंदन वर्मा, भरत मणि त्रिपाठी, धर्मेंद्र कुमार पांडेय, दीनदयाल यादव, मार्कण्डेय मिश्रा, मुजफ्फर हुसैन मंसूरी, सुनील कुमार द्विवेदी, राजकुमार जायसवाल, डॉ. एस.के. पाठक, आनंद श्रीवास्तव 'सोनू', सुनील यादव, सत्यप्रकाश मणि, राकेश वर्मा, डॉ. राजीव राय, पन्नालाल पाठक, कमलेश मिश्रा, संदीप पांडेय, राजकुमार यादव, राशिद अंसारी, बृजभान सिंह, गिरिजेश सिंह, उमेश यादव, रमाशंकर यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जिम में विवाद को लेकर दो पक्ष भिड़े 14 पर पुलिस ने दर्ज किया केस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**सहजनवां गोरखपुर-** सहजनवां थाना क्षेत्र के भीटी रावत टोला चकिया निवासी कुलदीप पुत्र कैलाश जो रविवार को सुबह भीटी रावत स्थित जिम में व्यायाम कर रहा था। आरोपी बार बार उसे देखकर गाली गुप्ता दे रहा था। जिसका युवक ने विरोध किया तो आरोपी फोन कर अपने परिजन को बुला लिया। युवक किसी तरह भाग कर घर पहुंचा तो आरोपी आधा दर्जन परिजन के साथ युवक के घर में घुसकर मारते पीटते हुए घर से उठा कर बाग में ले जाकर वहां भी पिटाई करना शुरू कर दिए थे। बचाव करने पहुंची पीड़ित की मां को आरोपियों ने जातिसूचक गालिया देते हुए मार पीटकर घायल कर दिया। इस दौरान पीड़ित का मोबाइल भी गायब हो गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने निखिल यादव, प्रहलाद यादव,रमेश यादव, दिनेश यादव, उमेश यादव, लालू यादव, सुरेश यादव के खिलाफ बलवा,घर में घुसकर, मारपीट, एससी/एसटी, जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है। वहीं दूसरे पक्ष के दिनेश यादव पुत्र नरहरी ने आरोप लगाया है कि बेटा निखिल भीटी रावत स्थित जिम में व्यायाम करने गया था। दो आरोपी उससे गाली गलौज करने के साथ मारपीट करने लगे थे। आरोपियों ने फोन कर करीब आधा दर्जन लोगों को बुला लिया। और बेटे को मारपीट कर घायल कर दिए। बेटा घर आया तो आरोपी घर पर चढ़ आए और पिता नरहरी को मारपीट कर घायल कर दिए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी कुलदीप, शिव कुमार, राजकुमार, कैलाश, पंकज यादव, सभाजीत यादव, पवन यादव के खिलाफ बलवा, मारपीट, जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

## मुख्य मार्ग के किनारे पटरी पर हो रहा कूड़ा-कचरा डंप

**●मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश के बावजूद आरआरसी सेंटर का नहीं किया जा रहा प्रयोग, जहां-तहां कूड़ा-कचरा डंप**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवा ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत विषखोप टोला पेड़ारी चौराहे से करीब सौ मीटर पश्चिम स्थित नौतनवां-ठूठीबारी मुख्य मार्ग के उत्तरी पटरी पर घरों व दुकानों से निकलने वाला कूड़ा-कचरा डंप किया जा रहा है। मुख्य मार्ग पर कूड़ा-कचरा डंप होने से संक्रामक बीमारियों के खतरे के साथ-साथ पर्यावरण भी प्रदूषित हो रहा है। कई बार लोगों ने सम्बंधित अधिकारियों से इसकी शिकायत भी की लेकिन जिम्मेदारों द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। हाईवे होने के कारण इस मार्ग पर 24 घंटे छोटे-बड़े वाहनों का आवागमन रहता है। मुख्य मार्ग पर कूड़ा-कचरा डंप होने से बड़े वाहनों के आवागमन से कूड़ा-कचरा उड़कर रोड पर बिखर जाता है जिससे स्थानीय लोगों समेत राहगीरों को दिक्कतें झेलनी पड़ती है। वहीं कूड़ा-कचरा से उठ रही दुर्गंध से आस-पास के लोगों को संक्रामक बिमारियों का भी खतरा बना हुआ है। विभागीय उदासीनता के कारण उक्त मार्ग के पास पटरियों पर लंबे समय से कूड़ा-कचरा फेंका जा रहा है लेकिन जिम्मेदारों द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। वहीं बीते गुरुवार को मुख्य विकास अधिकारी महेंद्र कुमार सिंह ने नौतनवां ब्लाक के निरीक्षण के दौरान गांव व सड़कों को साफ-सुथरा रखने के उद्देश्य से कूड़ा-कचरा को आरआरसी सेंटर में भंडारण करने निर्देश के दिए। लेकिन नौतनवां ब्लाक क्षेत्र के किसी भी ग्राम पंचायत में स्थित आरआरसी सेंटर को कूड़ा डंपिंग के प्रयोग में नहीं लिया जा रहा है। बल्कि घरों व दुकानों से निकलने वाला कूड़ा-कचरा जहां-तहां फेंक दिया जा रहा है। ऐसे में विभागीय उदासीनता के कारण नौतनवां ब्लाक क्षेत्र के कुछ ग्राम पंचायतों का आरआरसी सेंटर प्रयोग से पूर्व ही क्षतिग्रस्त अवस्था में है। स्थानीय लोगों का कहना है कि विषखोप गांव में सफाई कर्मचारी की तैनाती के बावजूद जहां-तहां कूड़ा-कचरा डंप पड़ा हुआ है। मुख्य मार्ग पर कूड़ा-कचरा डंपिंग को लेकर स्थानीय लोगों में रोष उत्पन्न है। ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों से मुख्य मार्ग पर स्थित कूड़ा-कचरा की साफ-सफाई करवाने की मांग की है। इस संबंध में एडिओ पंचायत रामकृष्ण प्रसाद ने बताया कि नियमित साफ-सफाई को लेकर सफाई कर्मचारी को निर्देशित किया गया है बावजूद इसके यदि कूड़ा-कचरा डंपिंग व अन्य सफाई व्यवस्था लचर पाया गया तो जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

## बभनजोत ब्लॉक के सगरा गढ़ स्थित RNC एजुकेशनल एकेडमी में AI लैब का उद्घाटन, अब गांव के बच्चे सीखेंगे आधुनिक तकनीक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मनकापुर (गोंडा )-** बभनजोत ब्लॉक के सगरा गढ़ स्थित RNC एजुकेशनल एकेडमी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) लैब का उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज पटेल द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण, अभिभावक एवं क्षेत्र के सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नीरज पटेल ने कहा कि आज के डिजिटल युग में ढ्ढ तकनीक शिक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुकी है। गांव के बच्चों को भी आधुनिक तकनीकी शिक्षा से जोड़ना समय की जरूरत है। इस ढ्ढ लैब के शुरू होने से अब ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राएं भी नई तकनीक सीखकर अपने भविष्य को मजबूत बना सकेंगे। फाउंडर अनिल मौर्या ने बताया कि इस लैब के माध्यम से बच्चों को कंप्यूटर आधारित आधुनिक शिक्षा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की प्रारंभिक जानकारी, डिजिटल कौशल और नई तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे छात्रों में नवाचार की सोच विकसित होगी और वे भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार हो सकेंगे। और हमारे टीम के द्वारा क्षेत्र के और भी विद्यालय में में भी लैब सेट किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अभिभावकों और क्षेत्रीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की सुविधाएं ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। को फाउंडर किस्मतुल्लाह सिद्दिकी ने बताया कि उनका उद्देश्य ग्रामीण बच्चों को शहरों जैसी आधुनिक शिक्षा उपलब्ध कराना है, ताकि वे भी देश के विकास में अपनी भागीदारी निभा सकें। इस अवसर पर AS पब्लिक स्कूल के प्रबन्धक अब्दुल गफूर वा सिब्तेन सिद्दिकी और क्षेत्रीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## दुष्कर्म व अन्य धाराओं में वांछित आरोपी गिरफ्तार

**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रेहरा टोला बेलभार निवासी एक आरोपी युवक दुष्कर्म व एससी-एसटी एक्ट सहित अन्य गंभीर धाराओं में फरार चल रहा था। वहीं पुलिस आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर खोजबीन में जुटी हुई थी। पुलिस ने रोहिन नदी बैराज के पास से फरार चल रहे आरोपी युवक को गिरफ्तार कर कागजी कार्यवाही के बाद जेल भेज दिया। जानकारी के मुताबिक परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रेहरा टोला महुलानी निवासी 19 वर्षीय गोविंद यादव पुत्र वासूदेव यादव उर्फ गुड्डू दुष्कर्म की धारा 69 बीएनएस व 3(2)वी एससी-एसटी एक्ट की गंभीर धाराओं में वांछित चल रहा था। स्थानीय पुलिस आरोपी युवक के तलाश में जुटी हुई थी। वहीं पुलिस ने सोमवार को थाना क्षेत्र के रोहिन बैराज के पास से आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष अभय नारायण सिंह ने बताया कि दुष्कर्म व एससी-एसटी एक्ट के वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

### लातेहार में जन शिकायतों पर सख्त हुए उपायुक्त, 14 दिनों से लंबित मामलों को 3 से 4 दिनों में निपटाने का दिया निर्देश

**लातेहार, झारखंडः-** लातेहार उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जन शिकायत निवारण कोषांग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई, जिसमें लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन पर विशेष जोर दिया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने विभिन्न विभागों से प्राप्त शिकायतों की विस्तार से समीक्षा की और स्पष्ट निर्देश दिया कि 14 दिनों से अधिक समय से लंबित मामलों को अगले 3 से 4 दिनों के भीतर हर हाल में निपटाया जाए। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि जन शिकायत निवारण से जुड़े सभी मामलों को गंभीरता से जांच करते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि आम लोगों को समय पर न्याय मिल सके। बैठक में जिला व प्रखंड स्तर के पदाधिकारियों की उपस्थिति रही, जिनमें आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, अपर समाहर्ता रामा रविदास, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, अनुमंडल पदाधिकारी अजय कुमार रजक सहित अन्य अधिकारी शामिल थे। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि जन शिकायतों का समयबद्ध निष्पादन प्रशासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## घरेलू गैस संकट पर कांग्रेस का प्रदर्शन, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोलाबाजार, गोरखपुर-** क्षेत्र में घरेलू गैस की किल्लत को लेकर सोमवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गोला के कार्यकर्ताओं ने तहसील पहुंचकर प्रदर्शन किया और एसडीएम गोला को ज्ञापन सौंपा। कार्यक्रम का नेतृत्व ब्लॉक अध्यक्ष श्रवण कुमार यादव ने किया, जिसमें दर्जनों कार्यकर्ता शामिल रहे। ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेसियों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में घरेलू गैस की आपूर्ति नियमित नहीं हो पा रही है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। लोगों को समय पर गैस सिलेंडर नहीं मिल रहा है और होम डिलीवरी की व्यवस्था भी पूरी तरह ठप है। इसके चलते ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कार्यकर्ताओं ने मांग की कि गैस की समुचित आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए और होम डिलीवरी व्यवस्था को तत्काल बहाल किया जाए।

इस पर एसडीएम गोला अमित कुमार जायसवाल ने ज्ञापन स्वीकार करते हुए आश्वासन दिया कि क्षेत्र में गैस आपूर्ति सुचारु रूप से कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि डीएसी (डिमांड एंड कंजम्पशन) के अनुसार गैस का वितरण किया जा रहा है। साथ ही गैस गोदामों का निरीक्षण भी कराया गया है और निगरानी के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है। किसी भी तरह की अनियमितता पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर गणेश मिश्रा, रामहरि राय, सुभाष मिश्रा, विक्रांत साहनी, मोहनलाल सोनकर, मनोज कुमार, महेंद्रनाथ मिश्रा, हरीश कुमार राय, शिवानंद ओझा, प्रभाकर राय, दुर्गेश मिश्रा और नंदलाल जायसवाल सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## धर्मांतरण कराने के आरोप में 4 गिरफ्तार, पुलिस ने चलाया सघन अभियान

**●मुख्य आरोपी समेत चार गिरफ्तार, धर्मांतरण नेटवर्क की जांच तेज**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर-** जनपद के गुलरिहा थाना क्षेत्र में धर्मांतरण कराने के प्रयास के आरोप में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन अभियुक्तों और एक अभियुक्ता को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के तहत की गई।

पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी गोरखनाथ के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष गुलरिहा की टीम ने सक्रियता दिखाते हुए इस मामले का खुलासा किया। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों पर लोगों को गुमराह कर धर्मांतरण कराने का प्रयास करने का आरोप है। गिरफ्तार अभियुक्तों में अमित सिंह पुत्र स्वर्गीय जितेंद्र सिंह, जो मूल रूप से कुशीनगर जनपद के रामकोला थाना क्षेत्र के परवरपार गांव का निवासी है और वर्तमान में गोरखनाथ थाना क्षेत्र के तुरहाबारी में रह रहा था, शामिल है। इसके अलावा विक्की कुमार पुत्र महेंद्र निषाद निवासी सरहरी थाना गुलरिहा, कन्हैया यादव पुत्र दुर्गा लाल यादव निवासी वार्ड नंबर 6 पीपीगंज थाना पीपीगंज तथा रीता देवी पत्नी जितेंद्र सिंह को भी गिरफ्तार किया गया है। रीता देवी भी कुशीनगर की रहने वाली है और वर्तमान में गोरखनाथ क्षेत्र में निवास कर रही थी। पुलिस ने बताया कि इन सभी आरोपियों के खिलाफ थाना गुलरिहा में मुकदमा दर्ज किया गया है। मुकदमा अपराध संख्या 231/26 के तहत उत्तर प्रदेश धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/5 में अभियोग पंजीकृत किया गया है।

गिरफ्तारी के बाद सभी आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और मामले की गहराई से जांच की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि इस प्रकरण में और कौन-कौन लोग शामिल हो सकते हैं तथा इसके पीछे कोई संगठित गिरोह तो सक्रिय नहीं है।

पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जनपद में किसी भी प्रकार के अवैध धर्मांतरण या लोगों को गुमराह करने की गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल है, वहीं पुलिस की सक्रियता को लेकर स्थानीय लोगों में भरोसा भी बढ़ा है।

## लोहिया जयंती व शहीद दिवस पर सपा कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**देवरिया।** समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पर समाजवादी चिंतक डॉ. राममनोहर लोहिया की जयंती तथा शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष व्यास यादव ने की, जबकि संचालन जिला महासचिव मंजूर हसन ने किया। इस अवसर पर सपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने डॉ. लोहिया और अमर शहीदों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। सभा को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष व्यास यादव ने कहा कि 23 मार्च देश के स्वतंत्रता संग्राम का एक अविस्मरणीय दिन है। इसी दिन अंग्रेजी हुकूमत ने भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को फांसी देकर शहीद कर दिया था। उन्होंने कहा कि डॉ. राममनोहर लोहिया का पूरा जीवन लोककल्याण के लिए समर्पित रहा। वे अन्याय के खिलाफ हमेशा संघर्ष करते रहे और 57 वर्ष की आयु में 18 बार गिरफ्तारी देकर समाज और देश के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई। उन्होंने डॉ. लोहिया को महान समाज सुधारक, स्वतंत्रता सेनानी और सप्त क्रांति के जनक के रूप में याद करते हुए कहा कि उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में लोगों के बोलने, पहनने, धार्मिक क्रियाकलापों और निजी जीवन में सरकार का अनावश्यक हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए। वर्तमान समय में समाज में जातीय और धार्मिक उन्माद फैलाकर वैमनस्य का माहौल बनाया जा रहा है, जो चिंताजनक है। अंत में उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि डॉ. लोहिया के विचारों को अपने जीवन में उतारें और 2027 में सत्ता परिवर्तन के लक्ष्य को लेकर कार्य करें, ताकि पूर्ण बहुमत की सरकार बनाकर उनके सपनों को साकार किया जा सके। कार्यक्रम में पूर्व विधायक दीनानाथ कुशवाहा, हृदय नारायण जायसवाल, बेचूलाल चौधरी, मालवीय प्रसाद निर्मल, हरेंद्र सिंह त्यागी, महेंद्र प्रसाद गोंड, जयराम राजभर, कमलेश पांडेय, रामबली यादव, परमहंस यादव, रमेश यादव, नित्यानंद तिवारी, रणवीर यादव, मनोज यादव, दिव्यांश श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विकासखंड बभनजोत सभागार में एक दिवसीय किसान मेला का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मनकापुर गोण्डा –** उत्तर प्रदेश सरकार की 'सेवा, सुरक्षा और सुशासन' की नीति के 09 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद गोंडा के विधानसभा गौरा अंतर्गत विकासखंड बभनजोत सभागार में एक दिवसीय कृषि मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय विधायक गौरा, प्रभात कुमार वर्मा द्वारा फीता काटकर किया गया।इस अवसर पर विधायक जी ने किसानों, कृषि वैज्ञानिकों एवं विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया तथा किसानों से संवाद कर उनके अनुभवों को सुना। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन किसानों को नई तकनीकों, उन्नत बीजों एवं आधुनिक कृषि पद्धतियों की जानकारी प्रदान करने के साथ-साथ सरकारी योजनाओं से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम हैं।कार्यक्रम में किसानों को केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। इन योजनाओं के माध्यम से किसानों की आय में वृद्धि, जोखिम में कमी तथा खेती को अधिक लाभकारी बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में सरकार किसान हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कृषि क्षेत्र को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने हेतु प्रतिबद्ध है।इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख बभनजोत प्रतिनिधि नीरज पटेल, नोडल अधिकारी जनार्दन प्रसाद (आयुक्त श्रम एवं रोजगार), बीडीओ बभनजोत, बीडीओ छपिया, राधेश्याम वर्मा, सोहरथ वर्मा, जितेन्द्र पांडे, अमरनाथ पांडेय, इंद्र बहादुर वर्मा, राम मूरत कश्यप, सुनील वर्मा, राकेश पांडे, पप्पू शुक्ला, विक्रम प्रसाद, सूर्यकुमार वर्मा, रामचंदर वर्मा, माहिम बाबा, विनय वर्मा, इरशाद अहमद, विश्वनाथ पाठक, लाल बाबू वर्मा, गोली वर्मा, अरुण प्रकाश शुक्ला सहित अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## वार्षिक उत्सव से बच्चों की प्रतिभाओं की होती है खोजः रईस अहमद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मनकापुर गोण्डा –** विकासखंड बभन जोत के अंतर्गत केजीएन जूनियर हाई स्कूल में वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और कार्यक्रम को चार चांद लगाए कार्यक्रम में प्रमुख रूप से केसरी के लाल, परदे से नफरत क्यों ,भूतों की टोली, बेटियों को खूब पढ़ाये नाते सरकार, हनुमान जी कृपा बनाये रखना, और कई प्रकार के डांस बच्चों द्वारा प्रस्तुत किया गया कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों और अभिभावकों ने खूब सराहा तालियों की गड़गड़ाहट से बच्चों की खूब हौसला बढ़ाया इस कार्यक्रम में चीफ गेस्ट अखिल भारतीय पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष रईस अहमद का विद्यालय प्रबंधक मैनुद्दीन खान द्वारा माला पहनाकर और अंग वस्त्र देकर उनको सम्मानित किया गया रईस अहमद ने संबोधन में कहा 10वीं और 12वी ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट के बच्चों को पढ़ाना आसान है पर छोटे-छोटे बच्चों को नर्सरी और 1,2,3,4,5 ,के बच्चों को पढ़ना बहुत मुश्किल काम हैं फिर भी इस मुश्किल काम को अध्यापक और अध्यापिकाएं बहुत ही जिम्मेदारी से देश के भविष्य को एक अच्छा संस्कार देकर देश के लिए तैयार करते हैं इन अध्यापकों की जितनी भी प्रशंसा की जाए उतनी कम है उन्होंने कहा कि आज हमारी बहनें भी किसी से पीछे नहीं है हाई स्कूल इंटर कि जब मैरिट आती है उसमें हमारी बहने प्रथम स्थान प्राप्त करती हैं किसी भी परीक्षा में हमारी बहनें पीछे नहीं है चाहे वह आईएएस पीसीएस की परीक्षा हो नीट की परीक्षा हो सब में बहने प्रथम स्थान प्राप्त करती है और संख्या बल भी इनका ज्यादा होता है यहाँ पर दिखने वाले छोटे-छोटे बच्चे छोटी-छोटी बहनें यह कल के देश के भविष्य है इन्हें जितने ही अच्छी तरीके से तराशा जाएगा उतना ही बेहतर देश के लिए योगदान होगा इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विशिष्ट अतिथि मंजूर मलिक राहुल शुक्ला नीरज जायसवाल रमजान खान हरिप्रसाद गुप्ता प्रधान जहीरूद्दीन मसीहुद्दीन चिंटू खान करम चन्द्र गुप्ता आदि भारी संख्या में अभिभावक छात्र एवं छात्रएं मौजूद रहे कार्यक्रम का आयोजन और आए हुए अतिथियों का स्वागत विद्यालय प्रबंधक मैनुद्दीन खान द्वारा किया गया कार्यक्रम का संचालन खालिद बेग द्वारा किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### हादसे के बाद बवाल के हालात



**मितौली खीरी** नीमगांव थाना क्षेत्र के अछनियां गांव में एक सड़क हादसे के बाद बवाल की स्थिति बन गई। जानकारी के अनुसार पंकज, उनकी पत्नी कोमल और बेटी मान्नया निवासी बेहजम, पिपरझला किसी काम से बाइक से गए थे। वहां से वापस घर लौटते समय अछनियां गांव के पास उनकी बाइक एक स्थानीय व्यक्ति से टकरा गई। टक्कर के बाद मामूली कहासुनी हुई, लेकिन मामला अचानक बढ़ गया। आरोप है कि स्थानीय लोगों ने पंकज के साथ जमकर मारपीट शुरू कर दी और देखते ही देखते बवाल की स्थिति बन गई। इस दौरान पंकज, उनकी पत्नी और बच्ची घायल हो गए। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दी, जिससे अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही मितौली क्षेत्राधिकारी यादवेन्द्र सिंह, मितौली और नीमगांव थाने की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची और स्थिति को काबू में किया। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए बेहजम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

### प्रतिभाशाली बच्चे परिवार समाज एवं देश का नाम करते हैं रोशन- सांसद उत्कर्ष,



**गोला गोकर्णनाथ खीरी,** शिक्षित होकर प्रतिभाशाली बच्चे परिवार समाज और देश का नाम रोशन करते हैं, उक्त विचार गोविंदापुर ममरी के नाइस एजुकेशनल अकेडमी स्कूल में आयोजित भव्य रंगारंग वार्षिकोत्सव समारोह में मुख्य अतिथि खीरी लोकसभा क्षेत्र के सांसद उत्कर्ष वर्मा मधुर ने पर व्यक्त किए हैं। सांसद ने कहा बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में लगन मेहनत और सम्मान के साथ आगे बढ़े, शिक्षा से ही व्यक्ति और समाज का निर्माण होता है। शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। अध्यक्षता पूर्व विधान परिषद सदस्य शशांक यादव ने एवं संचालन सुयेश वर्मा ने किया। आए अतिथियों का स्वागत फूलमालाओं से किया गया।बच्चों ने विभिन्न प्रकार के रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेशकर अतिथियों का मन मोह लिया। विशिष्ट अतिथि रामसागर वर्मा पूर्व उपाध्यक्ष जिला सहकारी बैंक लखीमपुर नें शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए शिक्षा के प्रचार प्रसार पर बल दिया। मुख्य अतिथि नें प्रतिभाशाली छात्र एवं छात्राओं को मेडल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को प्रधानाचार्य कुलवंत सिंह चीमा, प्रधानाचार्य महेंद्र त्रिपाठी, अशोक वर्मा, महेंद्र उर्फ महेश वर्मा, प्रधानाचार्य दयाशंकर वर्मा,भगीरथ वर्मा, दुर्गा प्रसाद मिश्रा, विजय कांत एड,निगम चंद पांडे, नरेंद्र कुमार पाल ने सम्बोधित किया। अशोक कनौजिया, ज्ञानचंद वर्मा, पंकज शुक्ला, राजेश कश्यप, राजीव अग्निहोत्री, नीरज वर्मा आदि मौजूद रहे।

### हैदराबाद पुलिस टीम ने दो वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार




**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** थानाध्यक्ष थाना हैदराबाद सुनील मलिक के नेतृत्व में थाना हैदराबाद पुलिस टीम द्वारा दिनांक 23.03.2026 को 02 न वारन्टी अभियुक्तगण 1. राजकुमार पुत्र चन्द्रभाल सिह उम्र करीब 69 वर्ष निवासी ग्राम चठिया मदनी थाना हैदराबाद 2. रवि कुमार पुत्र राजकुमार उम्र करीब 35 वर्ष निवासी ग्राम चठिया मदनी थाना हैदराबाद को सम्बन्धित वारण्ट एस.टी 804/14 अ0स0 108/12 सरकार बनाम अखिलेश धारा 363,366,376 आईपीसी थाना गोला सम्बन्धित न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट न0 02 लखीमपुर खीरी में गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही हेतु मा0 न्यायालय खीरी के समक्ष भेजा गया,जिनके ऊपर वारंट का विवरण एस.टी 804/14 अ0स0 108/12 सरकार बनाम अखिलेश धारा 363,366,376 आईपीसी थाना गोला सम्बन्धित न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट न0 02 लखीमपुर खीरी है, इनकी गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम मे मुख्य रूप अशोक कुमार सिंह आरक्षी राजू वर्मा, धर्मेन्द्र वर्मा, संजीव कुमार थाना हैदराबाद जनपद खीरी सामिल है।

# स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली से जूझ रहे कस्बे व ग्रामीणजन, आयुष्मान केंद्रों पर लटके ताले

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**सिंगाही-खीरी।** सरकार द्वारा चलाई जा रही प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान कार्ड) व मुख्यमंत्री आयुष्मान योजना के बावजूद कस्बे सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल हैं। लाखों रुपये की योजनाओं के दावे जमीनी हकीकत में फेल नजर आ रहे हैं। क्षेत्र के लोगों को आज भी बेहतर इलाज के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है।

कस्बे और आसपास के गांवों के लिए एकमात्र प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिंगाही में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। यहां न तो पर्याप्त डॉक्टर उपलब्ध हैं और न ही पानी व शौचालय जैसी बुनियादी व्यवस्थाएं। वर्तमान में यह केंद्र संविदा पर तैनात डॉक्टर कृपांशु तिवारी, फार्मासिस्ट माया प्रसाद और स्टाफ नर्स प्रीति यादव के सहारे संचालित हो रहा है, लेकिन डॉक्टर की ड्यूटी अन्यत्र लगने के कारण मरीजों को अधिकांश समय उनका लाभ नहीं मिल पाता।

स्वास्थ्य केंद्र में केवल सामान्य प्रसव की सुविधा उपलब्ध है, वह भी संसाधनों के अभाव में जोखिम भरी बनी हुई है। डिलीवरी रूम में न पानी की समुचित व्यवस्था है और न ही आपात स्थिति से निपटने के लिए जरूरी उपकरण मौजूद हैं।

स्थिति यह है कि आसपास के दर्जनों गांवों के लोग इमरजेंसी में समय पर इलाज न मिलने के कारण अपनी जान गंवा रहे हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के पास बना आयुष्मान केंद्र पर भी महीनों से ताला लटका हुआ है,ऐसे क्षेत्र में बहुत से आयुष्मान केंद्र है जहां पर ताले लटक रहे या समय से खुल नही रहे कहीं कहीं केंद्रों पर डॉक्टर की कमी दिख रही। जिससे सरकार की योजनाओं का लाभ आम जनता तक नहीं पहुंच पा रहा।

**जनप्रतिनिधियों ने उठाई आवाज**

नगर पंचायत अध्यक्ष मो. कयूम का कहना है कि कस्बे में एक अतिरिक्त एम्बुलेंस व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर 24 घंटे इमरजेंसी सेवा उपलब्ध कराई जानी चाहिए,साथ ही साथ शासन-प्रशासन को महिला डॉक्टर को केंद्र पर तैनात करना चाहिए। जिससे महिलाओं को समय पर उपचार मिल सके।इन मांगों को लेकर कई बार शासन-प्रशासन को पत्र भी लिखा लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं।

ग्राम पंचायत सिंगहा कला के प्रधान प्रतिनिधि श्याम मोहन दीक्षित ने बताया कि निघासन की दूरी लगभग 13 किलोमीटर है, जबकि सिंगाही मात्र 4 किलोमीटर दूर है। यदि सिंगाही स्वास्थ्य केंद्र पर इमरजेंसी सुविधाएं उपलब्ध हो जाएं तो कई लोगों की जान बचाई जा सकती है।

खैरीगढ़ ग्राम पंचायत के प्रधान सुखदेव सिंह ने कहा कि निघासन सीएचसी की दूरी 16-17 किलोमीटर होने के कारण एम्बुलेंस आने-जाने में ही काफी समय लग जाता है, जिससे कई बार मरीज की जान चली जाती है। उन्होंने सिंगाही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की। क्षेत्रवासियों ने स्वास्थ्य केंद्र पर स्थायी डॉक्टर की तैनाती, इमरजेंसी सेवाओं की उपलब्धता, अतिरिक्त एम्बुलेंस और आयुष्मान केंद्रों को नियमित रूप से संचालित करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते व्यवस्थाओं में सुधार नहीं हुआ, तो स्वास्थ्य सेवाओं की यह बदहाली और भी गंभीर रूप ले सकती है।

### अचानक कार का दरवाजा खुलने से अधिवक्ता घायल, मामला दर्ज




**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के बेहटा चौराहा पर सड़क हादसे में घायल अधिवक्ता की शिकायत पर पुलिस ने कार चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। सरेनी थाना क्षेत्र के हुल्लापुर निवासी अजीत भास्कर ने पुलिस को बताया कि 17 मार्च को वह बाइक से तहसील जा रहे थे। बेहटा चौराहा के पास सामने चल रही कार के चालक ने अचानक ब्रेक लगाया और दाहिनी ओर का दरवाजा खोल दिया। दरवाजे से टकराकर वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी टांग टूट गई। आरोप है कि चालक इलाज का झांसा देकर मौके से फरार हो गया। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि लखनऊ के तेलीबाग निवासी सतीश सिंह उर्फ सुरेश गौतम के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# तहसील दिवस में पहुंचीं मुख्य विकास अधिकारी नहीं दिखाई दिए फरियादी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**बरेली/नवाबगंज** तहसील दिवस में मैं पहुंची मुख्य विकास अधिकारी देवयानी यादव यहां फरियादियों के न पहुंचने से छाई रही मायूसी कुछ देर रुकने के बाद वह एक 15 बजे तहसील दिवस से चली गई काम फरियादियों के आने का कारण शिकायतों का निष्पक्ष निस्तारण न होना दिखाई दे रहा है यहां पर 27 शिकायतें पंजीकृत की गई।


इनमें से तीन का निस्तारण कर दिया गया शेष सभी शिकायतों के निस्तारण हेतु निर्देश जारी किए गए सूत्रों के अनुसार तहसील दिवस में हो रही शिकायतों का फर्जी निस्तारण करने का सिलसिला जारी है जिसके तहत लोगों का अब मनोबल टूटता जा रहा है इसलिए तहसील दिवस में फरियादियों का पहुंचना काम होता जा रहा है इसी क्रम में ग्राम पंचायत अल्हैया मैं चक मार्ग संख्या 139 पर दीवार बनकर रास्ता बंद कर दी गई इसकी शिकायत उमराव लाल ने तहसील दिवस में पहुंचकर की और बताया गया।

वह छठी बार तहसील दिवस आए हैं चक मार्ग से कब्जा हटवाने के लिए संबंधित लेखपाल रुपए मांग रहे हैं रास्ता बंद होने के कारण वह भी अपने खेत में कृषि कार्य नहीं कर पा रहे हैं यहां पर सबसे अधिक शिकायत है राजस्व से ही संबंधित रही यहां पर उपस्थित मुख्य विकास अधिकारी देवयानी यादव एसडीएम उदित सिंह पवार तहसीलदार दुष्यंत प्रताप सिंह खंड विकास अधिकारी महेश चंद्र कुशवाहा सचिव गन्ना समिति मेधा जोशी आदि उपस्थित थे।

# चक मार्ग से कब्जा हटवाने को छठी बार दिया प्रार्थना पत्र

**● कब्जा हटवाने को लेखपाल मांग रहा रुपए भटक रहा पीड़ित तहसील प्रशासन ने लेखपाल से नहीं पूछा क्यों मांग रहे रुपए**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**






**बरेली**/तहसील दिवस की शिकायतों का भी किया जा रहा फर्जी तरीके से निस्तारण नहीं मिलता पीड़ितों को न्याय विकासखंड भदपुरा की ग्राम पंचायत अल्हैया के उमराय लाल पुत्र राम बहादुर ने आज नवाबगंज तहसील दिवस में पहुंचकर छठी बार शिकायत दर्ज कराई और उन्होंने एसडीम उदित सिंह पवार तहसीलदार दुष्यंत प्रताप सिंह के समक्ष प्रार्थना पत्र रखकर स्पष्ट कहा कब्जा हटवाने के लिए लेखपाल रुपए मांग रहा है। यह सुनकर दोनों अधिकारी हक्का-बक्का रह गए फरियादी ने दावा किया वह छठी बार तहसील दिवस में चक रोड से कब्जा हटवाने के लिए आया है उसने शिकायत संख्या 30 88825001850/54763/2093/200 /पूर्व में शिकायतें की जा चुकी है जिनका जांच अधिकारी द्वारा फर्जी निस्तारण कर दिया गया उन्होंने आरोप लगाया एक शिकायत उसकी गायब कर दी गई और एक आज खुद शिकायत की गई है इस पर इस मामले में तहसीलदार दुष्यंत प्रताप सिंह ने संबंधित लेखपाल को बुलाकर कब्जा हटवाने का निर्देश दिया गया।

परंतु एक भी अधिकारी ने यह पूछने की हिम्मत नहीं जुटाई आखिर पूर्व में की गई शिकायतों पर कार्यवाही क्यों नहीं की गई रुपए मांगने का भी आरोप लगने पर एक भी अधिकारी ने संबंधित लेखपाल से जवाब मांगने की हिम्मत नहीं जुटाई गई पीड़ित के अनुसार रास्ते में नींव लगाकर रास्ता बंद कर दिया गया है जिसे हटवाने के लिए वह तहसील दिवस में आकर अपनी फरियाद लगा रहा है। परंतु रुपए न देने के कारण रास्ते से कब्जा हटाया नहीं जा सका है फरियादी द्वारा कबजेदारों से साथ साठ गांठ होने के कारण कब्जा नहीं हटा है जिसके कारण फरियादी अपने खेत में कृषि कार्य नहीं कर पा रहा है गाटा संख्या 139 अभिलेखों में चक मार्ग दर्ज है फिर भी उसमें नींब लगाकर रास्ता बंद कर दिया गया है देश के मुख्यमंत्री द्वारा सरकारी जमीन से कब्जा हटवाने का निर्देश होने के बाद भी नहीं होता है अमल ।

जिसके कारण कबजेदारों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं सूत्रों की मां ने तो राजस्व विभाग की हॉट घाट के चलते इन सभी सरकारी भूमियों पर कब्जा हो रहा है जिसे हटवाने के लिए फरियादियों को नाक के चना चबना पड़ रहे हैं यह घटना नई नहीं है तहसील दिवस एवं थाना दिवस में भी इसी तरह खाना पूरी की जा रही है जिसके कारण लोगों का तहसील दिवस एवं थाना दिवस से विश्वास हटा जा रहा है क्योंकि सरकारी जगह से कब्जा हटवाने के लिए भी सुविधा शुल्क देना अनिवार्य है अन्यथा कब्जा हटवाने के बाद राजस्व विभाग एवं पुलिस उस पर पुनः कब्जा करवा देता है जैसा अनेकों गांव में देखने को मिला है।

# मां सीयर देवी मंडल लाइन पार में भाजपा के नवनियुक्त पदाधिकारियों का भव्य स्वागत, कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**टूण्डला-** नगर के मां सीयर देवी मंडल लाइन पार स्थित अनिल कुमार बघेल के प्रतिष्ठान रॉयल टेलर्स पर भारतीय जनता पार्टी, जिला फिरोजाबाद के नवनियुक्त पदाधिकारियों के सम्मान में भव्य स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं एवं जनमानस ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए नवदायित्व प्राप्त पदाधिकारियों का माल्यार्पण, पटका पहनाकर एवं मिष्ठान वितरण कर जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम में पूर्व में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संगठन मंत्री एवं भाजपा के विस्तारक रहे वीरेन्द्र प्रताप सिंह को जिला सह मीडिया प्रभारी, पूर्व में अल्पसंख्यक मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रहे सचिन जैन को जिला संयोजक सह सोशल मीडिया तथा भाजपा फिरोजाबाद में लगातार तीसरी बार महिपाल सिंह निषाद को जिला कोषाध्यक्ष बनाए जाने पर सभी ने हर्ष व्यक्त किया। इस अवसर पर स्वागत कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त पदाधिकारियों के प्रति विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक सशक्त होगा। कार्यक्रम के दौरान पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला।

स्वागत के पश्चात अपने संबोधन में जिला संयोजक सह सोशल मीडिया सचिन जैन ने शीर्ष नेतृत्व एवं जिला नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा दिए गए इस दायित्व को वे पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से निभाएंगे। साथ ही उन्होंने भरोसा दिलाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य करेंगे तथा पार्टी की विचारधारा और नीतियों को मजबूत करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। कार्यक्रम में मंडल महामंत्री वेद प्रकाश बघेल, सूरज धाकरे, क्षेत्रीय पंचायत सदस्य नवीन कुमार बघेल, नरेंद्र पाल सिंह, सुधीर बघेल, पोप सिंह, रूप सिंह, पवन, गुलशेर खान, कौशल सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# सरदार भगत सिंह राजगुरु सुखदेव वीर शहिदों को श्रद्धांजलि देकर किया नमन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**टूण्डला-** देश की आजादी के महान क्रान्तिकारी शहीद ए आजम सरदार भगत सिंह राजगुरु सुखदेव तीनों वीरों का बलिदान दिवस क्रांतिकारी संगठन आप और हम राष्ट्रीय भ्रष्टाचार अपराध मुक्ति संगठन द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष बी एस बेदी के नेतृत्व में डॉ.अनिल वार्ष्णेय निवास क्लिनिक स्टेशन रोड पर बड़ी श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रतीक यादव मण्डल विद्युत अभियंता रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता वीर सुरेन्द्र पाल सिंह यादव इंडेन गैस सर्विस ने की विशेष अतिथि अनिल कुमार सिंह थाना प्रभारी टूण्डला डॉ.अनिल वार्ष्णेय और सरदार मनमिंदर सिंह रहे। मुख्य अतिथि प्रतीक यादव और राष्ट्रीय अध्यक्ष बी एस बेदी ने वीरों के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी,आए सभी अतिथिगणों ने वीरों को नमन किया,संचालन पत्रकार रंजीत गुप्ता ने किया,प्रतीक यादव ने शहीदों के जीवन पर प्रकाश डाला उन्होंने कहा सरदार भगत सिंह राजगुरु,सुखदेव , ऐसे निडर वीर थे जो ब्रिटिश के जुल्म का डटकर मुकाबला किया उनके जुल्म वीरों की बहादुरी के आगे टिक ना सके ऐसे वीरों को याद करना हर भारतीय का नैतिक दायित्व है, अगर ये अपना बलिदान नहीं देते तो भारत का इतिहास कुछ ओर होता डॉ अनिल वार्ष्णेय ने कहा देश का दुर्भाग्य हे वीरों को चंद लोग ही याद करते हे जिन्होने हर शोहरत का लुप्त उठाया उनका गुणगान देश में उनको याद किया जाता है सरदार भगत सिंह जैसे वीर को भुला दिया जो आजादी के शहीदों में प्रथम दर्जा रखते हैं।संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी एस बेदी ने कहा 23 मार्च भारत के इतिहास का काला दिन है,इस दिन हमारे तीन वीरों को ब्रिटिश हुकूमत ने फांसी दे कर शहीद कर दिया था एक ओर देखा जाए भारत के इतिहास में गर्व की बात हे ब्रिटिश सरकार वीरों को हिला ना सकी और उनकी शहादत से हो देश को आजादी मिली जो आज हम स्वतंत्र हैं,परंतु दुर्भाग्य आजाद भारत ने ही इन वीरों को भुला दिया,आजाद सरकारों ने इनको शहीद का दर्जा तक नहीं दिया भारत सरकार से हम वीरों के लिए भारत रत्न और शहीद का दर्जा जैसी मांगे करते आ रहे परन्तु आजाद भारत कई सरकार पर कोई असर नहीं,कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रतीक यादव मण्डल विद्युत अभियंता बी एस बेदी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अनिल वार्ष्णेय वीर सुरेन्द्र पाल सिंह यादव सरदार मनमिंदर सिंह दीपक सलूजा पश्चिम प्रदेश प्रभारी डॉ कमल यादव टूंडला प्रेस क्लब अध्यक्ष सोमेंद्र पोनियां डॉ.अनुसील वार्ष्णेय समाजसेवी रंजीत गुप्ता राजेंद्र कुमार अजू राजू गांधी , सरदार इंदर पाल सिंह वीरेंद्र कुमार , उदय वीर सिंह फौजी सरदार गुरमीत सिंह सैकी गोपाल शर्मा देवेंद्र प्रताप सिंह देवू योगेंद्र चौधरी ब्रजपाल परमार प्रदीप बत्रा मनोज गौतम फौजी बहादुर सिंह अरोरा गुरमुख दास, ध्रुव दीक्षित ठा.अर्नेस सिंह कृष्णा यादव प्रकाश तिवारी , साजिद अली रियाज अली पासी राहुल जैन लक्की पवन कक्कड़ रमाकांत शर्मा आदी लोग शामिल रहे।

# जल ही जीवन है, विश्व जल दिवस पर हुआ पोस्टर-मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बरेली/रिठौरा।** राजश्री ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, बरेली में विश्व जल दिवस के अवसर पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें संस्थान में अध्ययनरत राजश्री महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन करते हुए जल की सुरक्षा विषय पर आकर्षक और संदेशप्रद पोस्टर बनाए। विश्व जल दिवस की थीम ''वॉटर एण्ड जेन्डरः व्हेयर वॉटर फ्लोस, इक्युलिटी ग्रोज''। इस वर्ष की थीम पर आधारित इस कार्यक्रम में छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और जल संरक्षण के प्रति अपनी रचनात्मकता एवं जागरूकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

संस्थान के चेयरमैन राजेन्द्र कुमार अग्रवाल ने अपने संबोधन में पानी को जीवन का आधार बताया तथा भविष्य में मानव जाति सहित समस्त पारिस्थितिक तंत्र के पृथ्वी पर अस्तित्व बचाये रखने के लिए सुरक्षित रखना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ और यह सभी के लिए ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ।

संस्थान के प्रबन्ध निदेशक रोहन बंसल ने संस्थान में आयोजित वैश्विक महत्व के मुद्दों पर जनजागरण हेतु इस तरह के कार्यक्रमों के सफल आयोजन पर राजश्री ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के स्टाफ मेम्बर्स को बधाई दी। प्रतियोगिता के परिणामों में प्रथम स्थान प्राप्त काजल कश्यप ने ''सेव वॉटर, सेव लाइफ''पर जल संरक्षण का संदेश दिया। इसके अतिरिक्त ज्योति, कशिश गंगवार, रोशनी का प्रदर्शन सराहनीय रहा।

### अवैध खनन पर बड़ी कार्रवाई, जेसीबी समेत तीन ट्रैक्टर-ट्रॉलियां सीज



**सिंगाही-खीरी।** थाना क्षेत्र के सिंधौना गांव में अवैध खनन के खिलाफ प्रशासन ने बीती रात करीब दो बजे बड़ी कार्रवाई की। मुखबिर की सूचना पर मौके पर पहुंचे खनन इंस्पेक्टर ने एक जेसीबी मशीन समेत मिट्टी से लदी तीन ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को पकड़ लिया। सभी वाहनों को कब्जे में लेकर सिंगाही थाने में सुपुर्द कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान एक ट्रैक्टर चालक ट्रॉली समेत अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। पकड़े गए चालकों में इरफान पुत्र रोजली निवासी बेनीपुरवा, प्रदीप पुत्र रामसुमेर निवासी निबौरिया, रियाजुद्दीन पुत्र शमशेर निवासी बथुआ तथा आकाश पुत्र रामखेलावन निवासी बेनीपुरवा शामिल हैं। खनन अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने बताया कि क्षेत्र में अवैध खनन की लगातार मिल रही शिकायतों के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि एक जेसीबी और तीन ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त कर सिंगाही पुलिस के हवाले कर दिया गया है। साथ ही संबंधित धाराओं में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र में अवैध खनन के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# स्वच्छ भारत मिशन के तहत कूड़ा संग्रहण का अभियान शुरू

**● घर घर कूड़ा संग्रहण के लिए 600 डस्टबिन किए गए वितरित**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**सिंगाही खीरी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत नगर पंचायत सिंगाही-भेड़ौरा में डोर-टू-डोर ठोस अपशिष्ट(सॉलिड वेस्ट) कलेक्शन एवं स्रोत पर कचरा पृथक्करण (सेग्रीगेशन) अभियान की शुरुआत की गई। इस अभियान के तहत सफाई कर्मचारियों को हरी झंडी दिखाकर नगर में रवाना किया गया।

नगर पंचायत परिसर स्थित मैरिज हॉल में आयोजित बैठक में दरियों इंटरनेशनल के डायरेक्टर ए.एस. राठौर तथा नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद कय्यूम की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ। बैठक में नगर के सभी 13 वार्डों के सभासदों का माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया गया और स्वच्छता अभियान को सफल बनाने हेतु सहयोग की अपील की गई।

नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद कय्यूम ने बताया कि नगर को स्वच्छ बनाने के उद्देश्य से घर-घर कूड़ा संग्रहण के लिए 600 डस्टबिन वितरित किए गए हैं। उन्होंने नगरवासियों से अपील की कि वे सूखा और गीला कचरा अलग-अलग डस्टबिन में डालें, ताकि सफाई कर्मी आसानी से कचरे का संग्रहण कर सकें।

उन्होंने आगे बताया कि भारत सरकार की पहल के अनुसार एकत्रित कचरे को नगर के बाहर बने एमआरएफ (मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी) सेंटर में संग्रहीत किया जाएगा, जहां से कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण कर खाद का निर्माण किया जाएगा।

कार्यक्रम के अंत में सभी सफाई कर्मचारियों को हरी झंडी दिखाकर डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर सभासद सलाहुद्दीन, मंजन खां, आफाक हुसैन, रामनरेश गुप्ता, राहुल गुप्ता, दीपक सक्सेना, सूरज कनौजिया, रामू गुप्ता सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# विगत आठ दिनो से बाघ की लोकेशन नही हो रही ट्रेस, वनकर्मी रात दिन कर रहे कांम्बिग

**● वन विभाग की तीनो टीमे गावों मे जाकर कर ग्रामीणो को सचेत**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** विगत सप्ताह महेशपुर रेंज की आंवला के गांव नंदलालपुर मे खेत पर गन्ना की छिलाई कर रहे युवक पर बाघ ने हमला कर मौत के घाट उतार दिया था।जिसके पश्चात आक्रोशित परिजनो ने लखीमपुर मोहम्मदी मार्ग को लगभग तीन घंटे तक जाम कर दिया था, इसके पश्चात ग्रामीणो की मांग पर मौके पर पहुचे क्षेत्रीय विधायक अमन गिरि ने अतिशीघ्र ही बाघ को पकडने की शर्त पर ग्रामीणो ने जाम खोल दिया था, लेकिन आज ऐक हफ्ते के बाद भी वन विभाग की सिर्फ कार्रवाई ,ढाक के तीन पात, तक ही सीमित रही। वही वन विभाग के वन क्षेत्राधिकारी निर्भय प्रताप शाही ने बताया कि हमारी टीन टीमे लगातार रात दिन गस्त कर रही है,और अतिशीघ्र ही बाघ को पिछडे मे कैद किया जायेगा। वही तीनो टीमो के प्रभारी रोहित कुमार श्रीवास्तव, माया प्रकाश वर्मा व विजय सिंह ने बताया कि बाघ हर दिन अपनी लोकेशन बदल रहा है जिसके चलते उसकी लोकेश न क्लियर लोकेशन नही मिलपा रही है, कैमरे भी उसके लोकेशन के आस पास लगाये जा रहे है, लेकिन बाघ वनकर्मियो को हर बार चकमा देकर निकल जाता है।

## संक्षिप्त खबरें

### मंदिर से घंटा चोरी का खुलासा, एक आरोपी गिरफ्तार, 18 घंटियां बरामद




**भदोही** औराई थाना पुलिस ने मंदिर से घंटा चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 18 पीतल की घंटियां बरामद की हैं। कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में की गई। बताया गया कि 20-21 मार्च की रात उपरौठ स्थित पहलवान वीर बाबा मंदिर से घंटा चोरी की घटना हुई थी, जिसके संबंध में थाना औराई में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की जांच के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली, जिसके आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी सर्वेश गिरी को हवाई पट्टी तिराहे से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उसके पास से एक जूट के बोरे में 18 पीतल की छोटी-बड़ी घंटियां बरामद कीं। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने अपने साथी प्रद्युम गिरी के साथ मिलकर मंदिर से करीब 30 घंटियां चोरी की थीं, जिनमें से कुछ उसके साथी के पास हैं। पुलिस अन्य आरोपी की तलाश में जुटी है। पुलिस के अनुसार आरोपी का आपराधिक इतिहास भी रहा है। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक वीरबहादुर चौधरी सहित पुलिस टीम की अहम भूमिका रही।

### लापता नाबालिग बालक को सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंपा




अभिनव त्यागी पुलिस अधीक्षक भदोही के कुशल निर्देशन में गुमशुदा बच्चों की सकुशल बरामदगी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान 'ऑपरेशन मुस्कान' के क्रम में थाना भदोही पुलिस टीम को एक बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। थाना भदोही क्षेत्र अंतर्गत ग्राम धौरहरा से परिजनों से बिना बताए कहीं चले गए एक नाबालिग बालक की सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए तत्काल खोजबीन शुरू की। पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों, मुखबिर खास की सूचना और स्थानीय स्तर पर सघन खोजबीन के माध्यम से अथक प्रयास करते हुए उक्त नाबालिग बालक को कुछ ही समय में सकुशल बरामद कर लिया। बरामदगी के पश्चात थाने पर बालक की उचित काउंसलिंग कर उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया। अपने लापता बच्चे को सुरक्षित वापस पाकर परिजनों ने भदोही पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई व मानवीय पहल की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए आम जनमानस में सराहना की जा रही है।

### नाली के अभाव में वार्ड नौ व दस के लोग परेशान, बरसात में घरों तक पहुंचता गंदा पानी




**गोपीगंज** नगर के वार्ड संख्या 09 एवं 010 में जीटी रोड स्थित पाव बरगदा हनुमान मंदिर से स्टेशन रोड तक नाली न होने से स्थानीय लोगों को लंबे समय से भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के दिनों में हालात और भी खराब हो जाते हैं, जब सड़कों पर बहता गंदा पानी घरों तक पहुंच जाता है और जलभराव की गंभीर समस्या खड़ी हो जाती है। सड़क पर जमा पानी के कारण आवागमन बाधित होता है, वहीं गुजरते वाहनों से उछलते गंदे पानी के छींटों से राहगीरों को परेशानी होती है। कई बार इसको लेकर विवाद की स्थिति भी बन जाती है। इसी मार्ग पर स्थित एक विद्यालय के छात्र-छात्राएं भी इससे प्रभावित होते हैं, जिनके कपड़े बारिश में खराब हो जाते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जलभराव से मकानों को भी नुकसान हो रहा है। पंडाव से स्टेशन रोड जाने वाले मार्ग पर शुक्ला बिल्डिंग की दीवार गिरने की घटना ने समस्या की गंभीरता को और उजागर कर दिया है। इस संबंध में पूर्व सभासद अनीस अख्तर ने पालिका अध्यक्ष से मिलकर नाली निर्माण की मांग रखी है। पालिका अध्यक्ष ने जल्द ही नाली निर्माण कराने का आश्वासन दिया है, जिससे क्षेत्रवासियों को समस्या के समाधान की उम्मीद जगी है।

## नव निर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जनपद मुख्यालय पर प्रस्तावित कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा बैठक-मुख्य विकास अधिकारी

● जनपद भदोही जीआईसी में 26 मार्च को आयोजित होंगे विविध कार्यक्रम

● कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए मुख्य विकास अधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा- निर्देश



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही:-** जिलाधिकारी शैलेष कुमार के कुशल मार्गदर्शन में मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविन्द शुक्ल की अध्यक्षता में प्रदेश के सरकार के नवनिर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जनपद मुख्यालय पर प्रस्तावित कार्यक्रमों को अंतिम रूप देने के तैयारियों के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक का आयोजन पतंजलि योग आश्रम सभागार में किया गया। प्रदेश सरकार के नवनिर्माण के 09 वर्ष पूर्ण होने पर जनपद भदोही के मा. मंत्री नगर विकास, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार गरीबी उन्मूलन, ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग उ0प्र0 श्री ए.के. शर्मा को नामित किया गया है।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि केन्द्र सरकार के 11 वर्ष व प्रदेश सरकार के नवनिर्माण के 9 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में जनपद में 26 मार्च को जीईसी ग्राउंड में विविध कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे, जिसके अन्तर्गत विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी, स्टॉल, फूड कोर्ट, रोजगार मेला, आरोग्य मेला, ऋण वितरण, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम अन्तर्गत सरकार द्वारा किये गये कार्यों व चलायीं जा रहीं जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर रहेगा।

मुख्य विकास अधिकारी ने सम्बन्धित विभागों को निर्देशित किया कि प्रदर्शनी में जनपद की विगत 9 वर्षों की उपलब्धियों, जनकल्याण की योजनाओं, स्थापित व निर्माणाधीन परियोजनाओं, नई औद्योगिक इकाईयों आदि के अच्छे फोटोग्राफ्स, मॉडल आदि को प्रदर्शित किया जाये। उन्होंने कहा कि स्टाल पर सम्बन्धित विभाग अन्तर्गत संचालित योजनाओं की जानकारी की पुस्तिका, पम्पलेट आदि रखा जाये, जिन योजनाओं के आवेदन प्राप्त करने की कार्यवाही गतिमान हैं, उनके बारे में लोगों को जानकारी दी जाये और पात्र लाभार्थियों के वहीं पर फार्म भराने की व्यवस्था भी करायी जाये। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम अन्तर्गत लाभार्थियों को टूल किट, ऋण वितरण, चेक आदि का वितरण भी जनप्रतिनिधियों द्वारा कराया जाये। उन्होंने कहा कि सभी सम्बन्धित विभाग आवश्यक तैयारी शीघ्र पूरी कर ले और शासन के निर्देशानुसार एक दिवसीय कार्यक्रम का सफल आयोजन सम्पन्न करायें। बैठक में अधिशासी अभियंता लोक निर्माण संदीप सरोज, डीआईओएस अंशुमान, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवम पांडेय, परियोजना निदेशक आदित्य, जिला प्रोवेशन अधिकारी शत्रुघ्न कन्नौजिया व अन्य जिलास्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे। जिला सूचना कार्यालय भदोही द्वारा प्रसारित।

## जिला कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत होने पर ग्रामीणों ने किया स्वागत खिलाया मिष्ठान



**हलिया, मीरजापुर।** स्थानीय विकासखंड के गड़बड़ा गांव निवासी ज्ञानेश्वर दुबे को प्रदेश अध्यक्ष द्वारा जिला कार्यकारिणी सदस्य बनाए जाने पर सोमवार को गृह गांव में ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया वहीं में मिष्ठान खिलाकर बधाइयां दी ज्ञानेश्वर दुबे 2019 से 25 तक भाजपा मंडल अध्यक्ष रहे तथा 2012 से 15 तक युवा मोर्चा ब्लॉक अध्यक्ष थे।वही 2025 में जिला प्रतिनिधि के रूप में सेवाएं दी। ब्लॉक से लेकर गांव तक पीड़ितों को सेवाएं देते रहे।मृदुल स्वभाव के ज्ञानेश्वर दुबे का जनता के प्रति काफी सहयोग की भावना रही ग्रामीणों ने सुबह से ही उनके आवास पर पहुंच कर बधाइयां देने का ताता लगा रहा। इस अवसर पर रविशंकर तिवारी, सुभाषचंद्र शुक्ल, शिवम शुक्ल, रामाश्रय, सहित लोग उपस्थित रहे।

## गड़बड़ा धाम में सवा लाख से अधिक भक्तों ने किया दर्शन पूजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हलिया, मीरजापुर।** सोमवार पंचमी तिथि पर गड़बड़ा धाम आदि शक्ति स्कंदमाता जगत जननी के स्वरूप का दर्शन पूजन कर भक्तों ने मनोकामनाएं पुर्ण किया। लगभग सवा लाख से अधिक भक्तों ने मां के दर्शन पूजन कर मन्नतें मांगी। गड़बड़ा धाम मां शीतला के दरबार में भक्तों ने सेवटी नदी में स्नान कर पुरुष महिला अलग-अलग कतारों में लगकर दर्शन पूजन के लिए मां की झलक पाने के लिए आतुर रहे। मां शीतला का दर्शन पूजन करने के लिए चार बजे भोर से ही मंदिर का कपाट खुलते ही दर्शन पूजन में जुट गए। मंगला आरती के बाद थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव दलबल के साथ महिला पुरुषों भक्तों को कतारों में लगाते रहे वहीं महिला पुलिस गर्भ गृह में दर्शन पूजन के सहयोग में लगे रहे। मंदिर का कपाट खुलते ही भक्त मां की एक झलक पाते ही श्रद्धालु धन्य हो गए। श्रद्धालुओं ने नवरात्रि के पांचवें दिन मां शीतला माता की स्तुति की।वही पड़ोसी प्रदेश मध्य प्रदेश ,प्रयागराज, भदोही तथा सोनभद्र के अलावा क्षेत्रीय भक्तों ने मां का दर्शन पूजन किया। दूर दरार से श्रद्धालुओं ने नारियल, चुनरी, हलवा, पूरी, फल फूल, व मिष्ठान लेकर मां के चरणों में भेंट कर अपनी मनोकामना पूर्ण किया। वही कुमारी कन्याओं ने जवारी लेकर मां के दरबार में पहुंचकर सेवटी नदी में समाहित किया। मान्यता के अनुसार बच्चों के भारी संख्या में मुंडन संस्कार कराएं। मंदिर प्रबंधक ने सीसीटीवी कैमरे से श्रद्धालुओ की निगरानी करते रहे। मंदिर पुजारी मंगल धारी ने बताया कि लगभग सवा लाख से अधिक भक्तों ने मां के दरबार में मत्था टेका।महिला श्रद्धालुओं ने गड़बड़ा मेले में सजी दुकानों से लकड़ी के बने तरह-तरह के सामान बच्चों के खिलौने श्रृंगार के सामान खरीदे। थाना प्रभारी हलिया राजीव श्रीवास्तव व मेला प्रभारी श्याम लाल पुलिस बल के साथ एक प्लाटून पीएसी के साथ सुरक्षा ब्यवस्था में मुस्तैद रहे।

## पीड़ित के खाते में 55800/- रु0 धनराशि को वापस कराया गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




जनपद में हो रहे साइबर अपराध की रोकथाम हेतु अभिनव त्यागी, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा साईबर क्राइम पुलिस थाना/साईबर हेल्प डेस्क को किसी पीड़ित व्यक्ति के साथ हुए धोखाधड़ी या सोशल साइट के दुरुपयोग पर त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त के क्रम में आवेदक कैलाश नाथ सिंह पुत्र पारस नाथ सिंह निवासी तुलसीचक थाना व जनपद भदोही ने चेन्नई से अपने निवास स्थान पर कुछ सामान कोरियर किया था जिसमें फ्राडस्टर द्वारा आवेदक को फोन करके बताया गया कि आपका पिन कोड सही नही है सही करने के लिए 10 रू का शुल्क लगेगा। जिसे पे करने के लिए फ्राडस्टर ने आवेदक के मोबाईल पर एक बार कोड भेजा जिस पर आवदेक फ्राडस्टर के बहकावें में आकर फोन पे कर दिया तत्पश्चात फ्राडस्टर ने आवेदक के खाते से 02 बार में कुल 55800/- रु0 निकाल लिया जिसके सम्बन्ध में आवेदक द्वारा आनलाईन शिकायत दर्ज किया गया था। साइबर क्राईम थाना जनपद भदोही द्वारा उक्त प्रार्थना पत्र का अवलोकन कर त्वरित कार्यवाही करते हुए पीड़ित के 55800/- रु0की धनराशि को पीड़ित के खाते में वापस कराया गया। पीड़ित ने खाते से गयी धनराशि को वापस पाकर पुलिस अधीक्षक भदोही व साइबर क्राईम थाना जनपद भदोही प्रति आभार व्यक्त करते हुए भदोही पुलिस की भूरि भूरि प्रशंसा की गयी।

## शहीद दिवस पर तिरंगा यात्रा निकाल वीर सपूतों को दी श्रद्धांजलि

**भदोही।** मेरा युवा भारत, भदोही द्वारा शहीद दिवस के अवसर पर शहीद झूरी सिंह पार्क में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान नागमलपुर से शहीद स्थल तक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लेकर देशभक्ति का संदेश दिया। तिरंगा यात्रा के उपरांत स्वतंत्रता सेनानी झूरी सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में युवाओं को स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान, त्याग और बलिदान के बारे में जानकारी दी गई तथा राष्ट्रभक्ति के प्रति जागरूक किया गया। अतिथि रामेश्वर सिंह ने कहा कि शहीदों के बलिदान के कारण ही आज देश स्वतंत्र है और आजादी को बनाए रखना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। जिला युवा अधिकारी रामगोपाल सिंह चौहान ने युवाओं से भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में राकेश पांडे, राकेश पाठक, शिवम राय, निधिश पांडे, आशीष कुमार, पंकज कुमार, अनुज पांडे सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें।

## चैत्र नवरात्र के पावन पर्व पर श्रीमद भागवत कथा वाचन

● कथा श्रवण से 21 पीढ़ियां तर जाती है- आचार्य कृष्णकांतपरासर

विंध्य धाम में जहां मां गंगा की धारा प्रवाहित हो रही है तो वही पर भागवत कथा की ज्ञान गंगा प्रवाहित हो रही है- कृष्णकांत परासर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**विंध्याचल।** चैत्र नवरात्र के पावन पर्व पर मानव वैदिक जागृति सेवा ट्रस्ट द्वारा पंडित सुनील उपाध्याय (लाल बाबा जी) के नेतृत्व में आचार्य कृष्णकांत परासर द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का वाचन किया जा रहा है। उन्होंने ट्रस्ट के द्वारा श्रीमद्भागवत कथा का उद्देश्य लोक कल्याण, समृद्धि, स्वास्थ्य तथा यश के लिए किया जा रहा है। मानव वैदिक जागृति सेवा ट्रस्ट के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए पंडित सुनील उपाध्याय (लाल बाबा जी) ने बताया कि दैनिक हरिनाम संकीर्तन, यज्ञ भंडारा एवं तीर्थो का प्रचार। श्रीमद् भागवत कथा के द्वारा दान के धन से गौ सेवा। लाचार, बीमार, बूढ़ी, गायों की नित्य सेवा। विश्व के मानव समाज के गौ सेवा के प्रति जागृत करना। अनाथ बेसहारा बीमार बालक, वृद्धों की सेवा। गोबर गोमूत्र, पंचगव्य से जटिल रोगों का ईलाज डॉ. अंकेश कुमार जी के द्वारा कराया जाएगा एवं जन - जन में भागवत कथा एवं अध्यात्म का प्रचार प्रसार करना।

इस दौरान आचार्य कृष्णकांत परासर ने प्रेस वार्ता कर बताया कि मैने अपना पठन पाठन का कार्य वृन्दावन में किया है इस पावन महीने में इस पावन क्षेत्र में, मैं मां विंध्यवासिनी के पावन गोंद में बैठकर अपने पूज्य पिता जी के , अपने गुरु तथा सदगुरु के चरण कमल छत्रछाया में बैठकर आज इस श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण कर रहें हैं। जहां इस पावन क्षेत्र में भागीरथी गंगा की धारा प्रवाहित हो रही है तो ऐसे में हम इस पावन क्षेत्र में श्रीमद् भागवत कथा के ज्ञान का धारा प्रवाहित हो रहा है जिसका हम लोग आनंद उठा रहे हैं।

आज की आने वाली पीढ़ी भी अब भक्ति की ओर बढ़ रहा है इसका प्रमुख कारण है कि हमारे जो पूजनीय संत जी और महात्मा जी लोग है आज कल सोशल मीडिया पर अपनी बातों को और अपने ज्ञान रूपी विचारों को बड़ी प्रमुखता से रख रहें है और सोशल मीडिया पर वहीं दिखाया जाता है जिसको अधिक से अधिक देखा और खोजा जाता है। इस समय अधिक संख्या में युवा सोशल मीडिया से जुड़ा है इन संतजनो और महात्माओं की बाते सुनने के बाद जो युवाओं के बुद्धि में मलिन भाव थे वह धीरे खत्म हो रहा है और युवा भक्ति की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि कई वर्षो से पिता जी मैया की सेवा देते आ रहें हैं। पिता जी द्वारा मां की सेवा करते हुए बचपन से ही देखते आया हूं यही से मुझे प्रेरणा मिला कि कथा करना चाहिए । यही से मेरे पूजनीय सदगुरु तथा गुरु पंडित आचार्य डा.विनय शुक्ल महाराज जी के छत्रछाया में आज ऐसा शुभावसर प्राप्त हुआ कि मैं मां की धाम में श्रीमद्भागवत कथा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि कथा श्रवण से 21 पीढ़ियां तर जाती है। गलत बाते अथवा गलत कार्य हम अपने शरीर के दो अंगों के माध्यम करते है जैसे हम आंखों से गलत देखते है और कानों से गलत सुनते है तब लोग गलत कार्य करते है लेकिन श्रीमद्भागवत कथा में भगवान के अच्छे शब्दों को सुनते है और पूजा पद्धति को देखते हुए तो हमारी रुचि अच्छे कार्यो में लगता है।

## जयरामपुर के नूरबाग में दो दिवसीय उर्स का भव्य समापन, अकीदतमंदों की उमड़ी भारी भीड़

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**औराई, भदोही।** क्षेत्र के जयरामपुर स्थित नूरबाग में दरगाह हजरत बाबा नूर आलम सहा का सालाना दो दिवसीय उर्स पूरे धार्मिक उल्लास, अकीदत और भाईचारे के साथ सकुशल संपन्न हो गया। उर्स के दूसरे दिन भी देर रात तक जायरीन की भारी भीड़ उमड़ती रही, जिससे पूरा क्षेत्र रौनक से भरा रहा। उर्स के समापन अवसर पर अकीदतमंदों ने दरगाह पर हाजिरी लगाकर चादरपोशी की और अपनी-अपनी मुरादों के लिए दुआ मांगी। इस दौरान लोगों ने मुल्क में अमन-चैन, तरक्की और खुशहाली की कामना की। दूर-दराज से आए जायरीन की मौजूदगी ने आयोजन को और भी भव्य बना दिया।

पूरे उर्स के दौरान धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला जारी रही, जिसमें कुरानखानी, फातिहा और दुआओं का विशेष आयोजन किया गया। उर्स के मौके पर श्रद्धा और आस्था का अनूठा संगम देखने को मिला, जहां हर वर्ग और समुदाय के लोग एक साथ नजर आए।

उर्स के आयोजक सज्जादा एवं गद्दी नशीन सूफी शफीक अहमद शम्सी कादरी के नेतृत्व में आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। उनके साथ अबु बकर, मोइनुद्दीन, ताजुद्दीन, बशीर अहमद बख्तियार आलम आदि लोगों ने भी सक्रिय भूमिका निभाई और व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में सहयोग किया। मेले/उर्स के दौरान सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का भी विशेष ध्यान रखा गया, जिससे जायरीन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। साफ-सफाई, पेयजल एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं भी पर्याप्त रूप से उपलब्ध कराई गईं। उर्स के सफल समापन के साथ ही क्षेत्र में खुशी और संतोष का माहौल देखने को मिला। यह आयोजन हर वर्ष की तरह इस बार भी आपसी प्रेम, भाईचारे और आस्था का प्रतीक बनकर लोगों के दिलों में अपनी अमिट छाप छोड़ गया।

## तीनो तहसीलों में फरियादियों की सुनी गई समस्याएं



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से जनपद की सभी तहसीलों में 'संपूर्ण समाधान दिवस' का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी शैलेष कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनकर निस्तारण किया। तहसील भदोही में पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी, मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविन्द शुक्ल सहित अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में कुल 57 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 7 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष मामलों के लिए राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीमें बनाकर समयबद्ध समाधान के निर्देश दिए गए।

मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए तथा केवल औपचारिकता न निभाई जाए। उन्होंने कहा कि फरियादियों की संतुष्टि सर्वोपरि होनी चाहिए। तहसील औराई में 32 में से 6 तथा तहसील ज्ञानपुर में 23 में से 4 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। अन्य प्रकरणों को संबंधित विभागों को भेजते हुए शीघ्र समाधान के निर्देश दिए गए। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा जागरूकता कैंप भी लगाए गए, जिनमें आयुष्मान कार्ड, पेंशन, महिला कल्याण व अन्य योजनाओं की जानकारी दी गई।

## गोपीगंज चौकी का एसपी ने किया औचक निरीक्षण, दिए सख्त निर्देश



**गोपीगंज।** जनपद में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने एवं जनसुनवाई को प्रभावी करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने कस्बा चौकी थाना गोपीगंज का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चौकी के अभिलेखों व आगंतुक रजिस्टर की जांच करते हुए उन्हें नियमित रूप से अपडेट रखने के निर्देश दिए। साथ ही चौकी परिसर की साफ-सफाई का जायजा लेकर फरियादियों की समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुनकर उनका त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। एसपी ने क्षेत्र में अपराध नियंत्रण के लिए रात्रि गश्त व पिकेट ड्यूटी को और सक्रिय बनाने पर जोर दिया, ताकि आमजन में सुरक्षा का विश्वास बना रहे। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी को अनुशासन के साथ अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी।

## तीर्थ यात्री सेवा समिति ट्रस्टः धूप में खड़े यात्रियों की प्यास बुझाने वाली नेक सेवा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**विंध्याचल।** इन दिनों मां के दर्शन हेतु तीर्थ यात्रियों की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि देखने को मिल रही है। पिछले चार दिनों से लगातार भीड़ बढ़ती जा रही है, जिसके कारण दर्शनार्थी कई घंटों तक लंबी-लंबी पंक्तियों में खड़े रहने को मजबूर हैं। दोपहर की तेज धूप में जब छोटे बच्चे माता-पिता के कंधों पर बैठकर पानी पीने या कुछ खाने की जिद करते हैं, तो अभिभावक कुछ कर पाने में असमर्थ रहते हैं। उनका एकमात्र लक्ष्य मां के दर्शन कर घर लौटना होता है, इसलिए वे पंक्ति छोड़कर पानी या भोजन की तलाश में नहीं भटकते, बल्कि प्यास और भूख सहते हुए खड़े रहते हैं।

ऐसी कठिन परिस्थितियों में **तीर्थ यात्री सेवा समिति ट्रस्ट** ने यात्रियों की असुविधा को दूर करने के लिए सराहनीय पहल की है। ट्रस्ट के अध्यक्ष **पंडित रत्नेश पांडेय** और कोषाध्यक्ष **पंडित रामेश्वर प्रसाद त्रिपाठी** के कुशल नेतृत्व में स्वयंसेवक दिन-रात सक्रिय हैं। वे पंक्ति में खड़े बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं और दिव्यांगजनों तक नियमित रूप से ठंडा पेयजल, फल, बिस्किट और हल्का फलाहार पहुंचा रहे हैं। इससे यात्रियों को तत्काल राहत मिल रही है और वे बिना परेशानी के दर्शन का इंतजार कर पा रहे हैं।

ट्रस्ट ने दिव्यांग जनों के लिए विशेष व्यवस्था भी की है, जिसमें ठहरने, भोजन, व्हीलचेयर सहायता और अन्य सुविधाएं शामिल हैं। स्वयंसेवक सुबह से शाम तक बिना थके सेवा में जुटे रहते हैं, जिससे हजारों श्रद्धालु लाभान्वित हो रहे हैं। यह प्रयास न केवल भौतिक सहायता प्रदान कर रहा है, बल्कि समाज में सेवा-भावना और मानवता की जीवंत मिसाल भी पेश कर रहा है। श्रद्धालु इस नेक कार्य की भरपूर सराहना कर रहे हैं और इसे प्रेरणादायक बता रहे हैं। ट्रस्ट का यह कार्य सिद्ध करता है कि सच्ची भक्ति के साथ मानव सेवा भी उतनी ही पुण्यदायी है। ऐसे संगठन तीर्थ यात्रा को अधिक सुगम, सुखद और यादगार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

## दो बाईकों की टक्कर में दो गम्भीर रूप से घायल ट्रामा सेन्टर रेफर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**हलिया, मीरजापुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के पिपरा बाजार में सोमवार को दो बाईकों में जोरदार टक्कर हो गई। घटना में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए।मौके पर पहुंचे परिजनों ने 102 एम्बुलेंस सेवा को सूचना दी, समय पर एम्बुलेंस नहीं पहुंचने पर परिजन दोनों घायलों को निजी साधन से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लाया गया जहां दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेन्टर रेफर कर दिया गया।स्थानीय थाना क्षेत्र के पिपरा गांव निवासी रामशंकर (50) सोमवार को लगभग 11 बजे दिन में बाइक से अपने घर जा रहे थे। उसी दौरान गड़बड़ा धाम से दर्शन कर वापस लौट रहे लवकुश 25 की बाइक से भिड़ंत हो गई।टक्कर में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने एम्बुलेंस को सूचना दी समय पर एम्बुलेंस नहीं पहुंचने पर परिजन निजी साधन से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हलिया लेकर रवाना हुए। अदवा बांध के पास पहुंची एंबुलेश में दोनों घायलों को शिफ्ट कर स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया जहां तैनात डॉक्टर आलोक और डॉक्टर रीना ने दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार करते हुए लवकुश के सिर में तथा रामशंकर के पैर में गंभीर चोट देखते हुए दोनों को बेहतर इलाज के लिए ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया है।

## चैत्र नवरात्र पंचमी स्कंदमाता के स्वरुप मे दर्शन कर निहाल हुए भक्त

**गोपीगंज।** चैत्र नवरात्र पंचमी के दिन गोपीगंज नगर और ग्रामीण क्षेत्रों मे स्थित देवी मंदिरो मे भक्तो की कतार लगी रही द्य मां दुर्गा का देवी स्कंदमाता के रुप में दर्शन पूजन किया गया,दर्शन पूजन कर निहाल हुए भक्तो के जयकारे मंदिर पर गूंजायमान रहा। सदर मोहाल स्थित नगर के प्रमुख सिद्ध पीठ दुर्गा मंदिर मे मां दुर्गा का श्रृंगार स्कंदमाता के रुप में किया गया, मां के अलौकिक स्वरुप का दर्शन पूजन करने के स्नान ध्यान कर श्रद्धालुओ के मंदिर पहुचने का क्रम शुरु हुआ धीरे धीरे कतार लगती गई, मंगला आरती के उपरांत प्रातःकाल से शुरु हुआ दर्शन पूजन का क्रम लगातार जारी रहा। सदर मोहाल स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर, चौरा माता मंदिर, बंबा देवी,काली माता मंदिर काली महाल के साथ गंगा तट पर विराजमान मां शीतला धाम डेरवा व शक्ति धाम तिंलगा मे भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। मंदिर के पुजारी राजीव पंडा ने बताया कि सुबह शाम की आरती के साथ भजन, कीर्तन, प्रवचन के साथ आन लाइन दर्शन व प्रसाद की व्यवस्था की गई है।

## बलिया में दो पक्षों में खूनी झड़पः चाकू लगने से दो युवक घायल, अस्पताल में भर्ती

**बलिया** के रामपुर उदयभान क्षेत्र में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट ने हिंसक रूप ले लिया, जिसमें चाकू लगने से दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान प्रियांशु सिंह और विपुल ठाकुर के रूप में हुई है। दोनों को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है और हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। सीओ सिटी मोहम्मद उस्मान के अनुसार, पुलिस को रात करीब आठ बजे घटना की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। फिलहाल क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम है। पुलिस ने मामले में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है।

# संक्षिप्त खबरें

## जनसत्ता दल के,बादल बने प्रवक्ता



**नैनी, प्रयागराज।** जनसत्ता दल पार्टी के संगठन को आज उस समय और मजबूती मिली, जब सम्मानित व्यक्तित्व बादल ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी नेतृत्व ने उन्हें प्रवक्ता (Spokesperson) पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। इस अवसर पर पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। उपस्थित सभी लोगों ने विश्वास व्यक्त किया कि बादल जी अपने अनुभव, प्रभावशाली वक्तृत्व कौशल एवं समर्पण के बल पर पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएंगे।

## मिशन शक्ति 5.0 के तहत महिलाओं को , साइबर सुरक्षा व हेल्पलाइन नंबरों की दी गई जानकारी



**नैनी प्रयागराज।** सोमवार को मिशन शक्ति फेस 5.0 के अंतर्गत थाना नैनी की मिशन शक्ति टीम द्वारा आज उच्च प्राथमिक विद्यालय अरैल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान क्षेत्र की महिलाओं और छात्राओं को महिला सशक्तिकरण, मिशन शक्ति अभियान तथा साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित टीम ने महिलाओं को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। साथ ही, उच्च अधिकारियों द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तार से बताया गया। महिलाओं को वूमेन पावर लाइन 1090, घरेलू हिंसा हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 तथा साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 की जानकारी दी गई।टीम ने बताया कि किसी भी आपात स्थिति में इन हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग कर त्वरित सहायता प्राप्त की जा सकती है।

## प्रयागराज कोल्ड स्टोरेज हादसा प्रयागराज के फाफामऊ इलाके में!




**ब्यूरो प्रयागराज।** में को दोपहर करीब 2:30 बजे एक निजी कोल्ड स्टोरेज की बहुमंजिला इमारत अचानक ढह गई। अमोनिया गैस टैंक या पाइप फटने से धमाका हुआ, जिससे इमारत का बड़ा हिस्सा मलबे में बदल गया। घटना का विवरणफाफामऊ थाना क्षेत्र के चांदपुर (गद्दोपुर) गांव में यह हादसा हुआ, जहां 20-25 मजदूर काम कर रहे थे। अब तक 9 मजदूरों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि कई अन्य मलबे में फंसे होने की आशंका है। कोल्ड स्टोरेज समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक अंसार अहमद का बताया जा रहा है। रेस्क्यू और प्रशासनिक कार्रवाईपुलिस, फायर ब्रिगेड, SDRF और NDRF टीमें मौके पर पहुंचकर बचाव कार्य चला रही हैं, साथ ही 7 बुलडोजर लगाए गए हैं। अपर पुलिस आयुक्त डॉ. अजय पाल शर्मा और जिला मजिस्ट्रेट स्थिति पर नजर रख रहे हैं; मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए गए हैं। कुछ रिपोर्टों में 7 लोगों को सुरक्षित निकालने की बात कही गई है। गैस रिसाव का प्रभावअमोनिया गैस रिसाव से आसपास के लोगों को सांस लेने में तकलीफ हो रही है, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। पुलिस ने क्षेत्र सील कर दिया है और ट्रैफिक डायवर्जन किया गया है; ग्रामीणों ने एंबुलेंस पर पथराव तक कर दिया। घायलों को SRN अस्पताल भेजा जा रहा है।

# फर्जी टिकट जारी करने के मामले में रेलवे की सर्जिकल स्ट्राइक, दो एटीवीएम फैसिलिटेटर गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** प्राप्त सूचना, जिसमें प्रयागराज से फर्जी टिकट जारी किए जाने की आशंका व्यक्त की गई थी, के आधार पर रेलवे प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल प्रभाव से त्वरित एवं समन्वित कार्रवाई प्रारंभ की। उल्लेखनीय है कि एटीवीएम (ATVM) फैसिलिटेटर अनुबंध के आधार पर कमीशन प्रणाली पर कार्य करते हैं, जिन्हें टिकट बिक्री के आधार पर पारिश्रमिक प्राप्त होता है।

प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए दिनांक 21/22 मार्च 2026 को प्रयागराज मण्डल के अधिकारियों द्वारा विस्तृत एवं गहन जांच की गई। इस दौरान तकनीकी एवं फील्ड स्तर पर विभिन्न बिंदुओं का परीक्षण किया गया, जिससे संदिग्ध गतिविधियों की पुष्टि हुई।

इसके उपरांत दिनांक 23 मार्च 2026 को प्रयागराज मण्डल के वाणिज्य विभाग एवं उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय (एनसीआर) की सतर्कता (विजिलेंस) टीम द्वारा संयुक्त रूप से विशेष अभियान संचालित किया गया। इस अभियान के तहत दो एटीवीएम फैसिलिटेटर–गौरव पाण्डेय एवं विनय शुक्ला–को फर्जी टिकट विक्रय के आरोप में गिरफ्तार किया गया तथा उनके विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी (स्नढ्डक्र) दर्ज कराई गई। साथ ही, फर्जी टिकट प्रिंट कराने से संबंधित अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध भी एफआईआर दर्ज की गई है।

प्रारंभिक पूछताछ में यह तथ्य सामने आया है कि आरोपी बाहरी स्रोतों से फर्जी टिकट प्रिंट कराकर यात्रियों को बेच रहे थे, जिससे रेलवे को राजस्व की क्षति होने की संभावना थी। यह कृत्य पूर्णतः अवैध होने के साथ-साथ यात्रियों के साथ गंभीर धोखाधड़ी की श्रेणी में आता है।

उक्त प्रकरण के संबंध में यह भी स्पष्ट किया जाता है कि अब तक की जांच में किसी भी रेलकर्मी की संलिप्तता प्रकाश में नहीं आई है। रेल ।प्रशासन इस प्रकरण को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए सतर्कता टीम के माध्यम से विस्तृत जांच कर रहा है। जांच के दौरान अन्य संभावित संलिप्त व्यक्तियों एवं नेटवर्क की भी पहचान की जा रही है। दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज में चिकित्सा सेवा ठप, मारपीट के बाद जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में रविवार रात मरीज के तीमारदारों और चिकित्सकीय स्टाफ के बीच हुई मारपीट के बाद जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल जारी है। हड़ताल के चलते मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ट्रॉमा सेंटर से गंभीर मरीजों को भी लौटाया जा रहा है। सर्जिकल वार्ड में रात करीब साढ़े नौ बजे खैर निवासी मरीज भूदेव का उपचार चल रहा था। चिकित्सकों ने मरीज को पानी पिलाने से मना किया था, लेकिन स्वजन उन्हें पानी पिलाने पर अड़े थे। ड्यूटी पर मौजूद स्टाफ नर्स शोभा हैरी ने जब उन्हें रोका तो परिजन भड़क गए और अभद्रता करने लगे। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और परिजनों की वार्ड में तैनात डॉक्टर चंदन, डॉक्टर तौकीर, डॉक्टर शिवेंदु व स्टाफ नर्स शोभा हैरी से कहासुनी हो गई, जो बाद में मारपीट में बदल गई। घटना के बाद स्टाफ नर्स शोभा हैरी ने पूरे मामले की शिकायत मेडिकल कॉलेज प्रशासन से की। वहीं, मारपीट के आरोपित तीमारदारों के मरीज भूदेव को मेडिकल कॉलेज से डिस्चार्ज कर दिया गया। देर रात परिजन उसे एंबुलेंस से निजी अस्पताल ले गए।

## जिलाधिकारी ने विगत तहसील दिवस के 51 निस्तारित प्रकरणों का 17 जिला स्तरीय अधिकारियों से कराया परीक्षण

● 04 कार्मिको के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही एवं 09 कार्मिको को प्रतिकूल प्रविष्टि निर्गत किये जाने के दिए निर्देश।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ब्यूरो प्रयागराज।** दिनांक 23.03.2026 (सोमवार) को तहसील सदर, प्रयागराज में सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी, प्रयागराज द्वारा विगत तहसील दिवस के निस्तारित प्रकरणों में से रैण्डम आधार पर 51 निस्तारित प्रकरणों का परीक्षण 17 जिला स्तरीय अधिकारियों से कराया गया, जिसमें 13 ऐसे प्रकरण पाये गये जो जिला स्तरीय अधिकारियों के परीक्षण में शिकायतकर्ताओं से असंतोषजनक फीडबैक प्राप्त हुआ।

1 विवेक सिंह, लेखपाल सदर, 2- मोइनउद्दीन सफाई नायक नगर निगम, 3- प्रेम किशोर पटेल, राजस्व निरीक्षक राजस्व विभाग, 4 सिद्धार्थ सिंह, जन्म मृत्यु लिपिक, नगर निगम द्वारा बिना निस्तारण किये असंतोषजनक आख्या प्रस्तुत की गयी है। (विभागीय कार्यवाही प्रस्तावित)

1- शैलेन्द्र कुमार सिंह, उप खण्ड अधिकारी, तेलियरगंज, विद्युत विभाग प्रयागराज 2- उमाशंकर सिंह, उ0नि0 धूमनगंज पुलिस विभाग 3- महेन्द्र प्रताप सिंह, लेखपाल -जोनल अधिकारी जोन-03 कटरा, नगर निगम, प्रयागराज 5 अशीष यादव, अवर अभियन्ता जलकल विभाग, प्रयागराज 6- सुशील शुक्ला, लेखपाल सदर 7- सुभाष चन्द्र दिवाकर लेखापाल, सदर 8 राकेश विश्वकर्मा, अवर अभियन्ता, नगर निगम 9- देवांश मुखर्जी, लेखपाल द्वारा सरसरी तौर पर प्रकरण निस्तारण कर सतही आख्या प्रस्तुत की गयी है। (प्रतिकूल प्रविष्टि प्रस्तावित) उक्त के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा यह निर्देश दिया गया कि जिन अधिकारी कर्मचारियों ने असंतोषजनक आख्या प्रस्तुत की गयी है ऐसे 04 कार्मिको को विभागीय कार्यवाही एवं सरसरी तौर पर सतही आख्या प्रस्तुत किये जाने वाले 09 कार्मिकों को प्रतिकूल प्रविष्टि निर्गत किया जाय।

# 1 अप्रैल से चलेगा स्कूली वाहनों के फिटनेस का विशेष अभियान

● स्कूली वाहनों में जीपीएस, कैमरा न लगाने पर होगी कार्यवाही

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले में विद्यालय के अध्ययनरत बच्चों के सुरक्षित आवागमन के लिए संचालित स्कूली वाहनों की दुर्घटना का एक बड़ा कारण वाहनों की फिटनेस का न होना अथवा गलत फिटनेस का होना पाया जाता है। इस संबंध में शासन स्तर पर निर्णय लिया गया है कि एक अप्रैल से 15 अप्रैल तक स्कूली वाहनों के फिटनेस एवं पूर्व में दी गई फिटनेस के सत्यापन के संबंध में विशेष अभियान चलाया जाएगा।

इस संबंध में मुख्य विकास अधिकारी सार्थक अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक में जनपद के विद्यालय के प्रबंधक और प्रधानाचार्यो को निर्देशित किया गया कि अपने विद्यालय में संचालित समस्त स्कूली वाहनों की फिटनेस, परमिट को अद्यतन कराने के पश्चात ही वाहन का संचालन बच्चों को लाने-ले जाने हेतु किया जाय। साथ ही 15 साल पूर्ण कर चुके स्कूली वाहनों को परिवहन कार्यालय में अपने समस्त प्रपत्रों के साथ प्रस्तुत होकर पंजीयन निरस्तीकरण की कार्यवाही करा लें। साथ विद्यालय बच्चों के अपने निजी वाहनों से विद्यालय आने पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाए जाय।

संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) फरीदउद्दीन ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार परिवहन आयुक्त उत्तर प्रदेश लखनऊ के आदेश के क्रम में 1 अप्रैल से 15 अप्रैल तक मंडल के सभी जनपदों में स्कूली वाहनों के फिटनेस एवं पूर्व में दी गई फिटनेस के सत्यापन के संबंध में विशेष अभियान चलाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि स्कूली वाहनों का फिटनेस प्रमाण पत्र वैधता के उपरांत रोड पर चलने वाले स्कूली वाहनों की कंडीशन भी दुरुस्त होनी चाहिए जिससे स्कूल के बच्चों के आवागमन में किसी प्रकार का खतरा महसूस न हो। साथ ही वाहन में जीपीएस की स्थापना, सीसी टीवी कैमरे की स्थापना एवं वाहन चालकों का पूर्ण विवरण लाइसेंस संख्या एवं वैधता, न्यूनतम 05 वर्ष का चालन अनुभव, पुलिस सत्यापन की तिथि प्रमाण पत्र, स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण प्रमाण पत्र मो0न0 ई -मेल आई डी पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य है। अन्यथा की स्थिति में ऐसे वाहनों पर कार्यवाही कर सीज की जाएगी, और स्कूल प्रबंधन की इसकी पूर्ण जिम्मेदारी होगी। विद्यालय प्रबंधन से आग्रह करते हुये संभागीय परिवहन अधिकारी ने कहा कि समय रहते अपने विद्यालय वाहन को दुरुस्त करा कर फिटनेस एवं समस्त कागजात सही करा लें।

# भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव के त्याग से मिलती है 'राष्ट्र प्रथम' की प्रेरणा- उप मुख्य मंत्री

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने महान क्रांतिकारी अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव के बलिदान दिवस पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य ने अपने कैम्प कार्यालय 7-कालिदास मार्ग पर इन शहीदों के स्मृति-चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि राष्ट्र की स्वतंत्रता के लिए उनका अदम्य साहस, त्याग और बलिदान भारतीय इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित है।

उन्होंने कहा कि इन अमर शहीदों की वीरता गाथा केवल प्रेरणा का स्रोत ही नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक को राष्ट्र के लिए समर्पित जीवन जीने तथा हर चुनौती का साहसपूर्वक सामना करने की शक्ति व साहस भी प्रदान करता है।

मौर्य ने कहा कि शहीद भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव का अप्रतिम साहस, अद्वितीय देशभक्ति और सर्वोच्च बलिदान राष्ट्र की चेतना में सदैव जीवंत रहेगा। उनके आदर्श हम सभी को 'राष्ट्र प्रथम' के संकल्प के साथ निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। उप मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों का आह्वान किया कि वे इन महान क्रांतिकारियों के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभायें।

# यूपीटीईटी 2026 : प्राथमिक टीईटी में 5 व उच्च प्राथमिक में 4 विषयों से पूछे जाएंगे प्रश्न, अभ्यर्थियों को तैयारी में मिलेगी मदद

● यूपीईएसएससी ने जारी किए प्रश्नपत्रों के विषयवस्तु

प्रश्नों की संख्या, उनके अंक संबंधी भी जानकारी दी है

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**प्रयागराज।** यूपीटीईटी 2026 उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग ने वर्ष 2026 की उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (यूपीटीईटी) के लिए प्रश्नपत्रों के विषयवस्तु के साथ प्रश्नों की संख्या और उनके अंक के संबंध में भी जानकारी दी है। इससे अभ्यर्थियों को अपनी तैयारी को सुव्यवस्थित करने में मदद मिलेगी।

**क्या है विषयवस्तु**

यूपीटीईटी 2026 विषयवस्तु के अनुसार प्राथमिक स्तर (कक्षा एक से पांच) की टीईटी में पांच विषयों से प्रश्न पूछे जाएंगे, जबकि उच्च प्राथमिक स्तर (कक्षा छह से आठ) तक की टीईटी के लिए चार विषयों से जुड़े प्रश्न रहेंगे।

**30-30 प्रश्न पूछे जाएंगे**

यूपीटीईटी 2026 शिक्षा सेवा चयन आयोग के अनुसार प्राथमिक स्तर की टीईटी के लिए जो प्रश्नपत्र होंगे, उनके प्रश्न बाल विकास एवं शिक्षण विधि, भाषा प्रथम (हिंदी), भाषा द्वितीय (अंग्रेजी/उर्दू/संस्कृत), गणित तथा पर्यावरणीय अध्ययन विषयवस्तु पर केंद्रित होंगे। प्रत्येक विषय से 30-30 प्रश्न पूछे जाएंगे। कुल मिलाकर 150 प्रश्न होंगे और सभी अनिवार्य होंगे।

**इन विषयों के भी होंगे प्रश्न**

यूपीटीईटी 2026 इस प्रकार अभ्यर्थियों को हर विषयवस्तु की संतुलित तैयारी करनी होगी। वहीं, उच्च प्राथमिक स्तर की टीईटी के प्रश्नपत्र में सभी के लिए भाषा प्रथम (हिंदी) और भाषा द्वितीय (अंग्रेजी/उर्दू/संस्कृत) से 30-30 प्रश्न होंगे।

**इनमें से कोई एक चुनने का विकल्प**

इसके अलावा गणित एवं विज्ञान, सामाजिक अध्ययन या सामाजिक विज्ञान तथा अन्य किसी शिक्षक के लिए गणित/विज्ञान अथवा सामाजिक विज्ञान में से कोई एक चुनने का विकल्प रहेगा और सभी में 60-60 प्रश्न होंगे। प्रत्येक प्रश्न एक-एक अंक के होंगे। आयोग के अनुसार, दोनों स्तरों की टीईटी ढाई-ढाई घंटे की होंगी। इसके लिए 27 मार्च से आनलाइन लिए जाएंगे, जबकि परीक्षा दो, तीन एवं चार जुलाई को प्रस्तावित है।

# 83 आपराधिक मुकदमा वाले जानलेवा हमले के आरोपित की इलाहाबाद हाई कोर्ट में सशर्त जमानत मंजूर, कोर्ट ने की टिप्पणी

● हाई कोर्ट ने कहा- केवल आपराधिक इतिहास से नहीं रोकी जा सकती जमानत, साक्ष्यों पर निर्भर

शाहजहांपुर में दर्ज मामले में ट्रायल कोर्ट ने अभियुक्त को 10 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा है कि सिर्फ आपराधिक इतिहास के आधार पर किसी अभियुक्त को जमानत से वंचित नहीं किया जा सकता।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा कि किसी अभियुक्त के खिलाफ दर्ज मामलों की संख्या के आधार पर उसे जमानत से वंचित नहीं किया जा सकता। जमानत अन्य साक्ष्यों पर निर्भर करेगी। न्यायमूर्ति राजवीर सिंह की एकलपीठ ने यह टिप्पणी 83 मुकदमों के आपराधिक इतिहास वाले अभियुक्त दिनेश पाल सिंह उर्फ मुन्ना की 10 साल की सजा निलंबित करने के साथ ही अपील लंबित रहने के दौरान सशर्त जमानत मंजूर करते हुए की है।

**शाहजहांपुर ट्रायल कोर्ट के निर्णय को चुनौती**

शाहजहांपुर के थाना तिलहर में दर्ज मामले में ट्रायल कोर्ट ने अभियुक्त को धारा 307/34 (हत्या का प्रयास), 323/34 (मारपीट) आइपीसी एवं 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत दोषी ठहराते हुए 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इसे अपील में चुनौती दी गई है। अभियोजन के अनुसार होटल में खाने के पैसे मांगने को लेकर विवाद हुआ, आरोपित ने फायरिंग कर दी। हालांकि पीड़ित को कोई गंभीर चोट नहीं लगी और केवल साधारण चोट पाई गई।

**अपीलार्थी ने क्या तर्क दिया?**

अपीलार्थी के अधिवक्ता ऋतेश सिंह ने तर्क दिया कि मामले में साक्ष्य पर्याप्त रूप से अभियोजन के पक्ष में नहीं हैं। गवाह पक्षद्रोही हो चुका है। अधिकांश आपराधिक केसों में अपीलार्थी बरी हो चुका है। वह 66साल का है और कई बीमारियों से ग्रस्त है। मुकदमों की भारी संख्या को देखते हुए अपील शीघ्र सुने जाने की संभावना नहीं है। एक साल की सजा काट चुका है। इसलिए अपील लंबित रहने तक जमानत पर रिहा किया जाय।

**राज्य सरकार ने जमानत का विरोध किया**

राज्य सरकार ने 83 मामलों के आपराधिक इतिहास का हवाला देते हुए जमानत का विरोध किया। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने कहा, 'केवल आपराधिक इतिहास के आधार पर जमानत आवेदन खारिज करना उचित नहीं है, यदि साक्ष्य राहत देने के पक्ष में हों।' कोर्ट ने पाया कि पीड़ित को गंभीर चोट नहीं लगी है और अभियोजन के साक्ष्य अपेक्षाकृत कमजोर हैं। कोर्ट ने 75 प्रतिशत जमा जुर्माना राशि की वसूली स्थगित कर दी है।

# संगम नगरी में ग्रामीण खेल का महाकुंभ 25 से 27 मार्च तक, प्रदेशभर में आठ जोन के एक हजार खिलाड़ी जुटेंगे

● तीन दिवसीय राज्य स्तरीय ग्रामीण खेल लीग का होगा आयोजन

● प्रयागराज को दूसरी बार आयोजन की मेजबानी का मिला मौका

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज।** संगम नगरी में ग्रामीण खेल के महाकुंभ का आयोजन होने जा रहा है। यह तीन दिवसीय राज्य स्तरीय ग्रामीण खेल लीग 25 मार्च से शुरू होगा। इसमें प्रदेश के आठ जोन के अलग-अलग खेलों से जुड़े लगभग एक हजार खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। प्रयागराज को दूसरी बार इस आयोजन में मेजबानी का मौका मिला है।

**युवा कल्याण विभाग करेगा आयोजन**

युवा कल्याण विभाग की ओर से ग्रामीण अंचल में खेल को बढ़ावा देने के लिए विधानसभा, संसदीय क्षेत्र और फिर जोन स्तरीय प्रतियोगिताएं कराई जाती हैं। यह प्रतियोगिताएं सभी जनपदों व जोन में हो चुकी हैं। इसके बाद अब राज्य स्तरीय ग्रामीण खेल लीग का आयोजन होना है, जिसके लिए प्रयागराज को चुना गया है। योजना की शुरुआत से लेकर अब तक दूसरी बार प्रयागराज में यह आयोजन होने जा रहा है। इससे पहले वर्ष 2023 में यहां राज्य स्तरीय ग्रामीण खेल लीग हुआ था।

**सब-जूनियर, जूनियर व सीनियर वर्ग की प्रतियोगिता**

जिला युवा कल्याण अधिकारी गुलशन शर्मा ने बताया कि यह ग्रामीण खेल लीग 25 मार्च से शुरू होकर 27 मार्च तक चलेगा। यह प्रतियोगिता सब-जूनियर, जूनियर और सीनियर तीनों वर्गों में आयोजित होगी। प्रयागराज, वाराणसी, बरेली, आगरा, लखनऊ, गोरखपुर, झांसी और मेरठ जोन के करीब एक हजार खिलाड़ी इसमें हिस्सा लेंगे। इस आयोजन पर करीब 20 लाख रुपये खर्च होंगे। दूसरे जनपदों से आने वाले खिलाड़ियों और कोच के ठहरने व भोजन की व्यवस्था मैरी लूकस स्कूल में की गई है।

**मदन मोहन मालवीय स्टेडियम से होगी शुरुआत**

ग्रामीण खेल लीग के एथलेटिक्स से जुड़ी बालक-बालिका वर्ग की प्रतियोगिताएं मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में कराई जाएंगी। इन प्रतियोगिताओं में 100 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर और 1500 मीटर की दौड़, शार्ट पुट, जैवलिन थ्रो, डिस्कस थ्रो, हाई जंप और लांग जंप शामिल हैं। वहीं बैडमिंटन की बालक व बालिका वर्ग की एकल व युगल दोनों श्रेणी की प्रतियोगिता मेयो हाल में होगी।

**कल से जुटेंगे खिलाड़ी**

युवा कल्याण विभाग की ओर से कराए जा रहे राज्य स्तरीय ग्रामीण खेल लीग के लिए 24 मार्च की शाम से ही प्रदेश भर के खिलाड़ियों का जुटान संगम नगरी में होने लगेगा। इन्हें किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए सात जनपदों के करीब 30 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी लगाए गए हैं। 25 मार्च से यह खेल लीग शुरू होगा, जो 27 मार्च तक चलेगा।

**इन खेलों में जोर आजमाएंगे खिलाड़ी**

बालक-बालिका वर्ग की 100 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर और 1500 मीटर की दौड़, शार्ट पुट, जैवलिन थ्रो, डिस्कस थ्रो, हाई जंप और लांग जंप प्रतियोगिताएं मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में होंगी। वहीं बैडमिंटन की बालक व बालिका वर्ग की एकल व युगल दोनों श्रेणी की प्रतियोगिता मेयो हाल में होगी। इन प्रतियोगिताओं में प्रदेश भर के करीब एक हजार खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

**20 क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी**

जिला युवा कल्याण अधिकारी गुलशन शर्मा ने बताया कि मीरजापुर, वाराणसी, प्रतापगढ़, हमीरपुर, सुल्तानपुर, चित्रकूट के जिला युवा कल्याण अधिकारियों को भी शासन स्तर से अलग-अलग जिम्मेदारी मिली है। इसके अलावा अलग-अलग जनपदों से 20 क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी लगाए गए हैं। प्रयागराज की टीम अलग से तैयारियों में जुटी है।

## संक्षिप्त खबरें

### विष्णु महायज्ञ प्रांगण में पूजन हेतु उमड़ने लगा है श्रद्धालुओं का सैलाब



**यज्ञ स्थल पर स्थापित भव्य प्रतिमाओं व यज्ञशाला की परिक्रमा कर रहे हैं श्रद्धालु**

**पाकुड़िया, पाकुड, झारखण्डः-** लंबी प्रतीक्षा के उपरांत प्रखंड मुख्यालय पाकुड़िया स्थित रामलला यज्ञ परिसर में 21 मार्च से श्रीश्री 1008 विष्णु महायज्ञ का श्रीगणेश होने से प्रखंड वासियों में अपूर्व उत्साह और उल्लास की झलक दिख रही है। यज्ञ के तृतीय दिवस 23 मार्च को बड़ी संख्या में प्रखंड के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों से श्रद्धालु विशेष रूप से महिलाएं तथा बच्चे देव पूजन व यज्ञशाला की परिक्रमा देव मंत्रों के साथ करते दिखे। भगवान-भगवती की उपासना के बाद परिक्रमा करने की विशिष्टता रही है। यज्ञ प्रांगण में राधाकृष्ण की सौम्य दिव्य युगल प्रतिमाओं का पूजन और नमन लोग कर रहे हैं। वहीं इसी पवित्र स्थल पर 24 प्रहर हरि संकीर्तन हो रही है। इधर चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से बासंतिक नवरात्र के पांचवें दिवस मां स्कंदमाता की आराधना पूरी भक्ति-भाव से भक्तों ने करते हुए मां से मंगल कामना की। अस्तु 9 दिवसीय विष्णु महायज्ञ एवं चैत्र नवरात्र की पुणीत वेला में पाकुड़िया प्रखंड के वातावरण में आध्यात्मिक सुरभि की निखार से लोगों में अनूठी उमंग देखी जा रही है। यज्ञ परिसर में शांति बनाए रखने के लिए पुलिस बल का प्रशंसनीय सहयोग दिख रहा है। महिला पुलिस भी तैनात है। यज्ञ के तीसरे दिन ख़बर लिखे जाने तक मौसम साफ बना रहा धूप में भी प्रखरता बनी है।

### कस्तूरबा गाँधी आवासीय विद्यालय के स्थापना दिवस पर पहुचे विधायक



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** प्रखंड के पीएम श्री कस्तूरबा गांधी आवसीय विद्यालय में सोमवार को 21 वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप मे महेशपुर विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी ने कस्तूरबा गांधी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर तथा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुरुआत किया। इस दौरान विधायक ने कार्यक्रम में मौजूद छात्राओं को संबोधित करते हुए कस्तूरबा गांधी के जीवन पर प्रकाश डाला। साथ ही विद्यालय के संचालन से संबंधित कई बिंदुओं पर प्रकाश डाला। वहीं उन्होंने 21 वर्षो से बेहतर तरीके से विद्यालय संचालन को लेकर शुभकामनाएं दी।साथ ही भविष्य में विद्यालय के संचालन से संबंधित हर प्रकार का सहयोग करते हुए विद्यालय को बेहतर बनाने की बात कही। इससे पहले कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि का विद्यालय के छात्राओं द्वारा बैंड और पारंपरिक संथाली नृत्य के साथ भव्य स्वागत किया गया। छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां पेश किया गया और तथा खेल प्रतियोगिताओं भाग ले रहे विजेताओं को मुख्य अतिथि के हाथों मेडल और सर्टिफिकेट वितरण किया गया विद्यालय की प्रधान अध्यापिका द्वारा पिछले एक वर्ष की रिपोर्ट कार्ड पेश किया।मौके पर प्रखंड अध्यक्ष मोतीलाल हांसदा,शिक्षा पदाधिकारी सुमिता मरांडी,वार्डन अस्सूनता मुर्मू ,लेखापाल राखी चौधरी , शिक्षिका अनोखी अर्लीना मरांडी , तनुश्री दास, बिनोद भगत, बिश्वाजीत दास, सुरज रविदास समेत अन्य कई शिक्षक व छात्राएं मौजूद थे।

### छप्पर हटाने के विवाद में पुलिस पर मिलीभगत का आरोप, एसपी से की शिकायत

**लालगंज,प्रतापगढ़।** आबादी की जमीन पर रखे गये छप्पर को हटाने के लिए पीड़ित ने पुलिस पर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए सोमवार को एसपी से शिकायत की है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के दखिनहा का पुरवा गांव निवासी लवलेश यादव पुत्र शंभू नाथ यादव ने एसपी को दिये गये शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा है कि वह अपनी पैतृक आबादी की जमीन पर छप्पर डालकर रहते हैं। आरोप है कि बीती 22 मार्च की शाम करीब चार बजे पुलिस से मिलीभगत करके विपक्षी ने जबरन छप्पर को हटा दिया। पीड़ित के विरोध करने पर आरोपियो ने जानलेवा धमकी देते हुए फर्जी मुकदमें में फंसा देने की धमकी दी। पीड़ित ने मामले की जांच कर विपक्षियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# विधायक प्रो.स्टीफन मरांडी ने किया यज्ञ मेला का उद्घाटन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पाकुड़िया, पाकुड, झारखण्डः-** प्रखंड के रामलला यज्ञ मैदान में 21मार्च को नौ दिवसीय श्री श्री 1008 श्री विष्णु महायज्ञ का श्रीगणेश हुआ। यज्ञ प्रांगण में 9 दिवसीय मेला एवं भगवान की लीलाओं हिन्दी,बंगला भाषाओं में। 24 प्रहर संकीर्तन का शुभारंभ श्रद्धा, भक्ति पूर्ण वातावरण में प्रारम्भ हुआ। कार्यक्रम का शुभ उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक प्रोफेसर स्टीफन मरांडी ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के उपरांत यज्ञ कमेटी की अध्यक्ष शम्भू भगत,सचिव अशोक भगत तथा अन्य यज्ञ कमेटी सदस्यों द्वारा सभी अतिथियों को बुके देकर और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के शुभावसर पर यज्ञ परिसर विष्णु भगवान की जयकारों से गूंजायमान हो उठा। यज्ञ आयोजन के निमित्त 21मार्च को भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। कलश यात्रा तिरिपीतिया नदी से जल भरकर पुनः यज्ञ प्रांगण पहुंची। इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं, युवाओं और श्रद्धालुओं ने भाग लिया। मौके पर मुख्य अतिथि विधायक स्टीफन मरांडी ने कहा कि यज्ञ से वातावरण शुद्ध होता है और मानव जीवन का कल्याण होता है। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और लोगों के बीच आपसी भाईचारा भी मजबूत होता है।

मौके पर जिला उपाध्यक्ष हरिवंश चौबे, थाना प्रभारी मनोज कुमार महतो, जिप अध्यक्ष जुली हेमब्रोम झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मोतीलाल हांसदा, शिवशंकर भगत, ओम भगत, मेघनाथ भगत, छोटू भगत, बिश्वाजीत दास, अरविंद भगत, गुड्डू भगत, मुकेश यादव, टिंकू भगत, गोकुल, समिति की सदस्या गायत्री देवी सहित बड़ी संख्या मे श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस मांगलिक शुभावसर पर श्री-श्री -1008 विष्णु महायज्ञ का श्रीगणेश, बनारस के पंडितों ने वैदिक मंत्रों व पूरे विधि-विधान से किया। वहीं 22 मार्च से भक्तों ने यज्ञ प्रांगण में स्थापित श्रीगणेश जी, माता काली, मां शारदा देवी, श्रीराम कृष्ण, गौर-निताई, सिदो-कान्हू, मां दुर्गा, मां लक्ष्मी, भगवान विष्णु-लक्ष्मी, बजरंगबली तथा महादेव-महादेवी आदि माता पार्वती जी की भव्य दिव्य प्रतिमाओं के पूजन, यज्ञ वेदी की परिक्रमा मंत्रों सहित किया। रात्रि को भगवान की लीलाओं का सुन्दर गायन हुआ।

### बनहरदी कोयला परियोजना का सराहनीय कदमः ग्राम रामपुर में स्वास्थ्य शिविर, 123 ग्रामीणों ने कराया मुफ्त इलाज

**लातेहार, झारखंडः-** बनहरदी कोयला खनन परियोजना के सामुदायिक विकास कार्यक्रम के तहत ग्राम रामपुर में निःशुल्क सामान्य स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 123 ग्रामीणों ने भाग लेकर अपने स्वास्थ्य की जांच कराई और मुफ्त चिकित्सा सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर के दौरान ग्रामीणों की ब्लड प्रेशर, शुगर (डायबिटीज) समेत सामान्य स्वास्थ्य जांच की गई। साथ ही जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। उपस्थित चिकित्सकों ने जांच के बाद सभी लाभार्थियों को आवश्यक स्वास्थ्य परामर्श दिया। इस अवसर पर आर. बी. सिंह (अपर महाप्रबंधक, एलए/आर एंड आर), विनेश कुमार (वरिष्ठ प्रबंधक) एवं मनीष देवदत्त एक्का (चिकित्सा अधिकारी) सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे और शिविर के संचालन में सक्रिय भूमिका निभाई। यह स्वास्थ्य शिविर न केवल ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में सहायक साबित हुआ, बल्कि बनहरदी परियोजना की सामाजिक उत्तरदायित्व और जनकल्याण के प्रति प्रतिबद्धता को भी स्पष्ट रूप से दर्शाता है।

## ग्राम रोजगार सेवकों ने बकाया मानदेय भुगतान को लेकर ब्लॉक मुख्यालय पर प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**● ब्लॉक मुख्यालय शोहरतगढ़ पर बकाया मानदेय को लेकर प्रदर्शन करते हुए ग्राम रोजगार सेवक**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिले के शोहरतगढ़ ब्लॉक परिसर में सोमवार को ग्राम रोजगार सेवक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष विजय दूबे की अगुवाई में रोजगार सेवकों ने बकाया मानदेय को लेकर अपने आवाज को बुलंद किया। ब्लॉक अध्यक्ष विजय दूबे ने कहा कि मनरेगा (बीवी जी राम जी योजना ) के तहत कार्यरत रोजगार सेवक सरकार के योजनाओं के क्रियान्वयन के प्रति निष्ठा से कार्य कर रहे हैं। रोजगार सेवकों को विगत 6 माह से मानदेय नहीं मिला है। जिसके कारण परिवार का पालन पोषण करना दुर्लभ हो गया है। उन्होंने कहा कि सभी रोजगार सेवक अपने- अपने ग्राम पंचायतों में शासन प्रशासन के निर्देशों का निष्ठा पूर्वक पालन कर रहे हैं। लेकिन मानदेय न मिलने के कारण परिवार के समक्ष भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। रोजगार सेवकों की विकट स्थिति को देखते हुए रोजगार सेवकों ने एकजुटता के साथ ब्लॉक मुख्यालय पर इकट्ठा होकर आवाज बुलंद करते हुए 31 मार्च तक बकाया मानदेय भुगतान करने के लिए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी को सौंपा। इस दौरान रोजगार सेवक चंद्रावती, रामरक्षा, मीरा देवी, अनीता चौहान, रामपाल चौधरी, सुनील गुप्ता, दीनदयाल, बाबूलाल ,अमर सहाय उपाध्याय, अमित दुबे ,मोहम्मद शमीम, शिवनारायण, दिनेश कुमार चौधरी , राजा राम आदि लोग मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना तृतीया इकाई का एक दिवसीय शिविर सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** नेहरू महाविद्यालय के प्रांगण में राष्ट्रीय सेवा योजना तृतीय इकाई का एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। जिसके अंतर्गत स्वयं सेवकों ने सर्वप्रथम राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य गीत गाकर शिविर का आरंभ किया। उसके पश्चात महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता कार्यक्रम चलाया गया। जिसमें सभी स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। स्वच्छता कार्यक्रम के पश्चात वर्तमान वैश्विक परिदृश्य और भारत विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। अध्यक्षता करते हुये प्राचार्य प्रो.ओम प्रकाश शास्त्री ने कहा कि वर्तमान समय में राष्ट्रीय सेवा योजना का महत्व दिनों दिन बढ़ता जा रहा है क्योंकि वर्तमान समय में दुनिया तेजी से बदल रही है। विज्ञान, तकनीक, अर्थव्यवस्था और संस्कृति के क्षेत्र में लगातार नए परिवर्तन हो रहे हैं। आज पूरी दुनिया एक दूसरे से जुड़ी हुई है, जिसे हम वैश्वीकरण कहते हैं। इंटरनेट, संचार और परिवहन के विकास ने देशों के बीच दूरी को कम कर दिया है। अब किसी एक देश में होने वाली घटना का प्रभाव पूरे विश्व पर पड़ता है। मुख्य वक्ता असिस्टेंट प्रो.डा.लक्ष्मीकांत मिश्रा ने कहा कि आज भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है। भारत डिजिटल क्रांति की ओर बढ़ रहा है, जहां कई योजनाएँ देश को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना तृतीय इकाई के कार्यक्रम अधिकारी जितेंद्र कुमार ने किया। तृतीय इकाई के स्वयंसेवक कुलदीप द्विवेदी ने कार्यक्रम में शामिल हुए विषय विशेषज्ञों एवं सभी स्वयंसेवकों का आभार किया। इस दौरान कर्मचारियों में कमलेश नांगल और नरेंद्र तथा स्वयंसेवकों में सृष्टि, लोनी, कौशल्या, निशा, प्राची, प्रिंसी, रामअवतार झा, धर्मेंद्र, कबीर, अनेक, कृपाल, दीक्षा साहू, अंशु दुबे, काजल, गायत्री देवी, सुमित कुमार, कुलदीप, वंदना, देवेंद्र, अमित, अभिषेक, अमर, संजीव आदि उपस्थित रहे।

### आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर महासंघ ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**ललितपुर।** जनपद में दर्ज एक आपराधिक मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से नाराज संगठन ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।अखिल भारतीय प्रजापति (कुंभार) महासंघ द्वारा जिलाधिकारी को दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि थाना नाराहट क्षेत्र में दर्ज मुकदमा संख्या 0036/2026 (धारा 309, 352, 351 आदि) के आरोपियों की अब तक गिरफ्तारी नहीं की गई है। संगठन का आरोप है कि नामजद आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं और शिकायतकर्ता पर समझौते का दबाव बना रहे हैं। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि आरोपियों द्वारा शिकायतकर्ता को धमकाया जा रहा है कि यदि समझौता नहीं किया गया तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। इससे पीड़ित परिवार भय के माहौल में जीवन यापन कर रहा है। महासंघ ने प्रशासन से मांग की है कि आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी कर उन्हें जेल भेजा जाए, जिससे पीड़ित को न्याय मिल सके और कानून-व्यवस्था बनी रहे। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा।

### भव्य रामनवमी महोत्सव की तैयारी में जुटा चंदवाः युवा भारत की बैठक में बना रोडमैप, बाइक जुलूस को लेकर खास रणनीति

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चंदवा, झारखंडः-** आगामी रामनवमी महोत्सव को लेकर युवा भारत चंदवा की एक महत्वपूर्ण बैठक इंदिरा गांधी चौक स्थित आईबी सरकारी P W D विश्रामगार में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदीप ठाकुर ने की, जिसमें आयोजन को भव्य और ऐतिहासिक बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि रामनवमी महोत्सव को व्यापक स्वरूप देने के लिए सभी महावीर मंडल कमेटियों, पूजा समितियों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के अध्यक्षों को कार्यक्रम में आमंत्रित किया जाएगा। इससे आयोजन में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। इसके अलावा 26 मार्च को प्रस्तावित भव्य बाइक जुलूस को सफल बनाने के लिए अलग-अलग क्षेत्रों में कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई। कार्यक्रम की रूपरेखा भी तैयार की गई तथा आयोजन से जुड़े विभिन्न कार्यों के लिए अलग-अलग टीमों का गठन कर उनकी जवाबदेही तय की गई। बैठक में सौरभ पांडेय, मोहनीश कुमार, नितीश तिवारी, आदर्श रवि राज, कृष्ण कुमार, अंकित कुमार गोलू, रोहित कुमार, मुरारी साहू, राहुल जायसवाल, सौरभ कुमार बिट्टू, रवि पांडुरंगा, राजू प्रसाद, रंजीत कुमार, छोटू कुमार, अनिकेत भास्कर, अक्षय यादव, कृपाचार्य सिंह दारा, प्रकाश गंझु, सूरज कुमार समेत कई सक्रिय सदस्य मौजूद रहे। युवा भारत चंदवा के पदाधिकारियों ने सभी कार्यकर्ताओं से अपने-अपने दायित्वों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करने का आह्वान किया, ताकि रामनवमी महोत्सव को सफल, भव्य और यादगार बनाया जा सके।

### बरहज तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस, 67 शिकायतें मिलीं

देवरिया। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में सोमवार को तहसील बरहज सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें बड़ी संख्या में फरियादी पहुंचे और अपनी समस्याएं जिलाधिकारी के सामने रखीं। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी निस्तारण करने के निर्देश दिए।

समाधान दिवस में कुल 67 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें 14 राजस्व, 25 पुलिस, 7 विकास, 7 खाद्य एवं रसद/शिक्षा, 2 समाज कल्याण तथा 12 अन्य विभागों से संबंधित मामले शामिल रहे। मौके पर ही 6 मामलों का निस्तारण कर फरियादियों को राहत दी गई, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागों को भेज दिया गया।

इस दौरान दो पात्र लाभार्थियों को अंत्योदय राशन कार्ड भी वितरित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण शासन की प्राथमिकता है।

## हनुमान जन्मोत्सव व रथयात्रा की तैयारियों पर स्वर्णकार समाज की बैठक संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** स्वर्णकार भारती सेवा संस्थान की एक महत्वपूर्ण बैठक एक रेस्टोरेंट में संरक्षक सुदामा प्रसाद सोनी धन्नू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आगामी हनुमान जन्मोत्सव, जगन्नाथ रथयात्रा एवं समिति के विस्तार को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान वरिष्ठ संरक्षक ने समिति के विस्तार हेतु संरक्षक मंडल को मजबूत करने पर जोर दिया। वहीं नवल किशोर सोनी ने कार्यक्रमों की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए पंपलेट वितरण की आवश्यकता बताई। एड. प्रभुदयाल तामिया ने समाज के अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने और मासिक अंशदान तय करने का सुझाव दिया, जबकि एड. राजेंद्र तामिया ने वार्षिक सहयोग राशि के पक्ष में अपनी बात रखी। वरिष्ठ संरक्षक सुशील जड़िया ने सामाजिक गतिविधियों को बढ़ाने पर बल दिया। प्रदेश उपाध्यक्ष मथुरा प्रसाद सोनी ने कहा कि समिति समाजहित में होने वाले कार्यक्रमों को भव्य रूप देने के लिए प्रतिबद्ध है।

अध्यक्ष कृष्णकांत सोनी ने बताया कि संस्था पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव पर मुरलीधर मंदिर रावरपुरा में शोभायात्रा का स्वागत लस्सी वितरण के साथ करेगी। साथ ही जगन्नाथ रथयात्रा के दौरान भव्य स्वागत एवं शोभायात्रा में हलुआ प्रसाद वितरण किया जाएगा। उन्होंने सभी स्वर्णकार बंधुओं से अपील की कि वे इन आयोजनों में बढ़-चढ़कर भागीदारी करें। साथ ही समिति के विस्तार के लिए पदाधिकारी घर-घर जाकर समाज के लोगों से संपर्क करेंगे और पंपलेट के माध्यम से संस्था की गतिविधियों की जानकारी देंगे। बैठक में पारित प्रस्तावों पर शीघ्र ही अमल करने का आश्वासन दिया गया। अंत में नवल किशोर सोनी ने सभी उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान मथुरा प्रसाद सोनी, प्रभुदयाल तामिया, नवल किशोर सोनी, राजेंद्र तामिया, सुदामा प्रसाद सोनी धन्नू, सुशील जड़िया, पुरुषोत्तम सोनी, पंकज सोनी, कृष्णकांत सोनी, दीपक सोनी, कमलकांत सोनी, अंकित सोनी, रामबाबू सोनी, धर्मेंद्र सोनी, शिवशंकर सोनी, ऋषिशरण सोनी, सिद्धेश सोनी सहित अनेक स्वर्णकार बंधु उपस्थित रहे।

## अंजनी माता मेला : सुरक्षा व सुविधाओं पर प्रशासन सख्त, विभागों को सौंपी जिम्मेदारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महरौनी ।** चैत्र पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित होने वाले मां अंजनी मेला महोत्सव की तैयारियों को लेकर सोमवार को तहसील सभागार में प्रशासन एवं प्रबंध समिति की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में मेले की रूपरेखा तैयार करते हुए विभिन्न विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। तहसील क्षेत्र के ग्राम कुमेंहड़ी स्थित अंजनी माता मंदिर परिसर में 1 अप्रैल से प्रारंभ होने वाला यह मेला एक सप्ताह तक दिन-रात चलता है। मेले में दूर-दराज से दुकानदार, सर्कस, झूले सहित धार्मिक, सांस्कृतिक एवं मनोरंजन कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। तहसीलदार भानु प्रताप सिंह ने बैठक में व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद रखने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने पार्किंग व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने, महिलाओं की सुरक्षा के लिए महिला पुलिस बल की तैनाती तथा संभावित आगजनी से निपटने के लिए फायर ब्रिगेड की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साफ-सफाई की जिम्मेदारी एडीओ पंचायत को सौंपी गई है, जबकि चिकित्सा विभाग को मेले की अवधि में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं। खाद्य सुरक्षा विभाग को मिलावट एवं अनियमितताओं पर कड़ी नजर रखने को कहा गया है। पशु चिकित्सा अधिकारी को भी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। पीडब्ल्यूडी विभाग को सड़क के दोनों ओर गड्ढों को शीघ्र भरने तथा पेयजल व विद्युत व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। सुरक्षा व्यवस्था के तहत मेला परिसर में पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए खोया-पाया केंद्र स्थापित किया जाएगा।

प्रशासन ने स्पष्ट किया कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक राजा दिनेश सिंह, एसडीओ विद्युत, एसडीओ पंचायत, पशु चिकित्सा अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी, दिनेश विदुआ, मुकेश श्रीवास्तव, संतोष निरंजन, धनीराम टिकरिया, ग्राम प्रधान प्रकाश नारायण निरंजन, संतोष पटेल, नारायण सिंह, बृजभूषण दीक्षित, बलराम निरंजन, धनीराम मुड़िया, रवि रजक आदि उपस्थित रहे।

### कंप्यूटरीकृत ग्राम सचिवालय का विधायक ने किया उद्घाटन

**मनकापुर गोण्डा-** ग्राम पंचायत गौरा बुजुर्ग के कंप्यूटरीकृत ग्राम सचिवालय का सोमवार को विधायक प्रभात कुमार वर्मा ने उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि तहसील का यह पहला कंप्यूटर युक्त ग्राम सचिवालय है। इसका उद्देश्य ग्रामीण बच्चों को तकनीकी शिक्षा से जोड़ना है। सरकार शिक्षा के क्षेत्र में लगातार काम कर रही है। इस कार्य के लिए ग्राम प्रधान राहुल शुक्ला ग्राम पंचायत अधिकारी बृजकेश मिश्रा को सराहनीय कार्य के लिए धन्यवाद दिया। प्रधान ने बताया कि ग्राम सभा के बच्चों के लिए तेरह कंप्यूटर लगाए गए है ऑफलाइन पढ़ाई के लिए किताबें मंगाई गए है। जिससे ग्राम सभा के बच्चे पढ़कर आगे अपनी भविष्य बना सके। कार्यक्रम में विक्रम वर्मा, अनिरुद्ध शुक्ला भोगी पांडे, छोटू यादव, दशरथ वर्मा अमरनाथ पांडे मौजूद रहे।

## डॉक्टर लोहिया की नीतियां आज भी प्रासंगिक है

**● दाम निर्धारित नहीं होंगे तब तक महंगाई पर अंकुश नहीं लगेगा - हाजी फजल महमूद**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** समाजवादी आंदोलन के महानायक महान समाजवादी चिंतक समाजवादी पुरोधा महान स्वतंत्रता सेनानी डॉक्टर राम मनोहर लोहिया की 136वीं जयंती पर आज सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अध्यक्षता में सपा कार्यालय में विचार गोष्ठी एवं श्रद्धांजलि सभा संपन्न हुई। विचार गोष्ठी का संचालन महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू ने किया। विचार गोष्ठी एवं श्रद्धांजलि सभा में सर्वप्रथम सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने अपने संगठन के पदाधिकारियों के साथ मिलकर डॉक्टर राम मनोहर लोहिया के चित्र पर माल्यार्पण करके उन्हें अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि डॉक्टर राम मनोहर लोहिया कहते थे कि लोग मेरी बात सुनेंगे जरूर लेकिन मेरे मरने के बाद डॉक्टर लोहिया कहते थे कि जिंदा कौमें 5 साल इंतजार नहीं करती हैं डॉक्टर लोहिया की दाम बांधो हिमालय बचाओ नर नारी समानता अंग्रेजी हटाओ भारत पाक महासंघ आदि नीतियां आज भी प्रासंगिक है जब तक सरकार दाम बांधो नीति के अंतर्गत हर वस्तुओं का दाम निर्धारित नहीं करेंगी तब तक देश में महंगाई पर काबू पाना असंभव है महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने अपने संबोधन में आगे कहा कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय श्री अखिलेश यादव जी ने पीडीए का मुद्दा आगे बढ़ा कर डॉ राम मनोहर लोहिया के सपनों को साकार किया है दाम बाधों महंगाई हटाओ अंग्रेजी हटाओ अभियान चला कर देश में परिवर्तन का संदेश दिया था डॉ लोहिया की सप्त क्रांति भाषा नीति तथा संस्कारो से आगे बढ़ना है डॉक्टर लोहिया के सिद्धांतों का अनुकरण करते हुए दवा शिक्षा मुफ्त में लागू करने के महत्व के साथ परिवर्तन करना होगो।

## बलरामपुर मे साइबर अपराध के संगठित गिरोह के 05 शातिर साइबर अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** जनपद में संचालित साइबर अपराध के गैंग / हॉटस्पॉट पर कार्यवाही करते हुये करोड़ो की ठगी करने वाले सक्रिय गैंग का भंडाफोड़ करते हुये एक बड़े साइबर अपराध के संगठित गिरोह के 05 शातिर साइबर अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार व उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त एन्ड्राइड / एप्पल फोन व कूटरचित दस्तावेज हुआ बरामद पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार द्वारा जनपद बलरामपुर में साइबर अपराध से सम्बन्धित हॉटस्पॉट के विरुध्द कार्यवाही किये जाने हेतु दिये गये सख्त निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक / नोडल अधिकारी साइबर क्राइम विशाल पाण्डेय व क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर/ अपराध डॉ जितेन्द्र कुमार के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक साइबर थाना आर0पी0 यादव जनपद बलरामपुर के नेतृत्व में मु0अ0सं0 05/2026 धारा 318(4), 319(2), 336(3), 338 बीएनएस व व धारा 66 डी आईटी एक्ट के बावत अभियुक्तगण द्वारा संगठित तरीके से साइबर ठगी का नेटवर्क संचालित करने, लोगो को लालच देकर व्यक्तियों के बैंक खाते एवं उनसे लिंक मोबाइल सिम किराये पर लेते थे तथा फर्जी पहचान के माध्यम से लोगों का विश्वास जीतकर अतिरिक्त खाते व सिम की व्यवस्था कर उसमें साइबर ठगी की धनराशि का सेटलमेन्ट करते थे। अभियोग से सम्बन्धित 05 अभियुक्त जिसमें 1. मो0 अकरम खान को सुआव नाला के पास से व अन्य 04 अभियुक्त को जिसमें 2. बच्चा लाल उर्फ प्रशान्त उर्फ गोलू, 3. आशिफ पुत्र, 4. प्रतीक मिश्रा, 5. सुजीत सिंह को श्याम बिहार कालोनी से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार किये गये अभियुक्तो का विवरणः-** 1. मो0 अकरम खान पुत्र मो0 असलम खान निवासी पुरैनिया तालाब थाना कोतवाली नगर बलरामपुर।

2. बच्चा लाल उर्फ प्रशान्त उर्फ गोलू पुत्र बाबूलाल निवासी नूरी मदरसा मो0 गदुरहवा (दक्षिणी) थाना कोतवाली नगर बलरामपुर।

3. आशिफ पुत्र अबुल कलीम निवासी गदुरहवा थाना कोतवाली नगर बलरामपुर।

4. प्रतीक मिश्रा पुत्र स्व0 चन्द्रदेव मिश्रा निवासी भगवतीगंज थाना कोतवाली नगर बलरामपुर।

5. सुजीत सिंह पुत्र रघुराज सिंह निवासी बेनीनगर पोस्ट धोबहा थाना गौरा चौराहा बलरामपुर।

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त आशिफ पुत्र अबुल कलीमः-** मु0अ0सं0



174/22 धारा 376, 506 आईपीसी थाना झंगहा जनपद गोरखपुर।

**अपराध करने का तरीका (Modus Operandi):-** अभियुक्तगणों द्वारा संगठित तरीके से साइबर ठगी करने हेतु एक नेटवर्क संचालित किया जाता था, जिसमें ये लोग लालच देकर व्यक्तियों के बैंक खाते एवं उनसे नया सिम खरीदवाकर बैंक खाते लिंक कराकर सिम सहित किराये पर लेते थे जिसके एवज में प्रति खाते का किराया 15000 रुपये से 20000 रुपये खाता धारक को किराये के रुप में देते थे। खाता उपलब्ध कराने वाले एजेन्टों को 5000 रुपये तक किराया प्रदान जाता था तथा फर्जी पहचान पत्र के माध्यम से लोगों का विश्वास जीतकर अतिरिक्त खाते व सिम की व्यवस्था करते थे। मुख्य संचालक गिरोह इन खातों का उपयोग कर स्वयं को परिचित बताकर या अन्य माध्यमों से पीड़ितों से ऑनलाइन धोखाधड़ी व आनलाइन सट्टा (अन्ना रेड्ड़ी बुक) जैसे माध्यमों से प्राप्त धनराशि को क्यूआर कोड, यूपीआई एवं इंटरनेट बैंकिंग के जरिए इन किराये के खातों में मंगाकर विभिन्न खातों में स्थानांतरित कर उसका सेटलमेंट करते थे, जिससे धन के स्रोत को छुपाया जा सके। इसके लिए अलग-अलग व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से समन्वय किया जाता था तथा बैंक खातों (बैंक पासबुक, एटीएम, सिमकार्ड) को गुप्त रूप से कोरियर (मिठाई के डिब्बों में छिपाकर) अन्य सहयोगियों तक भेजा व प्राप्त किया जाता था। अभी तक के अन्वेषण से इनके पास से 17 बैंक खाते बरामद हुये हैं जिनका उपयोग साइबर ठगी में किया जा रहा था। अभियुक्तगणों से प्राप्त बैंक खातों पर भारत भर में कुल 14 आनलाइन शिकायतें दर्ज हैं जिसमें कुल शिकायत की धनराशि लगभग 58 करोड़ दर्ज है। साइबर ठगी में प्रयोग किये गये खातों में से 08 बैंक खातों का विवरण बैंक से प्राप्त हो पाया है जिसमें कुल 5,06,07,956.09 (पांच करोड छः लाख सात हजार नौ सौ छप्पन) रुपये लेन-देन होना पाया जा रहा है शेष बैंक खातों का विवरण प्राप्त होना अभी शेष है।

**बरामदगीः-**1. 04 अदद एड्राइड मोबाइल फोन

2. 01 अदद एप्पल आईफोन (17)

3. 05 अदद कूटरचित दस्तावेज

# संक्षिप्त खबरें

## भाजपा सांसद द्वारा राहुल गांधी पर अभद्र टिप्पणी से बिफरे कांग्रेस कार्यकर्ता



### राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एडीएम को सौंपा

**कोंच(जालौन)-** भाजपा सांसद कंगना रनौत पर पिछले दिनों कांग्रेस महासचिव और वायनाड से सांसद राहुल गांधी के प्रति अभद्र टिप्पणी किए जाने से आहत कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एडीएम को देकर कंगना रनौत पर अनुशासनात्मक कार्यवाही किए जाने की मांग की है। सोमवार को समाधान दिवस में शामिल एडीएम को ज्ञापन देकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बताया कि विगत दिनों सार्वजनिक मंच से भाजपा सांसद कंगना रनौत ने विपक्ष के नेता, कांग्रेस महासचिव और सांसद राहुल गांधी के प्रति अपमानजनक और अभद्र भाषा का प्रयोग किया जो खेद के साथ आपत्ति जनक है। उन्होंने कहा कि यह भाषा संसदीय मर्यादाओं के खिलाफ है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मामले को लेकर सांसद कंगना रनौत के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही किए जाने की मांग ज्ञापन के माध्यम से राष्ट्रपति से की है। ज्ञापन देने वालों में कांग्रेस नगर अध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी, सभासद और पार्टी के जिला महासचिव आजादउद्दीन, वेदप्रकाश द्विवेदी, लकी द्विवेदी, शमशुद्दीन मंसूरी, रघुवीर कुशवाहा, श्रीनारायण दीक्षित, नवल किशोर जाटव, फैजुद्दीन, सानू, सुधीर रावत आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।

## श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञः भगवान के विभिन्न अवतारों की सुनाई कथा



**कोंच(जालौन)-** रामकुंड कॉलोनी में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में सोमवार को कथा व्यास पं. हरिओम थापक ने परमात्मा के विभिन्न अवतारों की कथाएं सुनाकर श्रोता समुदाय को भाव विभोर कर दिया। उन्होंने भागवत कथा को भगवान का शब्दात्मक श्रीविग्रह बताते हुए कहा, इसके श्रवण मात्र से अशांत मन सुस्थिर होकर धर्म अर्थ काम और मोक्ष की प्राप्ति की ओर अग्रसर होता है। कथा प्रवाह को आगे बढाते हुए कथा व्यास ने कहा, कथा श्रवण से प्राणीमात्र के सभी पापों का शमन हो जाता है और वह दत्तचित्त होकर भगवान में रम जाता है। उन्होंने परमात्मा के समय समय पर लिए गए विभिन्न अवतारों अस्तु मत्यावतार, वाराह अवतार, नृसिंह अवतार, वामन अवतार, नर नारायण अवतार, परशुराम अवतार आदि की कथाएं सुना कर श्रोताओं को मुग्ध कर दिया। उन्होंने कहा कि प्राणिमात्र को केवल परमात्मा पर ही विश्वास करना चाहिए, सांसारिक बंधन तो स्वार्थपूर्ण होते हैं। अपने कथन को पुष्ट करने के लिए उन्होंने गजेंद्र मोक्ष की कथा सुनाई, बताया कि जब गजेंद्र को ग्राह ने ग्रस लिया और उसके अपने उसकी रक्षा नहीं कर सके तो उसने नारायण हरि को पुकारा और भगवान विष्णु ने आकर उसे ग्राह के चंगुल से मुक्त कराया। अंत में कथा परीक्षित अर्चना-विनोद पांडे ने भागवतजी की आरती उतारी और फिर प्रसाद वितरित किया गया।

## ओलावृष्टि से बर्बाद फसलों पर मुआवजे की मांग

### किसान संघ ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**ललितपुर।** जनपद में बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से किसानों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचने के बाद भारतीय किसान संघ ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है। किसान संघ द्वारा दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि 20 मार्च 2026 को हुई तेज बारिश और ओलावृष्टि से जिलेभर में गेहूं की फसल बुरी तरह प्रभावित हुई है। कई स्थानों पर फसल पूरी तरह नष्ट हो गई है, जबकि कहीं खेतों में खड़ी फसल सडने लगी है। ज्ञापन में कहा गया कि पहले ही खरीफ फसल के नुकसान से जूझ रहे किसान अब रबी फसल के नुकसान से दोहरी मार झेल रहे हैं। इस स्थिति में किसान आर्थिक और मानसिक रूप से काफी परेशान हैं तथा बैंक ऋण और फसली कर्ज चुकाने में असमर्थ हो गए हैं। किसान संघ ने प्रशासन से मांग की है कि प्रभावित क्षेत्रों का तत्काल सर्वे कराया जाए और किसानों को उचित क्षतिपूर्ति व फसल बीमा क्लेम दिलाया जाए। साथ ही किसानों के फसली ऋण पर ब्याज माफ करने की भी मांग उठाई गई है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र राहत नहीं दी गई तो किसान आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# ओबरा में राष्ट्रीय नव निर्माण सेना ट्रस्ट के तत्वाधान में सुखदेव, राजगुरु भगत सिंह को शहादत दिवस पर किया याद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ओबरा / सोनभद्र-** राष्ट्रीय नव निर्माण सेना ट्रस्ट के तत्वाधान में सोमवार को ओबरा नगर के चोपन रोड़ पर क्रांतिकारी भगत सिंह, क्रांतिकारी सुखदेव एवं क्रांतिकारी राजगुरु जी का शहादत दिवस आनन्द पटेल दयालु की अध्यक्षता में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे आनंद पटेल दयालु ने कहा कि आज का यह दिन केवल एक तिथि नहीं, बल्कि उन अमर बलिदानियों को नमन करने का पवित्र अवसर है जिन्होंने मात्र 23-24 वर्ष की अल्पायु में हँसते-हँसते फाँसी का फंदा चूम लिया। भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु ये तीनों नाम नहीं, बल्कि एक ऐसी अमर ज्योति हैं जो युगों-युगों तक भारत माँ के सपूतों को प्रेरणा देती रहेगी। उन्होंने कहा कि इन वीरों ने न केवल अंग्रेजों की गुलामी के खिलाफ आवाज उठाई, बल्कि एक ऐसे भारत का सपना देखा था जहाँ हर नागरिक को समानता, न्याय और स्वाभिमान के साथ जीने का अधिकार हो। श्री दयालु ने भावपूर्ण स्वर में कहा कि क्रांतिकारियों ने अपने प्राण इसलिए गँवाए थे कि हम आजाद भारत में रह सकें। आज हम आजाद भारत में हैं, लेकिन यह देखकर मन व्यथित होता है कि भ्रष्टाचार आज शिष्टाचार बन चुका है। जिस भारत के लिए इन शहीदों ने अपना सर्वस्व न्यौछावर किया, उस भारत में आज भी गरीब, किसान और आम नागरिक न्याय के लिए दर-दर भटकता है। यह उन शहीदों के बलिदान का अपमान है।

इसी क्रम में उन्होंने आगे कहा कि भगत सिंह जी केवल क्रांतिकारी नहीं थे, वे एक गहरे विचारक, लेखक और दार्शनिक भी थे। उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने उस समय थे। हम सभी लोग माँग करते हैं और करते रहेंगे कि क्रांतिकारियों की किताबें अनिवार्य रूप से हर पाठ्यक्रम में पढ़ाई जाएँ, जिससे नेता, अभिनेता, बिजनेसमैन, कर्मचारी, अधिकारी, वकील, जज बनने से पहले कोई भी व्यक्ति सबसे पहले एक सच्चा देशभक्त बने और यह संस्कार बचपन से ही दिया जा सकता है। कार्यक्रम में फोटो प्रदर्शन भी हुआ जिसमें क्रांतिकारी महापुरुषों की फोटो लेकर यह माँग की गई। मुख्य रूप से राष्ट्रीय योग संरक्षक धनराज सिंह, जनाब महताब आलम प्रदेश अध्यक्ष, संतोष कनौजिया प्रदेश उपाध्यक्ष, विकास कुमार गौड़ प्रदेश सचिव, जनाब शरीफ खान प्रदेश सचिव, दिनेश केसरी जिला संगठन मंत्री, विवेक जायसवाल आदि लोग उपस्थित रहे।

## डा.लोहिया के विचार आज भी प्रासांगिक : गीता मिश्रा

**ललितपुर।** समाजवादी पार्टी के नेताओं ने डा.राममनोहर लोहिया का जन्म दिवस बड़ी ही धूमधाम से मनाते हुये मिष्ठान वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला सभा की प्रदेश सचिव गीता मिश्रा ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में व्यापार सभा के प्रदेश सचिव जितेन्द्र सलूजा मौजूद रहे। वक्ताओं ने लोहियाजी के जीवन परिचय पर अपने-अपने विचार रखते हुये समाजवादी पार्टी को मजबूत करके दोनों विधानसभा जिताने का संकल्प लिया और पार्टी के कार्यकर्ता को मजबूत करने का काम किया जायेगा। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष ज्योति सिंह लोधी, अशोक अहिरवार, जिला सचिव शाकिर अली, वरिष्ठ सपा नेता शत्रुघन शुक्ला, व्यापार सभा जिलाध्यक्ष राहुल तिवारी, जिला उपाध्यक्ष राजनारायण, निखिल राजपूत, कदम यादव, हरनारायण पंथ, शैलेन्द्र यादव, दिनेश रैकवार, संजय, महेन्द्र साहू, उमेश नामदेव के अलावा अनेकों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सरे-राह किशोरी से छेड़छाड़, विरोध पर पिता से भिड़ा मनचला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)-** नगर में पिता के साथ बाजार जा रही किशोरी के साथ एक युवक ने सरेराह छेड़छाड़ किए जाने की घटना सामने आई है। बताया जा रहा है कि विरोध करने पर आरोपी युवक पिता पर ही झपट पड़ा। घटना के दौरान पिता ने जब आरोपी का विरोध किया तो वह उनसे उलझ गया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और आरोपी की पिटाई कर दी। उधर, सूचना के बावजूद चौकी पुलिस मौके पर नहीं पहुंची, जिसके बाद स्थानीय लोग ही युवक को पकड़कर चौकी ले गए। चौकी पहुंचने पर चौकी पुलिस का रवैया भी हैरान करने वाला रहा। पीड़ित के पिता का आरोप है कि पुलिस ने कार्रवाई करने के बजाय उस को ही फटकार लगा दी। इससे नाराज पीड़ित ने महिला हेल्पलाइन 1090 पर शिकायत की, तब जाकर पुलिस हरकत में आई।

पीड़ित पिता ने बताया कि आरोपी युवक काफी समय से उनकी बेटी को परेशान कर रहा था। उसकी हरकतों के चलते किशोरी का स्कूल जाना भी मुश्किल हो गया था। आरोपी ने विद्यालय स्टाफ को फोन कर भी परेशान किया था। इस संबंध में पहले चौकी पुलिस से शिकायत की गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिससे उसके हौसले और बढ़ गए और उसके पिता के सामने की किशोरी के साथ छेड़छाड़ की घटना को अंजाम दे दिया। मामले की शिकायत के बाद सोमवार को पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर देवेंद्र कुमार निवासी जमुहा, थाना लहार के खिलाफ छेड़छाड़ और पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाल बृजेश बहादुर ने बताया कि किशोरी का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है और मामले की जांच की जा रही है।

# समाधान दिवस में एडीएम ने सुनी जन शिकायतें

**●18 शिकायतों में से मौके पर निपटी 3**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच(जालौन)-** तहसील स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व, पुलिस, ब्लॉक कार्यालय सहित अन्य विभागों से जुड़ी 18 शिकायतें दर्ज कराई गई, मौके पर सिर्फ 3 शिकायतें ही निस्तारित की जा सकी। शनिवार को आयोजित होने वाला संपूर्ण समाधान दिवस ईद के अवकाश के चलते सोमवार को तहसील स्थित सभागार में एडीएम संजय कुमार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस दौरान शिकायती पत्र देते हुए पिरौना निवासी मिस्टर पुत्र अर्जुन सिंह ने पात्रता की श्रेणी में आने के बाद भी उसकी दिव्यांग पेंशन प्रधान और सचिव पर लटकाने पर कार्यवाही की मांग की। कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष रामकिशोर पुरोहित ने नगर में प्रमुख सड़क मार्गों पर डिवाइडर और आराजीलेन में जल निकासी के लिए नाला निर्माण हेतु पूर्व में दिए गए प्रार्थना पत्रों पर कोई कार्यवाही न होने की शिकायत दर्ज कराई। अधिवक्ताओं ने शिकायती पत्र देकर बताया कि तहसीलदार न्यायालय में तैनात दोनों लिपिक मृतक आश्रित पर लगे हुए हैं। उक्त दोनों लगातार अवकाश पर रहते हैं जिससे विवादित दाखिल खारिज वाद बेवजह ही खारिज कर दिए जा रहे हैं साथ ही नियत समय पर नामांतरण नहीं हो पा रहा है। अधिवक्ताओं ने मामले में कार्यवाही किए जाने की मांग की है। दर्ज शिकायतों के निस्तारण हेतु एडीएम ने संबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। समय सीमा के अंदर मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण कर शिकायतकर्ता को इसकी जानकारी जरूर दें। उन्होंने कहा कि न्याय पाने के लिए शिकायतकर्ता उम्मीद के साथ आता है इसलिए उससे शालीन व्यवहार भी रखें। वहीं नगर में गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी न होने की शिकायत पर एडीएम ने आपूर्ति निरीक्षक मनोज कुमार तिवारी को जरूरी कार्यवाही किए जाने की निर्देश दिए। गर्मी के मौसम को देखते हुए खासकर गांवों के तालाबों में पानी भरे जाने और नगर में लवली चौराहे के समीप क्षतिग्रस्त ओवरफ्लो सीवर चैंबर को दुरुस्त किए जाने के निर्देश उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। इस दौरान एसडीएम न्यायिक/प्रभारी तहसीलदार वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता, सीओ परमेश्वर प्रसाद, एसडीओ बिजली रविंद्र कुमार, आपूर्ति निरीक्षक मनोज कुमार तिवारी, आरआई नगर पालिका सुनील कुमार, अतिरिक्त निरीक्षक अरुण यादव, मंडी सचिव सोनू आदि अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# सुखदेव, राजगुरू, भगत सिंह को बलिदान दिवस पर किया गया याद

**●- अंग वस्त्र, लेखनी व पुस्तक देकर अतिथियों को किया गया सम्मानित**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश** -शहीद स्थल प्रवंधन ट्रस्ट करारी के तत्वावधान में शहीद दिवस के उपलक्ष्य में अनेकानेक आयोजन सोमवार को संपन्न हुआ । इस दौरान सुखदेव, राजगुरू, भगतसिंह को याद किया गया। तिरंगा झंडा रोहण के साथ राष्ट्र गान पश्चात शहीदों की प्रतिमा पर माल्यार्पण ,दीपदान व वाग्देवी के चित्र पर सभाध्यक्ष जो शहीद स्थल करारी के संरक्षक हैं रामनाथ शिवेन्द्र राष्ट्रीय स्तर के वरिष्ठ कथाकार,अतिथि समाजसेवी कमलेश खांबे, अतिथि ओमप्रकाश त्रिपाठी राष्ट्रपति राज्य पाल से पुरष्कृत शिक्षक व गरिमामय पदार्पण कर रहे सोनभद्र बार अध्यक्ष अशोक कुमार श्रीवास्तव एड, महामंत्री योगेश कुमार दिवेदी, चंद्र प्रकाश दिवेदी नरेन्द्र कुमार पाठक एडवोकेट, विनोद चौबे एडवोकेट, सुरेन्द्र पांडेय एडवोकेट, ओमप्रकाश पाठक एडवोकेट, दिलीप चौबे, धर्मराज जैन , अजीत शुक्ल , गुप्तकाशी सेवा ट्रस्ट के रवि प्रकाश चौबे ने दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत आयोजन का आगाज किया।

वरिष्ठ कवि शिवदास चंदौली ने वंदना,सुनाकर तान वीणा की हृदय में अर्चना भर दे तथा लहर रहा है गगनांगन में गौरव का अभिमान तिरंगा मांग रहा बलिदान सुनाकर माहौल में देशभक्ति का जज्बा जगाया। भदोही से पधारे ओज कवि संदीप कुमार बालाजी की नाट्य कृति अमरो बीरा का भव्य विमोचन किया गया जो शहीद ए आजम भगत सिंह को समर्पित रहा। ओमप्रकाश त्रिपाठी ने जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी का विश्लेषण किया तो वहीं रामनाथ शिवेन्द्र वरिष्ठ कथा कार ने वीर शहीदों के व्यक्तित्व का विशद विवेचन व योगदान की चर्चा किये तथा युद्ध नहीं बुद्ध की जरूरत अनिवार्य बताया। कमलेश खांबे ने भगत सिंह को शहीद ए आजम क्यों कहा जाता है इसके संदर्भ में व्याख्यान दिया कि सबसे कम उम्र के और सबसे बड़ा बलिदान जिसने पूरे देश को एक सूत्र में पिरोकर आजादी की आग जन जन तक पहुंचाया।प्रथम सत्र का संचालन अशोक तिवारी एडवोकेट ने किया।सभी कवियों अतिथियों को अंगवस्त्र, लेखनी, पुस्तिका देकर अभिनंदन किया गया तदुपरांत कवि सम्मेलन दूसरे सत्र में आयोजित हुआ। ओज श्रृंगार की कवयित्री कौशल्या कुमारी चौहान ने मुझको अबला मत समझो मैं झांसी वाली रानी हूँ सुनाकर वातावरण में राष्ट्रीय भाव भर महफ़िल लूट लिया। संचालन कर रहे गीतकार दिलीपसिंह दीपक ने तुम सब कुछ बेच दो लेकिन हिंदुस्तान मत बेचो। सारिका श्रीवास्तव कवयित्री जौनपुर ने अपने काव्यपाठ से आयोजन में चार चांद लगाते हुये माहौल में गतिज उर्जा दीं सराही गई।सुधाकर पांडेय ने जनाजा जब मेरा निकले वतन के वास्ते निकले सुनाकर वातावरण सृजित किया। श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए वरिष्ठ गीतकार ईश्वर विरागी ने, ऐ हिंद हम तुझको कभी झुकने न देंगे सुनाकर जय हिंद वंदेमातरम का नाद कराते रहे।ओजस्वी कवि प्रभात सिंह चंदेल व संदीप बालाजी ने वीर रस की रचनाओं से शहीदों को नमन किया।आयोजक प्रदुम्न त्रिपाठी ने काश लहू का इक इक कतरा भारत माँ के काम आये सुनाकर गतिज उर्जा दिया। धर्मेश चौहान एडवोकेट ने बड़ा ही सुंदर बड़ा ही मनहर अपना हिंदुस्तान, सुनील चौचक ने बासी भात पर बेना जिनि हौंका,अहरौरा से पधारे धर्म देव चंचल ने हास्य व्यंग्य सुनाकर देर तक हंसाते रहे। जौनपुर से पधारी कवयित्री डा सीमा सिंह मेडिकल आफीसर ने श्रृंगार सम सामयिक व दार्शनिक कविता से लोगों को सोचने पर विबस किया।की अनेक प्रस्तुति देकर आयोजन को ऊंचाई दी।सुशील मिश्रा सोन संगीत फाउंडेशन ने लोकगीत के माध्यम से माटी से जुड़ी रचना देशवा हमार शहीदन के सपनवां सुनाकर सबकी आंख नम कर दिया।गोपाल कुशवाहा, राधेश्याम पाल, जयराम सोनी, विकास वर्मा, विवेक चतुर्वेदी, विशेष अस्थाना, विजय विनीत, जुल्फेकार हैदर खान ,अशोक त्रिपाठी, सुनील तिवारी, सिद्धि नाथ पांडेय, दिव्या राय, अमरनाथ अजेय, अनमोल मणि, ऋषभ त्रिपाठी, नीतिन सिंह ने भी काव्यपाठ किया।

इस अवसर पर जयशंकर तिवारी ,आकाश वाणी के सत्यनारायण, आचार्य बृज किशोर देव ,राम यश त्रिपाठी, ठाकुर कुशवाहा, राधा प्रसाद चौहान, हर्ष चौहान ,अनीशा संदीप कुमार शुक्ल एड, आशीष पाठक एडवोकेट, चौहान आद्या, अंशिका, प्रधान संगीता तिवारी, नीरज तिवारी, फारुख अली हाश्मी, रामधारी सिंह, गुलाम हुसैन, सोमारू आदि जमे रहे। आभार संयोजन कर रहे वरिष्ठ शायर अशोक तिवारी एडवोकेट ने व्यक्त किया।

# शहीदों के बलिदान का अपमान है ओबरा का वर्तमानः बिखरे हुए जनमानस का फायदा उठा रहा प्रशासन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ओबरा (सोनभद्र)।** शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के शहादत दिवस के पावन अवसर पर सोमवार को स्थानीय गांधी मैदान में 'सोन चेतना सामाजिक संगठन' के तत्वाधान में एक भव्य श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आयोजक अभिषेक अग्रहरी ने अमर शहीदों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर नमन करते हुए ओबरा नगर की वर्तमान जर्जर स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए अभिषेक अग्रहरी ने तीखा प्रहार किया कि जिन क्रांतिकारियों ने शोषण मुक्त और न्यायपूर्ण भारत का सपना देखा था, आज उन्हीं के बलिदान की धरती ओबरा प्रशासनिक उत्पीड़न और जनमानस की उपेक्षा का केंद्र बन चुकी है। नगर में समस्याओं का अंबार लगा है ओबरा इंटर कॉलेज का निजीकरण कर गरीब बच्चों की शिक्षा छीनी जा रही है, ओबरा अस्पताल स्वयं वेंटिलेटर पर है और स्थानीय परियोजनाओं में योग्यता होने के बावजूद स्थानीय युवाओं को रोजगार के लिए दरकिनार किया जा रहा है।

सबसे भयावह स्थिति श्रमिक वर्ग की है, जहाँ मजदूरों से 12-12 घंटे का कठिन परिश्रम लिया जा रहा है, लेकिन उन्हें भुगतान मात्र 8 घंटे का भी नहीं मिल रहा है।CSR फंड का दुरुपयोग हो रहा है अभिषेक अग्रहरी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि ओबरा की इस बदहाली का मुख्य कारण स्थानीय जनमानस का आपसी बिखराव और एकजुटता की कमी है, जिसका सीधा फायदा उठाकर प्रशासनिक अधिकारी और ठेकेदार आम आदमी का शोषण कर रहे हैं। जब तक ओबरा का नागरिक अपनी जाति और व्यक्तिगत स्वार्थों से ऊपर उठकर एक मंच पर नहीं आएगा, तब तक न्याय की उम्मीद बेमानी है। ठेका आवंटन में पारदर्शिता का अभाव और भुगतान की अनियमितताओं के खिलाफ आवाज उठाने पर भी न्याय न मिलना लोकतंत्र के लिए शर्मनाक है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विकास पाठक, सूर्य पटेल, संजय गौतम, सिद्धांत पटेल, बाबूलाल सोनकर सहित जागरूक नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में संकल्प लिया कि शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि तभी मिलेगी जब ओबरा का जनमानस संगठित होकर अपने संवैधानिक अधिकारों, पारदर्शी प्रशासन और भ्रष्टाचार मुक्त ऊर्जा नगरी के लिए साझा संघर्ष का बिगुल फूंकेगा।

# सोनभद्र में तीन दिवसीय जन जातीय उत्सव का हुआ आगाज

**●- तीन प्रांतों उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश व राजस्थान के कलाकारों ने दिखाया दमखम**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश** –जिला मुख्यालय लोढ़ी, सोनभद्र स्थित संत कीनाराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर में तीन दिवसीय जन जातीय उत्सव का आगाज सोमवार से शुरू हो गया। इसमें तीन प्रांतों उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश व राजस्थान के कलाकारों ने अपना दमखम दिखाया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी राम सकल चौबे, कार्यक्रम संयोजक एवं प्राचार्य डॉक्टर गोपाल सिंह, विशिष्ट अतिथि शमशेर बहादुर सिंह जिला मंत्री राष्ट्रीय ग्राम प्रधान संघ, मोहन कुशवाहा जिला पंचायत सदस्य, बलवंत सिंह प्रबंधक, राजेश कुमार मिश्रा प्रबंधक, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेश द्विवेदी, नार सिंह पटेल, डॉक्टर अशोक मिश्रा के द्वारा दिप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम के आयोजक एवं संत कीनाराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय लोढ़ी, सोनभद्र के प्राचार्य डॉक्टर गोपाल सिंह ने बताया कि महाविद्यालय परिसर में तीन दिवसीय जन जातीय उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। यह आयोजन उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज, संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के निदेशक सुदेश शर्मा, जिला प्रशासन, सोनभद्र व संत कीनाराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय लोढ़ी, सोनभद्र के सहयोग से हो रहा है। पहले दिन सोमवार को कार्यक्रम की शुरुआत आल्हा गायन शरद अनुरागी एवं दल महोबा से हुई। इसके बाद करमा नृत्य कतवारू राम एवं दल सोनभद्र, डोमकच्छ नृत्य सुक्खन एवं दल सोनभद्र, झूमर नृत्य आशा देवी एवं दल सोनभद्र, धरकहरी नृत्य रामधनी मड़कूड़ी एवं दल सोनभद्र व चकरी चरी भवई नृत्य तेजकरण एवं दल राजस्थान के कलाकारों द्वारा पेश किया गया। 24 मार्च मंगलवार को आल्हा गायन अंजलि सिंह एवं दल रायबरेली, रीना शैला नृत्य हास कुमार मरावी एवं दल डिंडौरी मध्यप्रदेश,गरद बाजा नृत्य सोनाराम एवं दल सोनभद्र, करमा नृत्य राम आधार एवं दल सोनभद्र, चकरी चरी भवई नृत्य तेजकरण एवं दल राजस्थान एवं गुदुम्बबाजा लिखीराम धुर्वे एवं दल मध्यप्रदेश के कलाकारों द्वारा पेश किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी रामसकल चौबे व संचालन आराध्या व गौरी ने किया। इस मौके पर उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के प्रतिनिधि मनोज कुमार, राजेंद्र प्रसाद मौर्य, कैलाश बिहारी केसरी एवं आदित्य मौजूद रहे।

# नगर पालिका में भ्रष्टाचार के आरोपों पर फूटा गुस्सा

**●पार्षदों ने जोरदार नारेबाजी कर किया धरना-प्रदर्शन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** नगर पालिका परिषद में कथित भ्रष्टाचार को लेकर अब जनप्रतिनिधियों का आक्रोश खुलकर सामने आ गया है। सोमवार को डेढ़ दर्जन से अधिक पार्षदों ने एकजुट होकर घंटाघर प्रांगण स्थित नगर पालिका परिसर में जोरदार धरना-प्रदर्शन किया और नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। पार्षदों ने आरोप लगाया कि पिछले छह महीनों से नगर पालिका में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है और बिना पारदर्शिता के कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने नगर पालिका अध्यक्ष, अधिशासी अधिकारी एवं अन्य संबंधितों पर मनमाने तरीके से काम करने का आरोप लगाते हुए पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच की मांग की। धरना प्रदर्शन के दौरान पार्षदों ने बताया कि शहर में तहबाजारी, पार्किंग और सफाई व्यवस्था के नाम पर खुलेआम लाखों रुपये की वसूली कर बंदरबांट किया जा रहा है। वहीं आरोप लगाया कि सुम्मेरा तालाब में करोड़ों रुपये के टेंडर पास होने और भुगतान शुरू होने के बावजूद धरातल पर कोई ठोस कार्य नहीं दिखाई दे रहा है। सुपर सीट में विकास कार्यों को लेकर सबसे गंभीर आरोप लगाए गए, जिसमें आरोप है कि करोड़ों रुपयों के कार्य केवल कागजों में दर्शाकर भुगतान कर दिए जाने की बात कही गई। पार्षदों का कहना है कि जहां कुछ कार्य हुए भी हैं, वह बेहद निम्न गुणवत्ता के हैं। इसके अलावा नगर पालिका के कुछ अधिकारी-कर्मचारियों पर अराजक तत्वों के साथ मिलकर वाहन चालकों और किसानों से जबरन वसूली कराने तथा दबाव बनाकर उत्पीडन् करने के भी आरोप लगाए गए। पार्षदों ने जिलाधिकारी से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही जांच कराकर कार्रवाई नहीं की गई, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस दौरान पार्षदों में एड. मनमोहन चौबे, जगदीश यादव, दीपा विनोद कुशवाहा, कीर्ति अमित नायक, पूजा आनंद भूरे, रामकिंकर पटैरिया, गिरीश पाठक सोनू, फरजाना बानो, सोन सिंह, जानकी प्रसाद, अब्दुल बारी, धर्मवीर कुशवाहा, कुन्दन पाल, मिथलेश करन कुशवाहा, शिवानी अमित कुशवाहा, अफजुल रहमान, उदय प्रताप, मुस्तफा खान आदि मौजूद रहे।

# मानक के अनुसार सड़क निर्माण ना होने से जनता में आक्रोश

**●शिकायत पर संविदाकार के बिगड़े बोल, पीडब्ल्यूडी अधिकारियों पर मिलीभगत के आरोप**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अनपरा /सोनभद्र**–कुलडोमरी ग्राम पंचायत में सड़क निर्माण कार्य को लेकर गंभीर अनियमितताओं का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने पीडब्ल्यूडी अधिकारियों और ठेकेदार की मिलीभगत से सरकारी धन के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। मामला कुलडोमरी टोला के डयनिया से रणहोर संपर्क मार्ग पर चल रहे सड़क निर्माण कार्य से जुड़ा है। आरोप है कि संबंधित संविदाकार द्वारा गुणवत्ता विहीन निर्माण कराया जा रहा है, जिससे सड़क की मजबूती पर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों भोला प्रसाद गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, बिहारी लाल गुप्ता, दिनार बैगा, अंकित कुमार, राजकुमारी, वीरमती देवी और अनारकली देवी ने आरोप लगाया कि बिना पुराने सड़क की समुचित सफाई किए ही मिट्टी के ऊपर सीधे गिट्टी और तारकोल डालकर निर्माण कार्य किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जब इस संबंध में जूनियर इंजीनियर विष्णु प्रकाश यादव से शिकायत की गई, तो उन्होंने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया और मामले को टालते रहे। वहीं, मौके पर कार्य देख रहे एक व्यक्ति राजू सिंह ने कथित रूप से कहा कि 'जहां शिकायत करनी हो कर दो, पीडब्ल्यूडी के अधिकारी हमारे मुट्ठी में हैं,जिससे ग्रामीणों में और आक्रोश फैल गया। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि इस तरह की लापरवाही और भ्रष्टाचार से प्रदेश सरकार की छवि धूमिल हो रही है। इस संबंध में पीडब्ल्यूडी के अवर अभियंता विष्णु प्रकाश यादव ने कहा कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# आम आदमी पार्टी ने मनाया शहीद दिवस, क्रांतिकारियों को दी श्रद्धांजलि

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** कचहरी परिसर में सोमवार को आम आदमी पार्टी द्वारा शहीद दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों ने अमर शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के बलिदान को याद करते हुए उनके चित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही जननायक व समाजवादी चिंतक डा.राममनोहर लोहिया की जयंती पर उन्हें भी नमन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए आप जिलाध्यक्ष एड.हरदयाल सिंह लोधी ने कहा कि आज हम आजाद भारत में जो सांस ले रहे हैं, वह हमारे महान क्रांतिकारियों के सर्वोच्च बलिदान की देन है। उन्होंने कहा कि अगर भगत सिंह और उनके साथियों ने देश की आजादी के लिए हंसते-हंसते अपने प्राण न्यौछावर न किए होते, तो गुलामी की जंजीरें तोडना मुमकिन नहीं होता। उनके विचार और राष्ट्रभक्ति आज भी युवाओं के लिए प्रेरणापुंज हैं। श्रद्धांजलि सभा में एड. नेमिकुमार जैन, गणेशराम रजक, मीना राजा, रमेश कुमार झा, एड.प्रमोद नामदेव, एड. महेंद्र जैन झब्बू, एड.मनोहर लोधी, एड. निहाल सिंह, अमन जैन, एड.अनुराग सिंह, एड.आनंद सिंह, एड.शशिकांत सिंह और एड. कैलाश नारायण सहित दर्जनों कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### तपेश्वरी देवी मंदिर परिसर में कुछ संगठनों ने माहौल बिगाड़ने की कोशिश की, पुलिस ने सम्हाला मोर्चा



**कानपुर।** थाना फीलखाना के अंतर्गत बिरहाना रोड स्थित तपेश्वरी देवी मंदिर परिसर में कुछ शरारती तत्वों ने माहौल बिगाड़ने की कोशिश की वो चाहते थे कि किसी भी मुस्लिम को वहां दुकान नहीं लगाने दी जाये। जैसे ही पुलिस को पता चला पुलिस वहां पहुंची और लोगों को समझा बुझाकर माहौल शांत कराया। यह जानकारी देते हुए एडीसीपी अपराध अंजलि विश्वकर्मा ने बताया कि कुछ लोग, कुछ संगठन के शरारती तत्व माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर रहे थे और जैसे ही सोशल मीडिया के माध्यम से यह खबर पुलिस प्रशासन तक पहुंची भारी संख्या में पुलिस बल वहां पहुंच गया और लोगों को समझाया गया। अंजलि विश्वकर्मा ने बताया कि मेला प्रशासन द्वारा पूर्व की भांति ही मेले में दुकानें आवंटित की हैं और उसमें कोई भेदभाव नहीं किया गया है। अंजलि विश्वकर्मा ने बताया कि कुछ लोग वहां माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर रहे थे लेकिन उनको समझाकर अलग कर दिया गया है। तथा भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। वहां स्थिति अब नियंत्रण में है।

### जिला धिकारी द्वारा बिल्हौर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन



**कानपुर।** जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आज बिल्हौर तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया,,इस दौरान शासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने जनता की समस्यायों को सुना,,और उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए,, जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह के साथ डीसीपी एस एम कासिम आब्दी,सी, सीएमओ डॉ हरिदत्त नेमी, एसडीएम संजीव कुमार दीक्षित, और एसीपी संजय सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे,, समाधान दिवस में मुख्य रूप से भूमि विवाद, राजस्व मामले, पुलिस से संबंधित प्रकरण और चिकित्सा सुविधाओं की कमियों से जुडी शिकायतें दर्ज की गई,, जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसमस्याओं के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी,, डीएम ने स्पष्ट किया कि प्रत्येक प्रार्थना पत्र का समाधान निष्पक्ष, पारदर्शी होना चाहिए, ताकि फरिक्षादी संतुष्ट हो सके।

### कूड़ा नदी में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**सिद्धार्थनगर –** मोहाना थाना क्षेत्र के गढ़मोर एवं तिघरा गांव के मध्य कूड़ा नदी में एक अज्ञात शव मिला । सोमवार की सुबह ग्रामीणों ने नदी में शव बहता देखा, जिसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी । सूचना पाकर मौके पर मोहाना पुलिस पहुंची और शव को नदी से बाहर निकलवाया। पुलिस के अनुसार शव काफी पुराना और जीर्ण-शीर्ण अवस्था में था, जिससे उसकी पहचान करना मुश्किल हो गया है। प्रथम दृष्टया यह प्रतीत होता है कि शव कई दिनों से पानी में बह रहा था। मृतक पुरुष बताया जा रहा है, हालांकि उसकी उम्र और पहचान के संबंध में अभी कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाई है। थानाध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने बताया कि शव बहकर नदी में आया है और काफी समय पुराना लग रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि शव की पहचान कराने के लिए जिले के सभी थानों को सूचित कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त, आसपास के जनपदों में भी जानकारी भेजी जा रही है, ताकि मृतक की शिनाख्त हो सके। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखते हुए जांच में जुटी है, जिसमें यह भी देखा जा रहा है कि यह मामला दुर्घटना का है या इसके पीछे कोई आपराधिक कारण है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति के लापता होने की जानकारी हो, तो तुरंत संबंधित थाने को सूचित करें। इससे शव की पहचान जल्द से जल्द हो सकें और आगे की विधिक कार्रवाई की जा सकें ।

# थाना कल्यानपुर पुलिस द्वारा आनलाइन ठगी करने वाले गिरोह के 2 सदस्यों को सिलीगुड़ी से किया गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** एमबीबीएस में एडमिशन के नाम पर आनलाईन ठगी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को कल्याणपुर पुलिस ने सिलीगुड़ी पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि दिनांक 27.02.2026 को सुनील कुमार पुत्र लालजीत सिंह निवासी प्लाट कल्याणपुर कलां, पनकी रोड, कल्याणपुर कानपुर नगर ने सूचना दी कि डा0 आर0बी0 गुप्ता नाम के व्यक्ति जो खुद को कटिहार मेडिकल कॉलेज बिहार का प्रिन्सिपल बताता है ने शिकायतकर्ता की बेटी की MBBS में सीट एलॉटमेन्ट के लिए 4 लाख रूपये ( कटिहार मेडिकल कलेज के खाता में 25,000/- रूपये एवं अलकरीम ट्रस्ट (फार मैनेजमेन्ट कैटेगरी आनली) के खाता में 3,75,000/- रूपये ट्रांसफर करा लिये और नियत तिथि पर पटना (बिहार) में सीट एलाटमेन्ट लेटर प्राप्त करने हेतु बुलाया गया जब शिकायतकर्ता व उसकी पुत्री पटना गये तो उक्त व्यक्ति द्वारा सीट एलाटमेन्ट लेटर हेतु 3 लाख 75 हजार रूपये और ट्रान्सफर करने का मैसेज भेजा गया। जिस पर शिकायतकर्ता द्वारा अपने रिश्तेदारों से 1 लाख 75 हजार रूपये और ट्रान्सफर कर दिये। जब सीट एलाटमेन्ट लेटर प्राप्त नहीं हुआ तो साइबर ठगी होने की जानकारी होने पर थाना कल्यानपुर पर प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए थाना कल्यानपुर पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया। विगत दिनों सहायक पुलिस आयुक्त सुमेध मिलिंद जाधव (IPS) के नेतृत्व व मार्ग दर्शन में प्रभारी निरीक्षक कल्यानपुर द्वारा टीम गठित की गयी। गठित टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित समस्त प्रपत्रों, मो0नं0 की सीडीआर, लोकेशन एवं लाभार्थी खातों की जानकारी करते हुए प्रकाश में आये अभियुक्तों जयंत सरकार पुत्र ज्योति सरकार निवासी शान्तिपारा नियर हरि मंदिर थाना न्यू जनपाईगुडी जिला जलपाईगुडी पंश्चिम बंगाल उम्र करीब 26 वर्ष, सौरव आइंच पुत्र सुशांता आइंच निवासी प्रेमेन्द्र मित्र पथ बाबूपारा वार्ड नं0 27 सुब्रतों आबासन ग्राउण्ड फ्लोर थाना सिलीगुडी जिला दार्जिलिंग पश्चिम बंगाल उम्र करीब 22 वर्ष को सिलीगुड़ी पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया गया।

### कोटेदार अनियमितता व दुर्व्यवहार का आरोप, एसडीएम से शिकायत

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोटेदार पर अनियमितता और दुर्व्यवहार का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने एसडीएम से शिकायत की है। एसडीएम ने मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच के निर्देश दिये हैं। लालगंज तहसील के पिचूरा गांव के ग्रामीणों ने कोटेदार पर अनियमितता व दुर्व्यवहार का आरोप लगाते हुए सोमवार को तहसील पहुंचकर आक्रोश जताया। गांव के समर बहादुर, शांती, मंजू देवी, सुमित्रा, राजकुमारी, गीता, विमला, जगपती, सोना, जीतलाल आदि ग्रामीणों का आरोप है कि कोटेदार द्वारा खाद्यान्न वितरण में घटतौली की जा रही है। इस माह में कोटेदार द्वारा सिर्फ गेहूं का वितरण किया गया जबकि मोबाइल पर चावल व गेहूं दोनों के वितरण का मैसेज आ गया। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि शिकायत करने पर कोटेदार आमादा फौजदारी हो जाते हैं। ग्रामीणों ने एसडीएम से मिलकर मामले में जांच कर कार्रवाई की मांग की। एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा का कहना है कि शिकायत पर जांच के निर्देश दिये गये हैं। रिपोर्ट मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## आईएमए के टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट सम्पन्न, ट्यूलिप ने 50 रन से जीत दर्ज की

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, कानपुर शाखा द्वारा 21 एवं 22 मार्च 2026 को कानपुर क्लब में आयोजित दो दिवसीय टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस प्रतियोगिता में कुल 5 टीमों - फार्च्यून , अहाना, कनिष्क, ट्यूलिप व रीजेंसी ने भाग लिया और पूरे आयोजन के दौरान खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल भावना का प्रदर्शन किया। टूर्नामेंट के दौरान खेले गए लीग मुकाबलों के पश्चात देर रात्रि खेले गए सेमीफाइनल एवं फाइनल मैच अत्यंत रोमांचक रहे। फाइनल मुकाबला जो कि ट्यूलिप इलेवन बनाम फॉरच्यून इलेवन के मध्य खेला गया वो भी अत्यंत रोमांचक एवं प्रतिस्पर्धात्मक रहा, जिसमें खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। फाइनल मुकाबले में ट्यूलिप ङ्क्षढ्ढ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 12.5 ओवरों में 144 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी फार्च्यून ङ्क्षढ्ढ की टीम ट्यूलिप इलेवन के गेंदबाज डॉ अभिनव सेंगर के शानदार गेंदबाजी 3 ओवर में 14 रन देकर 4 विकेट के कारण 14 ओवरों में 94 रन पर ऑल आउट हो गई। इस प्रकार Tulip XI ने 50 रनों से जीत दर्ज कर टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। मैच में Tulip टीम के खिलाड़ियों ने बेहतरीन बल्लेबाजी एवं गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए निर्णायक बढ़त बनाई। आईएमए कानपुर के पदाधिकारियों ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य चिकित्सकों में खेल के प्रति रुचि बढ़ाना, शारीरिक स्वास्थ्य को प्रोत्साहित करना एवं आपसी सौहार्द को मजबूत करना है।

## एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम में देशभक्ति गीतों ने बांधा समा

### ● बिस्कोहार में एक शाम शहीदों के नाम एवं नव दुर्गा सम्मान समारोह कार्यक्रम का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत बिस्कोहर के श्री छेदी लाल इंटर कालेज में एक शाम शहीदों के नाम एवं नव दुर्गा सम्मान समारोह आयोजित हुआ। जिसमें क्षेत्र के इतिहास में एक नई पहचान बना दी। लोकहितम संस्थान के तत्वावधान में मुख्य अतिथि सांसद जगदंबिका पाल ने दीप प्रज्वलित कर एवं शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम को शुभांरभ किया। उन्होंने कहा कि शहीदों की शहादत की याद रखना और युवाओ में राष्ट्रवाद जगाना हमारा कर्तव्य है और विशिष्ट अतिथि जय वर्धन तिवारी ने नारी शक्ति के महत्त्व पर विशेष जोर दिया । और बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना किया इस भव्य कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालय परिवार से छात्र - छात्राओं के द्वारा सरस्वती वंदना,देशभक्ति, शिक्षा और नारी सशक्तिकरण , देवी गीतों पर बच्चियों व बच्चों ने समा बाध का अद्भुत संगम देखने को मिला।इसके बाद बच्चों व बच्चियों ने देशभक्ति पर भाषण और सांस्कृतिक प्रस्तुति कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। पूरे वातावरण में देशप्रेम और सम्मान की भावना स्पष्ट रूप से झलक रही थी। इस दौरान जिले की नौ बेटियों को विशिष्ठ महिलाओं और मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया गया

इस अवसर पर समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाली बेटियों और महिलाओं को नव दुर्गा सम्मान से सम्मानित किया गया, जिससे कार्यक्रम का उद्देश्य और भी सार्थक हो गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों एवं विशिष्ट अतिथियों व जिले के कोने कोने से आए हुए अतिथि जनों की लोकहितम संस्थान ने सम्मान करते हुए गरिमा मयी उपस्थिति ने आयोजन की शोभा बढ़ाई। बीच बीच में वक्ताओं ने देश भक्ति के प्रति, संबोधन करते हुए शिक्षा के महत्व, समाज में बेटियों की भूमिका और शहीदों के बलिदान को याद करते हुए युवाओं को प्रेरित किया। लोकहितम संस्थान की पूरी टीम के अथक प्रयास और समर्पण के कारण यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम केआयोजक प्रभात जायसवाल व प्रबंधक एवं सहयोगियों अंकित सिंह, सरफराज नवाज, वैभव गुप्ता, रोहित गुप्ता, आस्था जायसवाल, दिव्यांशु, अदनान सिद्दीकी, शौर्य राय, विकास गुप्ता ,सहित अनुपमा, रूबी और आराधना की विशेष भूमिका रही। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों की उपस्थिति ने इसे जन-आंदोलन का रूप दे दिया। लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे हर वर्ष आयोजित करने की मांग



की। इस कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद जगदंबिका पाल, विशिष्ट अतिथि जय वर्धन तिवारी, उपजिलाधिकारी इटवा कुणाल , सिविल जज सिद्धार्थनगर सौम्या, सुधीर त्रिपाठी, संजय सिंह, राजेश अवस्थी उर्फ कालिया बाबा, शशि भूषण शास्त्री ,डाक्टर खुर्शीद अहमद, नईम राईनी, विकास सिंह, शम्भू नाथ सोनी, अनिल जायसवाल, ओम छापड़िया, नरेन्द्र छापड़िया,मंतोष पाठक, राजू कसौधन, राकेश शांडिल्य,अंकुर चतुर्वेदी, मोना पाण्डेय, उमाकांत गुप्ता, गोपेश दूबे, देवेश मणि त्रिपाठी, रिजवान खान, रितेश पांडेय, परमात्मा, मार्कण्डेय पाण्डेय,धर्मवीर चौधरी, राहुल पाण्डेय, अताउल्लाह राईनी,आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों, विद्यालयों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## सच्चे मन, श्रद्धा और विश्वास के साथ की गई मां की उपासना कभी निष्फल नहीं जाती : कथा व्यास कृष्ण चंद्र शास्त्री

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर –** भनवापुर क्षेत्र के राम जानकी पंचमुखी हनुमान मंदिर परिसर, नेबुआ में आयोजित सात दिवसीय श्री देवी भागवत कथा के दूसरे दिन रविवारकी शाम आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। कथा स्थल पर मां भगवती के जयकारों और भजनों से माहौल गूंजायमान रहा। दूर-दराज के गांवों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। कथा व्यास कृष्ण चंद्र शास्त्री ने अपने ओजस्वी वचनों से श्रद्धालुओं को मां भगवती की महिमा का विस्तार से वर्णन करते हुए बताया कि सच्चे मन, श्रद्धा और विश्वास के साथ की गई मां की उपासना कभी निष्फल नहीं जाती। उन्होंने कहा कि मां भगवती अपने भक्तों के सभी दुखों का नाश कर उन्हें सुख, शांति और समृद्धि का आशीर्वाद प्रदान करती हैं।

कथा के दौरान महिषासुर मर्दन प्रसंग का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया गया। कथावाचक ने बताया कि किस प्रकार अत्याचारी असुर महिषासुर ने अपनी शक्ति के बल पर देवताओं को पराजित कर स्वर्ग पर अधिकार कर लिया था। लंबे समय तक चले भीषण युद्ध के बाद जब देवता पराजित हो गए, तब मां दुर्गा ने प्रकट होकर महिषासुर का संहार किया। उन्होंने अपने पराक्रम से असुर का अंत कर धर्म और सत्य की पुनः स्थापना की। इस प्रसंग को सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे और पूरे पंडाल में 'जय माता दी' के उद्घोष गूंजने लगे। इसके साथ ही निष्काम कर्म और भक्ति के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। कथाव्यास ने कहा कि मनुष्य को बिना किसी फल की इच्छा के अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए, यही सच्ची भक्ति और जीवन का सार है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति अपने कर्म को ईश्वर को समर्पित कर देता है, उसके जीवन में कभी बाधाएं नहीं आतीं।इस दौरान बाबा केशवदास, श्याम जी,राजेश यादव, अंबुज श्रीवास्तव, राहुल वर्मा, चंदन अग्रहरि, प्रभु विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय श्रद्धालु मौजूद रहे।

### डीएम जितेन्द्र प्रताप सिंह ने बिल्हौर तहसील का किया निरीक्षण



**कानपुर।** जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा तहसील कार्यालय पहुंच कर चेक किए अभिलेख, डीएम के द्वारा रजिस्ट्री कार्यालय पहुंच कर अधिवक्ताओं से की वार्ता, अधिवक्ताओं ने बताया कि जिलाधिकारी को रजिस्ट्री कार्यालय का स्थानांतरण न कर वहीं पर बनाया जाए कार्यालय जिलाधिकारी के निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी, तहसीलदार,नायब तहसीलदार,के समस्त कर्मचारी मौजूद रहे,, तहसील निरीक्षण के पूर्व जिला विकारी द्वारा समाधान दिवस पर सुनी गई फरियादियों की शिकायते,, विकलांग असहाय लोगों को वितरित किए गए विकलांग प्रमाण पत्र।

## कानपुर में प्रयागराज के दो युवाओं को साथ ले गई रफ्तार बनी मौत, दो अस्पताल में गंभीर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** तेज रफ्तार से वाहन चलाने की आदत लोगों को असमय ही मौत के मुंह में समा जाने को मजबूर कर रही है । ऐसी ही एक घटना मेंरफ्तार बनी मौत प्रयागराज के दो युवकों को अपने साथ ले गई। जबकि दो की हालत अस्पताल में गंभीर बनी हुई है।यह घटना अकबरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत कानपुर इटावा हाईवे पर कुंभी दूध फैक्टरी के पास बीती देर रात हुई। इसकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवा यातायात बहाल कराया। घटना के बारे में प्राप्त विवरण के अनुसार कानपुर से औरैया जा रही कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार कर दूसरी लेन में पहुंच गई। इसी दौरान औरैया से कानपुर की ओर आ रही कार से उसकी आमने-सामने टक्कर हो गई। पुलिस के मुताबिक टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए। साथ ही उसमें बैठे लोग गंभीर रूप से घायल भी हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने बताया कि इस हादसे में औरैया की ओर जा रही कार में सवार श्रेष्ठ केसरवानी पुत्र रमेश चंद्र केसरवानी निवासी प्रीतम नगर, थाना धूमनगंज, प्रयागराज, गौरव पुत्र पप्पू शर्मा निवासी चौक प्रयागराज, हिमांशु केसरवानी पुत्र मुन्ना केसरवानी निवासी धूमनगंज प्रयागराज और रवि पुत्र लखन लाल शर्मा निवासी चौक प्रयागराज गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसके बाद 108 एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया गया , जहां डॉक्टरों ने हिमांशु केसरवानी और रवि को मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष हरमीत सिंह ने बताया कि हादसे के कारणों की जांच शुरू किए जाने के साथ ही दोनों युवकों के शवपोस्टमार्टम के लिए भेजे गए हैं।

# डीएम एवं एसपी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में सुनी शिकायतें, 10 शिकायतों का हुआ निस्तारण

### ●शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से करें-डीएम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सदर तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 68 फरियादी अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु उपस्थित हुये, जिनमें से राजस्व विभाग की 10 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल प्राप्त 68 शिकायतों में से 31 शिकायतें राजस्व विभाग से, पुलिस विभाग से 10, विकास विभाग से 03, चकबन्दी विभाग 02, विद्युत विभाग से 04 एवं 18 अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायते प्राप्त हुई। पुलिस विभाग से जुड़ी शिकायतों को पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर द्वारा सुना गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायतकर्ता उर्मिला देवी (दिव्यांग) निवासी पूरेरायजू ने शिकायत किया कि प्रार्थिनी को शासन द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया गया है परन्तु विपक्षीगण तारा देवी, जयतुन्ना, तिलकदारी सिंह, संतोषा देवी आदि लोग मिलकर व्यवधान उत्पन्न कर रहे है जब की प्रार्थिनी जिस भूमि पर मकान निर्माण करना चाह रही है। वहां पहले से शौचालय एवं छप्पर आदि का निर्माण कराकर रह रही है। प्रार्थिनी सम्पूर्ण समाधान दिवस, थाना दिवस पर अनेक बार शिकायत कर चुकी है, जबकि प्रार्थिनी पूर्ण रूप से विकलांग है, चलने फिरने में असमर्थ है। इस प्रकरण को गम्भीरता से लेते हुये जिलाधिकारी ने तहसीलदार सदर को निर्देशित किया कि प्रकरण की जांच कर प्राथमिकता से दिव्यांग महिला की शिकायत का निस्तारण कराया जाय। डीएम ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि समस्याओं की मौके पर जाकर जांच करते हुए उसका यथाशीघ्र गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करायें।

डीएम ने अधिकारियों को प्राप्त सभी शिकायतों का समय पर और सही तरीके से समाधान करने के निर्देश दिये गये। उन्होने निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में जो भूमि संबंधी मामले हैं उसमें राजस्व तथा पुलिस की संयुक्त टीम गठित करके मौके पर भेजकर निस्तारण कराएं। उन्होंने कहा कि शासन का सख्त निर्देश है की जमीन संबंधी मामलों को तत्काल निस्तारण कराएं। इस अवसर पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने समस्त थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों का निर्धारित समय-सीमा के भीतर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को विनम्रता से सुनते हुए निष्पक्ष जांच कर पीड़ित को न्याय दिलाया जाए। इस अवसर पर ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट अनुष्का शर्मा, क्षेत्राधिकारी नगर प्रशान्त राज सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## इलेक्ट्रीशियन एवं साड़ियों की कढ़ाई व छपाई ट्रेड में प्रशिक्षण हेतु अभ्यर्थी 24 मार्च तक करें आवेदन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** उपायुक्त उद्योग साहब सरन ने बताया है कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अन्य पिछड़ा वर्ग प्रशिक्षण योजनान्तर्गत औद्योगिक रोजगार सृजन के उद्देश्य से व्यवहारिक सामूहिक प्रशिक्षण योजना वर्ष 2025-26 में जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाना है।

पुरुष अभ्यर्थियों से इलेक्ट्रीशियन एवं महिला अभ्यर्थियों से साड़ियों की कढ़ाई व छपाई ट्रेड में प्रशिक्षण हेतु आवेदन-पत्र ऑनलाइन वेबसाइट www.diupmsme.upsdc.gov.in पर 24 मार्च तक ही ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जायेगे। आवेदक की आयु 18 से 45 वर्ष के मध्य हो तथा न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल हो। ऑनलाइन आवेदन पत्र के साथ फोटो, हस्ताक्षरी नमूना, आधार कार्ड, बैंक पास बुक की छायाप्रति, आयु व जाति प्रमाण पत्र अपलोड करना अनिवार्य होगा। इस प्रशिक्षण हेतु चयनित अभ्यर्थी को निर्धारित मानदेय भी प्रदान किया जायेगा। प्राप्त आवेदन पत्रों के सापेक्ष चयन हेतु 25 मार्च को पूर्वान्ह 11बजे कार्यालय-उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, प्रतापगढ़ में साक्षात्कार होगा, जिसमे समस्त अभ्यर्थी अपने मूल अभिलेखों के अनुसार सम्मिलित होगें। प्राप्त आवेदन पत्रों के सापेक्ष लक्ष्य 30 प्रतिशत महिला एवं 05 प्रतिशत दिव्यांगजन के अभ्यर्थियों का चयन किया जाना है।

### तुलसीसदन में नव निर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने पर दो दिवसीय मेले का आयोजन 24 व 25 मार्च को

**प्रतापगढ़।** मुख्य विकास अधिकारी ने बताया है कि प्रदेश सरकार के नव निर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जनपद मुख्यालय पर 24 एवं 25 मार्च को तुलसीसदन (हादीहाल) में दो दिवसीय मेले का आयोजन किया जायेगा। इस दो दिवसीय मेले में विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं से सम्बन्धित प्रदर्शनी लगायी जायेगी, विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को लाभान्वित भी किया जायेगा तथा प्रदेश सरकार के 9 साल की उपलब्धियों की जानकारी प्रदान की जायेगी। दो दिवसीय मेले में प्रभारी मंत्री व जनप्रतिनिधिगणों द्वारा प्रतिभाग भी किया जायेगा। दो दिवसीय मेले में जनसामान्य अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग कर केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी व लाभ प्राप्त कर सकते है।

### गांव गांव जाकर बूथ कमेटियों को करें मजबूत

**ललितपुर।** जखौरा क्षेत्र में संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से आयोजित संगठन सृजन कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि अनुशासन समिति अध्यक्ष अजय तिवारी, अतिथि मनरेगा प्रभारी जसपाल सिंह बंटी व उपाध्यक्ष मोहनसिंह चंदेल रहे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी ने की। ब्लॉक अध्यक्ष जखौरा दीपक रैकवार ने कहा कि संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का संकल्प लिया। इस दौरान सभी मंडल अध्यक्षों को पत्र सौंप कर जिम्मेदारियां दी गई। बूथ को मजबूत करने के लिए गांव गांव जाकर चौपाल लगाना और बूथ लिस्ट तैयार कर अपने अध्यक्षों को सौंपने की बात कही गई। वक्ताओं ने कहा कि संगठन की मजबूती ही किसी भी संस्था या राजनीतिक दल की सबसे बड़ी ताकत होती है। इसलिए नए सदस्यों को जोडने, कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देने तथा जनसमस्याओं को उठाने पर विशेष जोर दिया गया।

## मुठभेड़ में ईनामिया बदमाश गोली लगने से हुआ घायल, गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मुठभेड़ में पुलिस की गोली से इनामिया बदमाश घायल हो गया। बदमाश को गिरफ्तार कर उसे इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया गया।पूंछताछ में बीते दिवस शिक्षिका के साथ हुई चेन छिनैती की घटना में गिरफ्तार किये गये इनामिया बदमाश का नाम प्रकाश में आया है। लालगंज व लीलापुर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में रविवार की रात मुठभेड़ में गोली से घायल इनामिया बदमाश को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल हुई है। पुलिस की चेकिंग के दौरान प्राथमिक विद्यालय पूरनपुर खजूर के पास संदिग्ध बाइक सवार पुलिस टीम पर फायरिंग करते भागने लगा। आत्मरक्षार्थ की गयी जबाबी कार्रवाई में बदमाश दोनों पैर में गोली लगने से घायल हो गया। उसके पास से अवैध तमंचा व बाइक तथा छिनैती से सम्बन्धित 3830 रूपये की बरामदगी की गयी है। एएसपी पश्चिमी बृजनंदन राय ने बताया कि गिरफ्तार किये गए बदमाश सतीश पटेल पुत्र लालचंद्र पटेल निवासी महमदपुर चारपुरा थाना महेशगंज के खिलाफ विभिन्न सात आपराधिक मुकदमें दर्ज हैं। बीते 16 मार्च को जीजीआईसी शीतलमऊ एवं प्राथमिक विद्यालय पूरनपुर खजूर की शिक्षिकाओं से लूट की घटना में गिरफ्तार किये गये बदमाश का नाम प्रकाश में आया था। पूंछताछ में इसकी पुष्टि हुई है। उसके एक साथी को 21 मार्च को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया जा चुका है। गिरफ्तार किये गये घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। घटना के बाबत विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## बिरयानी के पैसे मांगने पर युवक से मारपीट

**जान से मारने की दी धमकी, 4 नामजद समेत अज्ञात पर मुकदमा दर्ज**

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र में बिरयानी का ठेला लगाने वाले एक युवक से मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार नामजद समेत कुछ अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। निकटवर्ती ग्राम रोडा निवासी भरत राज, जो वर्तमान में अटल विद्या मंदिर के पास रहकर रेलवे स्टेशन के समीप बिरयानी का ठेला लगाते हैं, ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 17 मार्च की रात करीब 9:40 बजे वह दुकान बंद कर रहे थे। इसी दौरान एक युवक बिरयानी लेने आया और पैसे मांगने पर गाली-गलौज करने लगा। आरोप है कि उक्त युवक उसे पास ही स्थित होटल के पास ले गया, जहां पहले से मौजूद अन्य साथियों ने मिलकर लात-घूंसों से उसकी पिटाई कर दी। इस घटना में पीड़ित को गंभीर चोटें आई हैं। आरोपियों ने जाते समय जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

